e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 76
गुरुवार
20.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिंदगी आसान नहीं होती, इसे आसान बनानी पडती है, कुछ अंदाज से, कुछ नजर अंदाज से!

ताजा खबरों के लिए देखें

**रोजा का समय**
इफ्तार (20.03.25) : शाम 6.01 बजे
सेहरी (21.03.25) : सुबह 4.30 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

### राजकीय बंशीधर महोत्सव-2025 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सीएम

# जल संकट से उबरेगा पलामू प्रमंडल : हेमंत

**गढ़वा जिले को सीएम ने दी लगभग 183 करोड़ रुपए लागत राशि की 27 योजनाओं की दी सौगात**

**राज्य सरकार ने श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव किया घोषित**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा) :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हर वर्ष यहां श्री बंशीधर महोत्सव मनाया जाता है परन्तु विगत कुछ वर्षों से इस महोत्सव को और अधिक भव्य बनाने एवं महोत्सव का पैमाना बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने संकल्प लिया है। अब श्री बंशीधर महोत्सव राजकीय महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। देश-दुनिया में यह महोत्सव अपना अलग स्थान बनाए, इस निमित्त हमारी सरकार ने इस महोत्सव को राजकीय महोत्सव के रूप में आयोजित करने की घोषणा की थी। उक्त बातें सीएम हेमन्त सोरेन ने गढ़वा जिला स्थित नगर ऊंटारी में आयोजित राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव-2025 को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में हम राज्यवासियों के उत्थान तथा उनके विकास के लिए क्या-क्या कार्य करेंगे, इसकी रूपरेखा तैयार हो रही है। इन कार्यों का बजटीय उपबंध विधान सभा सत्र के माध्यम से पारित कर राज्य सरकार अपना कार्य शुरू करेगी, इस निमित्त विधान सभा सत्र आहूत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को उनके पैरों पर खड़ा करने हेतु ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए इस राज्य की सभी महिलाओं को हमने सम्मान राशि देने का काम किया है। देश के 28 राज्यों में नारी शक्ति को सबसे अधिक सम्मान देने का काम झारखंड में किया जाता है, वह भी राज्य सरकार के द्वारा।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पलामू प्रमंडल पानी के लिए हमेशा तरसता रहा है। यह शैडो जोन में आता है। गर्मी यहां अधिक पड़ती है। किसान पानी की बूंद के लिए तरसते रहते है।लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं हो पाती है। इसके लिए आप लोग चिंता ना करें। पूर्व के अपने शासनकाल में हमने इस क्षेत्र के गांव, खेत और किसानों तक पानी पहुंचाने के एक संकल्प लिया था।उसके तहत हम लोगों ने कनहर परियोजना का शुभारंभ किया था। लगभग 1200 करोड़ रुपए की यह योजना आने वाले 6 से 8 महीने में पूर्ण होने जा रहा है, जो यहां के किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने का कार्य करेगा।

### हमारी मजदूरी का हिस्सा आपने अपने आशीर्वाद के रूप में दिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर से चलने वाली सरकार नहीं है। हमारी सरकार राज्य के गांव-गांव से चलने वाली सरकार है। यह जनता की सरकार है। जनता के दु:ख, तकलीफ उनके आंसुओं को पोछने का हम हमेशा से प्रयास करते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग पिछले दिनों आपके बीच आप सभी लोगों का आशीर्वाद पाने के लिए आए थे, तब मैंने कहा था हमने आप लोगों के लिए पूरे 5 साल मजदूरी की है, इसके लिए मुझे जेल भी जाना पड़ा है, इसलिए आप लोगों से हमें हमारी मजदूरी का हिस्सा मिलना चाहिए और आप सभी ने हमें हमारी मजदूरी का हिस्सा राज्य में एक मजबूत सरकार के गठन करने के रूप में दिया है।



**इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, आईजी पलामू सुनील भास्कर, डीआईजी वाईएस रमेश और जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

**सीएम ने 8 योजनाओं का शिलान्यास व 19 योजनाओं का किया उद्घाटन :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 45 करोड़ 88 लाख 57 हजार रुपए की लागत से 8 योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, 136 करोड़ 84 लाख 51 हजार रुपए की लागत की 19 योजनाओं का उद्घाटन किया। जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ। उनमें भंडरिया, रंका, धुरकी, चिनियाँ, रमकंडा और गढ़वा में मल्टीपरपस इनडोर स्टेडियम का निर्माण सहित स्वास्थ्य तथा पथ निर्माण विभाग के विभिन्न 19 योजनाएं शामिल हैं।

**प्रत्येक सेक्टर में प्रतिबद्धता के साथ हो रहा है कार्य**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पहले इस प्रमंडल में बिजली नहीं मिल पाती थी। वर्ष 2013-14 में जब हम पहली बार मुख्यमंत्री बने थे उसे समय पलामू प्रमंडल को बिजली से किसी ने जोड़ने का काम किया था तो वह मेरे मुख्यमंत्रित्व काल में ही किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आधारभूत संरचना की बात करें तो हर ओर सड़क का निर्माण हो रहा है, उससे लोगों का आवागमन हो रहा है। कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ रही है। विगत 5 वर्षों में यहां जो बदलाव देखने को मिला। वह राज्य अलग होने के 20 से 22 साल तक देखने को नहीं मिला था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक सेक्टर में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## जल संसाधन विभाग का 19.11 अरब की अनुदान मांग पारित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बजट सत्र में बुधवार को भोजनावकाश के बाद जल संसाधन विभाग का 19 अरब 11 करोड़ 71 लाख छह हजार रुपए की अनुदान मांग पारित हो गई। इस अनुदान मांग पर विपक्ष के विधायक अमित कुमार यादव ने कटौती का प्रस्तााव रखा था, लेकिन वे सदन में अनुपस्थित थे। इसके बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कटौती प्रस्तााव को अस्वीकृत कर दिया।विभाग पर हुए वाद-विवाद का जवाब देते हुए जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि इस बजट में सरकार विभाग की छोटी योजनाओं को प्राथमिकता देगी।

उन्होंने कहा कि राज्य में छोटी-छोटी योजनाओं से 40 से 50 एकड़ भूमि की सिंचाई होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में पेयजल और सिंचाई के क्षेत्र में काम नहीं हुआ है। यहां पानी और कृषि की स्थिति बेहद खराब है। इसलिए किसानों को व्यापारिक दृष्टिकोण को अपनाकर कृषि कार्य करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि सरकार ने फैसला किया है कि अब राज्य में पांच एकड़ की जगह अब ढ़ाई एकड़ वाली तालाब योजनाओं की मंजूरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम झारखंड लिफ्ट इरिगेशन कारपोरेशन लिमिटेड (झालको) को भी जिंदा करने का प्रयास करेंगे। साथ ही राज्य् में लिफ्ट ईरीगेशन को सोलर सिस्टम से जोड़ा जाएगा। मंत्री ने कहा कि ऐसी नदियां जहां बालू अधिक है वहां इंटक वेल बनाए जाएंगे, जबकि पत्थरीली जगह पर चेकडैम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से मदद नहीं मिल रही है। इसमें विपक्ष के लोग सरकार का सहयोग करें तो योजनाएं पूरी होंगी। मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान पलामू में पाइपलाइन के जरिए पेयजलापूर्ति योजना पर है। इसे लेकर सरकार का कंपनी से करार हो गया है। साथ ही स्वर्णरेखा, पुनासी सहित सभी पुरानी और छोटी-बड़ी योजनाओं पर काम चल रहा है।

### तालाबों को भर कर बनाया जा रहा मॉल रागिनी

भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया में जलस्रोतों को भर कर मॉल और भवन बनाए जा रहे हैं। इसे देखनेवाला कोई नहीं है। झारिया में जल संकट से लोग परेशान रहते हैं। उन्होंने सरकार से झरिया में पेयजल समस्या को दूर करने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार चेकडैम बनाकर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराए। विधायक ने कहा कि राज्य में कई सिंचाई परियोजनाएं दशकों से अधूरी पड़ी हैं, जिसमें कोयलकारो, बटाने और अजय बराज शामिल हैं। सरकार को इन परियोजनाओं को जल्द पूरा करना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### नवनिर्वाचित सरपंचों का एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**बलरामपुर :** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी करुण डहरिया की अध्यक्षता में आज बुधवार को कुसमी में नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सरपंचों को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के प्रमुख प्रावधानों से अवगत कराया गया। साथ ही सरपंचों को पंचायतों के काम-काज एवं सम्मिलन के प्रक्रिया व नियम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यशाला में पंचायत में किस प्रकार से कार्य करना चाहिए, वित्तीय आहरण इत्यादि के संबंध में भी बताया गया। इस अवसर पर सरपंचों ने अपने अनुभव साझा किए एवं पंचायत संचालन हेतु अपनी कार्ययोजना से भी उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराया। इस अवसर पर जनपद पंचायत कुसमी के सीईओ अभिषेक पाण्डेय सहित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में शोक सभा, अधिवक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नैनीताल :** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सभागार में बुधवार को अधिवक्ता विवेक शुक्ला, प्रेम कौशल और मंजू बहुगुणा के पिताजी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और शोक संतृप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।शोक सभा में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता, महासचिव वीरेंद्र सिंह रावत, डॉ. एमएस पाल, अवतार सिंह रावत, भुवनेश जोशी, डीसीएस रावत, एनके पपनोई, बीएम पिंगल, अक्षय लटवाल, राम सिंह सम्भल, प्रेम सिंह सौन, राजीव पाठक, केके तिवारी, अंकुरित राज डेविड, तरूण पांडे, आईपी कोहली, सौरव अधिकारी, नलिन सौन, बीएस राठौर, प्रेम प्रकाश भट्ट, ममता आर्य, सुखवानी सिंह, मधु नेगी सामन्त, तरुण प्रकाश टाकुली सहित कई अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### पुलिस महानिरीक्षक ने सीमा चौकियों पर परिचालन तैयारियों की समीक्षा की

**जम्मू :** पुलिस महानिरीक्षक जम्मू भीम सेन टूटी आईपीएस ने कठुआ और सांबा जिलों के हीरानगर सेक्टर में विभिन्न सीमा चौकियों का व्यापक दौरा किया जिसमें अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों की परिचालन तैयारियों का आकलन किया गया।इस दौरे में हीरानगर में बीपीपी सान्याल, चक्र, मावा, बब्बर नाला, शेरपुर और हरिया चक सहित प्रमुख स्थान शामिल थे। आईजीपी जम्मू ने इन महत्वपूर्ण चौकियों पर तैनात अधिकारियों और कर्मियों के साथ बातचीत की और सीमा पर किसी भी संभावित खतरे का मुकाबला करने के लिए सुरक्षा उपायों और तैनाती रणनीतियों की समीक्षा की। इस दौरे का उद्देश्य एक मजबूत सुरक्षा ग्रिड सुनिश्चित करना और कर्मियों के सामने आने वाली किसी भी रसद या परिचालन चुनौतियों का समाधान करना था। समीक्षा के दौरान एसएसपी सांबा वीरेंद्र सिंह मन्हास, एसपी ऑपरेशन कठुआ नासिर खान और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।समीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरों सहित निगरानी प्रणालियों की प्रभावशीलता की भी समीक्षा की गई।

### मुख्यमंत्री का ऐलान : छह माह में पूरी होगी प्रदेश की सभी सड़कों की मरम्मत

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऐलान किया कि आगामी छह माह के भीतर प्रदेश की सभी सड़कों की मरम्मत की जाएगी। प्रदेश में एक भी ऐसी सड़क नहीं बचेगी, जो टूटी हुई होगी। बरोदा से कांग्रेस विधायक इंदूराज नरवाल ने बुधवार को विधानसभा में उनके हलके के गांवों में मार्केटिंग बोर्ड की सड़कों का मुद्दा उठाया। नरवाल ने कहा कि उनके यहां दर्जनों की संख्या में ऐसी सड़के हैं, जो पूरी तरह से खत्म हो चुकी हैं। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बरोदा हलके की सड़कों की मरम्मत के लिए दी गई मंजूरियों का जिक्र किया।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

## केंद्रीय कैबिनेट ने दी 6 लेन ग्रीनफील्ड हाई स्पीड हाइवे के निर्माण को मंजूरी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की आर्थिक मामलों की समिति ने बुधवार को महाराष्ट्र में 6-लेन एक्सेस-नियंत्रित ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड नेशनल हाइवे के निर्माण को मंजूरी दी। यह राजमार्ग जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण से चौक तक (29.219 किमी) बनाया जाएगा। इस परियोजना को बिल्ड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा, जिसकी कुल पूंजी लागत 4500.62 करोड़ रुपये होगी।भारत में प्रमुख और छोटे बंदरगाहों को बुनियादी ढांचे से जोड़ने वाली सड़क का विकास पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान सिद्धांतों के तहत एकीकृत बुनियादी ढांचा नियोजन के मुख्य फोकस क्षेत्रों में से एक है। जेएनपीए में कंटेनर की संख्या में वृद्धि और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास के साथ इस क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग कनेक्टिविटी को बढ़ाने की आवश्यकता की पहचान की गई।वर्तमान में पलासपे फाटा, डी-पॉइंट, कलंबोली जंक्शन, पनवेल जैसे शहरी क्षेत्रों में भारी भीड़भाड़ के कारण जेएनपीए से एनएच-48 और मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे के आर्टीरीअल स्वर्णिम चतुर्भुज (जीक्यू) खंड तक वाहनों को जाने में 2-3 घंटे लगते हैं, जहां यातायात 1.8 लाख पीसीयू/दिन है। 2025 में नवी मुंबई हवाई अड्डे के चालू होने के बाद सीधी कनेक्टिविटी की आवश्यकता और भी बढ़ने की उम्मीद है। तदनुसार यह परियोजना इन कनेक्टिविटी आवश्यकताओं को पूरा करने तथा जेएनपीए बंदरगाह और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ने की लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार लाने के लिए तैयार की गई है। इस आशा की जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी।

## नागपुर हिंसा का मास्टरमाइंड फहीम खान गिरफ्तार



एजेंसी

**नई दिल्ली :** नागपुर में हाल ही में हुए हिंसा के मामले में आरोपी फहीम खान को गणेश पेठ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. फहीम को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, फहीम पर दंगे भड़काने और लोगों को उकसाने का आरोप है.

इस घटना ने शहर में तनाव की स्थिति पैदा कर दी थी, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लिया है. पुलिस ने दावा किया है कि इस घटना में शामिल 200 लोगों की पहचान कर ली गई है. अब तक इस मामले में 6 एफआईआर दर्ज किए गए हैं. जानकारी के मुताबिक, फहीम खान ने शुरुआत में पुलिस स्टेशन पहुंचकर बजरंग दल के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी.फहीम पर लोगों को भड़काने का भी आरोप है, जिसके परिणामस्वरूप हिंसा भड़क उठी थी. पुलिस का दावा है कि फहीम ने भीड़ को उकसाने के लिए भड़काऊ बयान दिए थे, जिसके बाद स्थिति बेकाबू हो गई थी. इस घटना में कई लोग घायल हुए थे और सार्वजनिक संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा था. फहीम खान माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़ा हुआ है.

जानकारी के मुताबिक नागपुर हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों ने नाबालिगों का भी इस्तेमाल किया था. इस वजह से नागपुर पुलिस ने 5 नाबालिगों को हिरासत में लिया है और उनके खिलाफ जेजे एक्ट के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि नाबालिगों से हिंसा करवाने की प्लानिंग किसने की और किस तरह से नाबालिगों को हिसंक भीड़ का हिस्सा बनाया गया. जांच के दौरान ऐसे कई महत्वपूर्ण जानकारी नागपुर पुलिस को मिल रही है.

## भारत गौरव यात्रा पर्यटक ट्रेन कराएगी 7 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा

एजेंसी

**प्रयागराज :** इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन लिमिटेड भारत गौरव यात्रा पर्यटक ट्रेन 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा का संचालन 11 से 22 अप्रैल तक करने जा रहा है। जो 11 रात्रि एवं 12 दिन का पैकेज है। इसके अन्तर्गत उज्जैन स्थित महाकालेश्वर एवं ओमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात स्थित सोमनाथ एवं नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, द्वारकाधीश मंदिर, भेट द्वारका एवं सिग्नेचर ब्रिज, नासिक स्थित त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी एवं कालाराम मंदिर, पुणे स्थित भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, औरंगाबाद स्थित घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं स्थानीय मंदिर के दर्शन हेतु यात्रा करायी जाएगी। इस ट्रेन में बैठने की सुविधा योगनगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, कानपुर, उरई, झांसी, ललितपुर से उपलब्ध है। यह जानकारी वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने दी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के कंम्फर्ट श्रेणी के पैकेज में डीलक्स होटलों के एसी कमरे में रात्रि का विश्राम-वाश एंड चेंज, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। इस



पैकेज में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य 52200 रुपये प्रति व्यक्ति है। इस यात्रा के स्टैंडर्ड श्रेणी के पैकेज में बजट होटलों के एसी कमरे में रात्रि का विश्राम, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, नान एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। वाश एंड चेंज की व्यवस्था नान एसी बजट होटलों में होगी। इस पैकेज में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य 39550 रुपये प्रति व्यक्ति है।इसी प्रकार यात्रा के स्लीपर श्रेणी पैकेज में नान एसी बजट होटलों में शेयरिंग में रात्रि का विश्राम-वाश एंड चेंज, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, नान एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। इस पैकेज में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य 23200 रुपये प्रति व्यक्ति है। इस यात्रा हेतु लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न बैंकों द्वारा मात्र 816 रुपये प्रति माह ईएमआई भुगतान की सुविधा की व्यवस्था भी की गयी है।

## संघर्ष, समर्पण व साहस की मिसाल है सुनीता विलियम्स की सफलता : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनकी टीम की सफल वापसी पर हर्ष व्यक्त किया. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा वेलकम बैक क्रु-9! धरती ने आपको मिस किया. पीएम मोदी ने इसे हिम्मत, साहस और अटूट मानव जज्बे की परीक्षा करार दिया.उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम्स और क्रू-9 के अंतरिक्ष यात्रियों ने फिर से ये साबित किया है कि संकल्प और धैर्य की असली परिभाषा क्या होती है. प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष अनुसंधान को सिर्फ एक वैज्ञानिक



उपलब्धि न मानते हुए इसे मानव क्षमता की सीमाओं को पार करने, बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस रखने की प्रेरणा बताया.

उन्होंने सुनीता विलियम्स को एक आदर्श और प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे करियर में इस भावना को साकार किया है. पीएम मोदी ने उन वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की भी सराहना की जिन्होंने इस मिशन को सफल बनाने के लिए अथक परिश्रम किया. उन्होंने कहा हम उन सभी पर गर्व महसूस करते हैं जिन्होंने क्रू-9 की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात मेहनत की. प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि यह मिशन दिखाता है कि जब तकनीकी दक्षता, जुनून और संकल्प एक साथ आते हैं तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है. सुनीता विलियम्स की सफलता पर भारत गर्व महसूस कर रहा है. पीएम मोदी के अनुसार उनकी ये यात्रा सिर्फ विज्ञान तक सीमित नहीं है बल्कि ये संघर्ष, समर्पण और साहस की एक अद्भुत मिसाल है जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी.

### सुनीता की सुरक्षित वापसी एक उल्लेखनीय उपलब्धि : इसरो

सुनीता विलियम्स और उनके साथी 17 घंटे का सफर तय करके धरती पर पहुंचे. अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी को लेकर इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन (इसरो) के अध्यक्ष ने प्रतिक्रिया दी है. इसरो ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया और सभी को बधाई भी दी.इसरो ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, आईएसएस पर एक बड़े मिशन के बाद आपकी सुरक्षित वापसी एक उल्लेखनीय उपलब्धि है. ये नासा, स्पेस एक्स और यूएसए की अंतरिक्ष खोज के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है! आपकी दृढ़ता और समर्पण दुनिया भर के अंतरिक्ष उत्साही लोगों को प्रेरित करती रहेगी. इसरो अध्यक्ष ने आगे लिखा,डीओएस सचिव और इसरो के अध्यक्ष के रूप में, मैं अपने सहयोगियों की ओर से आपको हार्दिक बधाई देता हूं.

### किसानों और केन्द्र के बीच हुई बातचीत में नहीं हुआ कोई फैसला

**चंडीगढ़ (एजेंसी):** किसानों के फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित कई मांगों को लेकर केंद्र सरकार और किसानों के बीच आज सातवें दौर की वार्ता हुई. किसान और केन्द्र की ये बैठक चंडीगढ़ सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी लोक प्रशासन संस्थान में हुई. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान इस बैठक में मौजूद थे. बैठक में पंजाब सरकार के वित्त मंत्री सहित अन्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए. हालांकि बैठक में किसानों की समस्याओं का कोई निदान नहीं निकला.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

**प्रभात मंत्र**
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# जनता दरबार: डीसी ने विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों की सुनी फरियाद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया. इसमें जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी. उपायुक्त ने सभी की शिकायतें सुनी एवं जल्द निबटारा का आश्वासन दिया. जनता दरबार में पाटन के ग्राम चेतमा से आये आवेदनकर्ता ने ग्राम चेतमा में तालाब निर्माण कराने का अनुरोध किया, उन्होंने उपायुक्त से कहा कि तालाब निर्माण हो जाने से सिंचाई में काफी सहूलियत होगी जिससे कई ग्रामीणों को फायदा होगा। इसी तरह चैनपुर के ग्राम मड़गांवां से आये फरियादी जोगन मांझी ने डीसी से मलेरिया कार्यालय पलामू में छिड़काव कर्मी के पद पर पुनः बहाल करने को लेकर अनुरोध किया। वहीं नौडीहा बाजार के सिलदाखुर्द से आये फरियादी ने पैक्स अध्यक्ष द्वारा ससमय धान क्रय नहीं किये जाने के संबंध में आवेदन दिया। सदर प्रखंड के रजवाडीह ग्राम से आयी महिला शिकायतकर्ता ने कहा कि अबुआ आवास के तहत मैं अपना घर का निर्माण करा रही हूँ, उन्होंने बताया कि जिस चापाकल से पानी का इस्तेमाल कर घर बनवा रही थी उस चापाकल में मेरे देवर द्वारा बोर कर पंप से पानी निकाला जा रहा है जिससे मुझे पानी लेने में समस्या उत्पन्न हो रही है. उन्होंने डीसी से इस संबंध में उचित कार्रवाई का अनुरोध किया. इसी तरह चैनपुर के सलतुआ से आयी एक महिला फरियादी ने अंचल कार्यालय द्वारा म्यूटेशन नहीं किये जाने के संबंध में आवेदन दिया. जनता दरबार में आये आवेदनों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक बंटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, राशन संबंधित मामले, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले थे. उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

## अंचलाधिकारी के नेतृत्व में सड़क से हटाया गया अतिक्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** सीओ सह बीडीओ कृष्णमुरारी तिर्की के नेतृत्व में एन एच 39 मेदिनीनगर रांची मुख्य मार्ग पर अवैध अतिक्रमण को हटाया गया।शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय से लेकर पुराना बस स्टैंड तक यह अभियान चलाया गया।इसी क्रम में सड़क पर लगे आठ मोटरसाइकिलों को जप्त कर थाना को सुपुर्द कर दिया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण के कारण एन एच 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्यमार्ग पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है जिस कारण राहगीरों और वाहनों को आने जाने में परेशानी होती है। पूर्व में भी अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया था।फिर से लोगों द्वारा खूंटा खंभा गाड़कर सड़क का अतिक्रमण कर दिया गया था जिसे आज हटाया गया है। साथ ही सड़क पर बेढंग से मोटरसाइकिल खड़ी करने वाले लोगों को भी ऐसा करने से मना किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर फिर से सड़क का अतिक्रमण किया गया तो संबंधित लोगों को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में सीआई अनीश कुमार, कर्मचारी विकास कुमार मिंज, श्रीकांत दस, ए एस आई बसंत दुबे, संतोष कुमार साहू सहित एक दर्जन पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## सोन नदी में डूबने से लोहरगाडा के युवक की मौत



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत लोहरगाडा गांव निवासी दिव्यांग शंभू चंद्रवंशी के इकलौते पुत्र 28 वर्षीय सरवन चंद्रवंशी की मौत मछली मारने के दौरान बुधवार को सोन नदी में डूबने से हो गई। यह घटना कोसडिहरा स्थित सोन नदी में घटी, जहां युवक हर दिन की भांति मछली पकड़ने गया था। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना प्रशासन को दी, जिसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक सोन नदी के गहराई में चला गया और तेज बहाव में फंस गया। काफी देर तक खोजबीन के बाद उसका शव बरामद किया गया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है साथ ही गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच मामले की जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा भेज दिया है। इस मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सीताराम शर्मा ने मृतक परिजनों को हर संभव मदद करने की बात कही है।

## ज्ञान महायज्ञ का आमंत्रण पत्र थाना प्रभारी को दिया



**नावा बजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के गूरी ग्राम में चल रहा सात दिवसीय ज्ञान महायज्ञ को लेकर यज्ञ अध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा ने नावा बजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार से मुलाकात कर यज्ञ में आने का निमंत्रण पत्र दिया। वहीं थाना प्रभारी ने निमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए बोला, यज्ञ, पूजा, पाठ समय-समय पर होना ही चाहिए पूजा पाठ होने से दूर-दूर तक वातावरण शुद्ध होती है। एवं लोगों में एक नई ऊर्जा, अच्छे कार्यों के प्रति आत्म बल मिलती है, यज्ञ जैसा कार्यक्रम होने से क्षेत्रीय ग्रामीण लोगो को पूजा पाठ जैसे अवसर पर आपस में जुड़कर सामाजिक कार्य करने से रहन-सहन मैं तेजी से बदलाव के साथ-साथ आपसी सौहार्द की भावना बढ़ती है।

**विद्यालय विकास मद की राशि का बंदरबांट**

## प्रधानाध्यापक व संवेदक के साठगांठ से विकास मद की राशि का हुआ बंदरबाट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के सलतुआ में राजकीय नवसृजित प्राथमिक विद्यालय थमहवां में राज्य सरकार द्वारा विकास मद की राशि 25 हज़ार आवंटित हुई थीं। जहां प्रधानाध्यापक द्वारा विकास मद की राशि से विद्यालय का पेंट पोचारा, मरम्मती व विद्यालय का जरूरत की सामग्री का खरीद करना था। लेकिन प्रधानाध्यापक द्वारा कुर्सी टेबल व साउंड का खरीद किया गया हैं जबकि वाउचर बिल के अनुसार गमला,गुलाब का पौधा, झंडा व झंडा का पाइप,विद्यालय का रंग रौगण पेंट जैसे सामग्री का खरीद करना था। लेकिन प्रधानाध्यापक द्वारा विकास मद की राशि 25 हज़ार का निकासी कर लिया गया हैं। जबकि विद्यालय में ऐसे सामग्री देखने को नहीं मिल रहा हैं। जब इस संदर्भ में प्रधानाध्यापक शहादत अंसारी से बात किया तो उन्होंने कहा कि विद्यालय का पेंट पोचारा इसलिए नहीं कराई गई हैं कि बीते वर्ष पूर्व में पेंट पोचारा का काम किया गया था और गुलाब का पौधा व गमला का खरीदारी इसलिए नहीं की गई हैं कि विद्यालय में चारदीवारी का निर्माण नहीं हुई है जिसके कारण खुले में रहने से मवेशी पौधे को बर्बाद कर देते हैं साथ ही कहा कि विकास मद की राशि 25 का आवंटित हुई थीं जिससे साउंड व कुर्सी टेबल जैसे सामग्री का खरीदारी किया गया हैं। जहां एक तरफ सरकार विद्यालय के प्रति गंभीर हैं किसी प्रकार की सरकारी पैसों का दुरुपयोग नहीं हो जिसके लिए सरकार नियम लागू किया हैं कि सामग्री का बिल लगाए तभी सरकारी पैसे का निकासी किया जा सकेगा लेकिन आरआरजी व राजा इंटरप्राइजेज के संवेदक और प्रधानाध्यापक की मिलीभगत से सामग्री का फर्जी बिल लगाकर सरकारी पैसों का बंदरबाट कर ली गई हैं।

# कांग्रेस नेताओं ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मुस्लिम नगर के भट्टी मुहल्ला में कांग्रेस के युवा नेता हैदर अली खान, मोहम्मद फैयाज, शाहनवाज खान, मिट्टू खान, राहुल कुमार और उनके टीम के द्वारा इफ्तार पार्टी का मंगलवार को आयोजन किया गया।जिसमे शहर के गण्यमान्य लोगों के साथ-साथ लगभग 500 लोगो ने शिरकत किया। इफ्तार पार्टी में मुस्लिम धर्मालंबियों के अलावा विभिन्न धर्म के लोगो ने हिस्सा लिया और आपसी भाईचारे को मजबूती प्रदान किया। इफ्तार पार्टी मुख्य रूप से पांकी विधायक प्रत्याशी सह समाजसेवी मुमताज़ अहमद खान, बीजेपी नेता गुड्डु खान, झामुमो के नेता कमल खान सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत किया।

## पूर्व विधायक दशरथ सिंह के आवास परिसर में सत्संग का आयोजन



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री अद्वैत स्वरूप संन्यास आश्रम परमपुरी धाम (सासाराम) बिहार के अध्यक्ष अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी निर्भयानंद पुरी जी (पूज्य माताजी) का सुभागमन पूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह जी के जपला स्थित परमालय आवास पर हुआ।महामंडलेश्वर पूज्य माताजी की अगवानी बैंड बाजे के साथ भक्तों ने जय घोष के साथ किया।संध्या में 6:00 बजे से भजन कीर्तन सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ो लोगों ने भाग लिया । महामंडलेश्वर पूज्य माताजी ने अपने प्रवचन के माध्यम से लोगों का मार्गदर्शन करते हुए बोली कि आज का समाज शिक्षित है, संसाधन से युक्त है, भगवान की कृपा से हर कुछ है पर जिसके प्राप्ति से प्राप्त चीजों का सुख भोगा जाए वो ज्ञान भक्ति नहीं है। जीवन में यदि भक्ति ज्ञान न हो तो सब प्राप्ति के बाद भी जीवन बेकार है।मानव तन देवदुर्लभ है और इसको प्राप्त कर आज अपना आहार गलत कर लिए मांस मुर्गा शराब के सेवन से मन बुद्धि अपवित्र हो गई और इसका प्रभाव ऐसा हुआ है कि व्यवहार ही गलत हो गया।आज व्यवहार की अशुद्धता से घर समाज में कलह क्लेश का माहौल बना हुआ है। मन के शुद्धि के लिए आहार शुद्ध करना होगा।हमारा सनातन धर्म इतना महान है कि हर जीवों पर दया करना सबमें समरसता का संदेश देता है।इस सनातन धर्म की महिमा को सभी को समझना चाहिए और इसकी शरणागति ग्रहण करना चाहिए चाहे वो किसी मत पंथ का हो।

## बिना कार्य किये कूप के पैसा निकासी की खबर छपने के बाद जांच करने पहुंच मनरेगा लोकपाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड के हूटूकदाग पंचायत अंतर्गत गोरेवाटाड में वित्तीय वर्ष 2020-21- 2022- 23 में मनरेगा लाभुक रामसुंदर उरांव के खेत में बिना कूप निर्माण कराएं सारी पैसा को बिचौलिया के द्वारा डकार ली गई। इस मामला को प्रमुखता से गत दिन पहले प्रकाशित की गई थी। खबर छपने के बाद मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार ने मामला की जाँच करने हुटुकदाग पंचायत पहुचें। जाँच के क्रम में सत्यता पायी गई। पंचायत में अधूरा पड़ा आगनबाड़ी भवन को भी जाँच किया गया। आज भी भवन का कार्य अधूरा है उस भवन में खंडहर बना हुआ। उस भवन पुआल, अरहर की बोझा रखा हुआ था इसे देखने के बाद मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार ने भड़क उठे। उन्होंने कहा गलत करने वाले के सबंधित कार्य एजेन्सी व भेंडर के खिलाफ राशि की गबन की मामला द्यदर्ज करनें की बात कहा। पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक के अलावा भेंडर को कड़ी फटकार लगाते हुए आधा अधूरा पड़ा कुआँ एवं आंगनबाडी भवन का कार्य को यथाशीघ्र पुरा करने को कहा। जबकी पंचायत मे आदिवासी बहुल क्षेत्र है इस लिए भोले भाले ग्रामीणों को बिचौलिया द्वारा पैसा को लुटा जा रहा है।

# अस्पताल में मरीज को लाने वाले सहिया का होगा रजिस्टर मेंटेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पूर्ण रूप से दलाली का धंधा रोकने के लिए अस्पताल पुलिस चौकी के एएसआई नीरज कुमार सिंह, शशि रंजन पांडेय,सुशीला टीयू के निर्देश पर पुलिस जवान महेंद्र कुमार और विकास कुमार ने एक बेहतर उपाय निकाला है। मालूम हो कि कुछ स्वास्थ्य सहिया है जो प्रतिदिन अस्पताल आते है।ये सहिया अपने गांव के मरीज को ना लाकर दूसरे गांव के मरीज को लेकर अस्पताल में इलाज करवाने आते हैं।उस मरीजो को वह बहला फुसलाकर बाहर के दवा दुकानों से दवा दिलवाने, अल्ट्रासाउंड करवाने और जांच करवाने का काम करते हैं। जबकि अस्पताल में सभी सुविधा उपलब्ध है। फिर भी ये सहिया मरीज को ठगने का काम कर रहे हैं। दलाली के धंधा को रोकने के लिए एएसआई नीरज कुमार सिंह ने ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवानों को निर्देश दिया है कि यदि कोई भी सहिया अपने गांव को छोड़कर दूसरे गांव के मरीज को इलाज के लिए लेकर अस्पताल आती है तो उसका नाम, पता और मोबाइल नंबर रजिस्टर पर मेंटेन करें। वही अस्पताल के महिला वार्ड से यदि कोई गर्भवती महिला दूसरे अस्पताल में रेफर होती है तो उसका भी नाम पता और हॉस्पिटल का नाम जरूर लिखें। ताकी उस मरीज को कुछ हो तो इसकी जानकारी पुलिस को मिल सके। इसे लेकर अस्पताल में प्रतिदिन आने वाली सहियाओ में हड़कंप मचा हुआ है। वही अस्पताल में अपने इलाज के लिए पहुंचे कुछ मरीजों ने बताया कि अस्पताल में पुलिस चौकी खुलने से गरीब मरीजों को काफी हद तक राहत मिली है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक आयोजित की।इस दौरान सभी दलों के प्रतिनिधियों को प्रपत्र 6,7 व 8 के संबंध में पूरी जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान कहा गया कि अगर किसी दल को मतदाता सूची से जुड़ी कोई परेशानी हो, वोटर कार्ड से जुड़ी कोई समस्या हो या चुनाव प्रणाली से रिलेटेड कोई बात हो तो आप सभी इस बैठक में उस विषय को रेखांकित कर सकते हैं अथवा अगली बैठक में उस विषय पर चर्चा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत कैसे किया जाए इस विषय पर आपके सुझाव आमंत्रित हैं।

# भगवा रंग में रंगा श्री बंशीधर नगर, श्रीकृष्ण की पालकी शोभायात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर श्री बंशीधर नगर में बुधवार को श्रीकृष्ण की भव्य पालकी शोभायात्रा निकाला गया। जिसने पूरे नगर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। आलकी के पालकी जय कन्हैयालाल की जैसे जयकारों से नगर गूंज उठा और भक्तों का उत्साह देखने लायक था। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। भगवा वस्त्र धारण किए महिला-पुरुष श्रद्धालु इस अलौकिक दृश्य को अपने मोबाइल और कैमरे में कैद करते नजर आए। पालकी पर विराजमान बाल कृष्ण के दिव्य स्वरूप को देखकर लोग भावविभोर हो उठे। शोभायात्रा का शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना और शंखनाद के साथ हुआ। गायत्री परिवार द्वारा सभी श्रद्धालुओं का चंदन तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान राधा-कृष्ण, सिंहवाहिनी मां दुर्गा, भगवान शंकर सहित विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं। बैंड-बाजे, डीजे और भांगड़ा की धुन पर श्रद्धालुओं ने झूमते हुए भगवान का गुणगान किया। शोभायात्रा भवनाथपुर मोड़, हेन्हो मोड़, बस स्टैंड, चेचरिया होते हुए विश्व प्रसिद्ध श्री राधा-कृष्ण बंशीधर मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान का दर्शन-पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। पालकी को कंधा लगाने के लिए भक्तों में होड़ मच गई, जिससे पूरा माहौल भक्तिरस में डूब गया। शोभायात्रा के दौरान भक्तों ने फूलों की होली खेली और भजन-कीर्तन गाते हुए नगर को भक्तिमय बना दिया। राधे-राधे जपा करो, कृष्ण नाम रस पिया करो जैसे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। पालकी शोभायात्रा के साथ ही गोसाईबाग मैदान में दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का भी शुभारंभ हुआ। पूरा नगर भक्ति भाव में डूबा रहा और लोगों में इस आयोजन को लेकर गहरी श्रद्धा देखने को मिली। इस भव्य आयोजन में क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, झामुमो युवा नेता ताहिर अंसारी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी, चेंबर अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर, सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, प्रतिष्ठित व्यवसाय वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, मनदीप कमलापुरी, अशोक कमलापुरी शैलेंद्र कुमार, रंजीत कुमार छोटू, रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**24 को झारखंड विस का घेराव करेगी भाकपा : रूचिर तिवारी**

# अपने हक एवं अधिकार के लड़ाई के लिए आम जनता से किया अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आगामी 24 मार्च 2025 को रांची विधानसभा घेराव को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने प्रेस रिलीज जारी किया। उन्होंने कहा कि झारखंड विश्व का चुनाव संपन्न होने के बाद भी राज्य सरकार ने किया हुआ अपना वादा पूरा नहीं किया वही डाल्टनगंज के भाजपा के विधायक और सांसद निकम्मा बनकर बैठे हुए है पलामू जिला के मंत्री भी सिर्फ अफसर तक ही सीमित रह गए हैं आम जनता को रोजगार देने, खेती की व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं शहरी पेयजल योजना का कमी का निजात दिलाने, खास महल भूमि का फ्री होल्ड करने घर बनाने के लिए बालू को सुलभ एवं फ्री करने, कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना करने सहित जनहित में एक भी काम नहीं किया जा रहा है बल्कि पलामू सहित झारखंड खनिज संपदाओं से भरे पूरे होने के बावजूद भी चारागाह का अड्डा बना हुआ है छात्र नौजवानों को रोजगार एवं रोजगारी भत्ता के नाम पर भी यह सरकार कुछ नहीं कर रही है ऐसी स्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद पूरे पलामू प्रमंडल सहित झारखंड के कोने-कोने से हजारों नौजवान 24 मार्च को रांची विधानसभा का घेराव करेंगी। आप तमाम किसान मजदूर छात्र नौजवान साथियों मैंया समान योजना के लाभान्वित राशि से वंचित महिलाएं हजारों की संख्या में 24 तारीख को अपने हक एवं अधिकार की रक्षा के लिए रांची चले एवं विधानसभा गेट में ताला लगाने का काम करें। प्रेस रिलीज में वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, कृष्ण मुरारी दुबे, समसुद्दीन अंसारी, अभय कुमार भूइंया, प्रेमचंद तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, आलोक कुमार तिवारी, योगेंद्र सिंह, रामजीत राम प्रभु कुमार शर्मा, श्रद्धानंद तिवारी अजेश कुमार चौहान, सहित अन्य लोग थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### सरहुल पर्व 31 मार्च को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा

**रांची।** प्रकृति पूजा का पर्व सरहुल 31 मार्च 2025 को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व आदिवासी समाज में नए साल के रूप में मनाया जाता है, जो प्रकृति और मानव के बीच अटूट संबंध को दर्शाता है। सरहुल का अर्थ है 'साल के फूल का पर्व'। इस दिन साल वृक्ष में नए फूल खिलते हैं, जिसे धरती मां के जागने का प्रतीक माना जाता है। आदिवासी समाज इस दिन जल, जंगल और जमीन की पूजा कर प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। साथ ही अच्छी फसल और सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। सरना धर्मावलंबी तीस मार्च के दिन उपवास रखेंगे।नदी और तालाब में मछली और केकड़ा पकड़ने की परंपरा निभाई जाएगी। 31 मार्च सुबह घड़े में रखे जल को देखकर इस साल की बारिश की भविष्यवाणी की जाएगी। 1 अप्रैल को भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। 2 अप्रैल सभी घरों में फूलखोसी की रस्म निभाई जाएगी।

### विधायक अमित महतो ने विधानसभा में सरकार को घेरा

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को विधायक अमित महतो ने सिल्ली में बन रहे पुल की अनियमितताओं का मामला सदन में उठाया। उन्होंने बताया कि ठेकेदार मेसर्स एएन पांडेय को तीन पुलों के निर्माण की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन इनमें से दो पुल ध्वस्त हो गए। इस पर विधायक मनोज यादव ने कटाक्ष करते हुए पूछा कि तीसरा पुल कब धंसेगा? अमित महतो ने कहा कि 2021 में जांच कमेटी बनायी गयी, लेकिन आज तक जांच प्रतिवेदन नहीं दिया गया है।

# महिष मांस के नाम पर बिरसा जैविक उद्यान कैसे टेंडर जारी करती है

**परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** झारखंड का प्रसिद्ध उद्यानों में से एक रांची जिला के ओरमांझी थाना क्षेत्र का चकला स्थित (चिड़िया घर) बिरसा जैविक उद्यान इन दिनों चर्चा में है। खास कर अपने टेंडर को लेकर। विभाग ने एक टेंडर जारी किया था और दस मार्च 2025 अंतिम समय था, एक अप्रैल से मांस, खाद्य सामग्री की सप्लाई इत्यादि शुरू होनी है, लेकिन दस मार्च का टेंडर किसी कारणवश स्थागित कर दिया गया है नई तिथि अभी तय नहीं है। दरअसल बिरसा जैविक उद्यान( चिडिया घर)ने अपने टेंडर में महिष मांस (भैंसा) का टेंडर निकाला था और हर साल निकालती है। जबकि झारखंड में गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2005 पूरी तरह से लागू है। इस कारण से राज्य सरकार के गोजातीय पशुओं पर पूर्ण रुप से प्रतिबंध है, कोई चोरी छिपे इसे करें नहीं इसलिए सरकार के निर्देशानुसार स्थानीय नगर निगम द्वारा काडा/भैंसा आदि के लिए भी फिट फॉर स्लॉटर सर्टिफ़िकेट झारखंड में नहीं दिया गया है, सभी धशालाओं को पूर्णरुप से बंद करवा दिया गया है, जिस कारण से वधशालाओं का टेंडर हमेशा के लिए खत्म हो गया, लाइसेंस भी निर्गत नहीं होता है, न ही नवीकरण का प्रवधान है। इस नियम से झारखंड के करीब पांच लाख से अधिक लोग प्रत्येक्ष अप्रत्यक्ष रूप से अपने इस व्यवसाय से जुड़े थे उसका रोजगार एक झटके में खत्म हो गया। तो ऐसे में झारखंड सरकार द्वारा ही संचालित ओरमांझी के चकला स्थित ( चिड़िया घर) बिरसा जैविक उद्यान अलग से महिष मांस (भैंसा) के लिए टेंडर जारी कर चर्चा का विषय बन गया है और इसकी जांच के श्रेणी में आ गया है।

**क्या है टेंडर में:** झारखंड चिड़िया घर प्रधिकरण, बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी रांची। वन्य प्राणियों के खाद्य सामग्री महिषमांस की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र। निविदा संख्या (आ. सा.)1/25, संविदा अवधि 1/4/2025 से 31/3/2026 है। सामग्री नाम महिष मांस हड्डी रहित 118750 किग्रा और सोमवार को महिष मांस हड्डी सहित 30.000 किग्रा। जब झारखंड में वधशाला है नहीं फिट फॉर स्लॉटर सर्टिफ़िकेट% किसी को मिला नहीं तो फिर टेंडर किसके इशारे पर जारी हो रहा है।

**कई वन्य प्राणियों की हो चुकी है मौत:** इस जैविक उद्यान में वन्य प्राणियों की देखरेख चिकित्सक ओमप्रकाश हैं, जो यह देखते हैं कि कौन से जानवर को किस समय कितना भोजन, मांस खिलाना है। वन्य पक्षियों की भी इसी तरह से देखभाल होती है। लेकिन इसी बीच कभी कभी यह भी खबर आती है कि एक या दो जानवर या पक्षी मर गई, जैसे मार्च 2025 में एमू, और मगरमच्छ की मौत की खबर आई थी, बिरसा जैविक उद्यान के निदेशक जब्बर सिंह ने यह कहा था कि उम्र अधिक होने से मौत हो गई। सवाल यह भी है कि दोनों अलग अलग प्रजातियों के वन्य प्राणियों की उम्र अधिक होने से दोनों की मौत होना ये प्रश्न चिन्ह है खड़ा करता है? खैर इससे पहले भी शेर, टायगर आदि की मौत की खबरें आती रहीं है। वन्य प्राणियों की मौते जैविक उद्यान में सन् 2010 से लेकर फरवरी मार्च 2025 तक हुई है, इसके लिए मृत वन्य प्राणियों को कहाँ दफनाया गया उस कब्र से उसके अवशेष को देश के बड़े लेबोरेट्री में जांच कराने से बड़ी खुलासा होने की संभावनाएं हैं।

**किस पशु का मांस परोसा जा रहा है :** ओरमांझी चकला में स्थित( चिड़िया घर) बिरसा जैविक उद्यान में शेर, बाघ, भालू, चिता,तेंदुआ, लोमड़ी, मगरमच्छ आदि मांसाहारी जानवरों का भोजन की क्या व्यवस्था है। इन सभी मांसाहारी जानवरों को मंगलवार से रविवार तक पशु का मांस परोसा जाता है, लेकिन किस पशु का मांस जा रहा है यह जाँच का विषय बन गया है। 2010 से 2025 तक की जांच होने से सच सामने आ जायेगा। इस दौरान जिस पशु का मांस दिया गया उस पशु का स्वास्थ्य जांच जिंदा में कौन कौन पशु चिकित्सकों द्वारा किया जाता रहा है उसकी रिपोर्ट भी देखने और पढ़ने के लायक होगी । आखिर जब वधशाला है ही नहीं, पशुचिकित्सक वधशालाओं में बहाल है नहीं, लाइसेंस निर्गत या नवीकरण का प्रवधान है नहीं तो किस पशुओं को काटने और मांस सप्लाई कराने के लिए टेंडर व्यक्ति विशेष के लिए जारी किया जा रहा है। उक्त पशुओं को जिस वधशाला में काटा जा रहा है, उसकी साफ सफाई, पशुओं की गंदगी,खाल, कहाँ डंप हो रहा है, 2005 में जब वधशाला से लेकर लाइसेंस तक निर्गत करने पर सरकार ने रोक लगा दिया है तो 2010 में लाइसेंस कैसे किसी एक या दो व्यक्तियों के लिए टेंडर जारी हो रहा है और कौन बार बार टेंडर ले रहा है। अगर राज्य सरकार सिर्फ गौ वंशीय पशुओं पर ही प्रतिबंध लगा रखा है और काडा भैंस प्रतिबंध से मुक्त है तो वधशालाओं को बंद क्यों किया गया है, लाइसेंस निर्गत पर रोक अबतक क्यों है। व्यवसाय को एक या दो व्यक्ति ही क्यों करेंगे, लाखों लोग क्यों नहीं करेंगे?




**बिरसा जैविक उद्यान के नाम पर गौ तस्करी:** बता दें कि झारखंड में बड़े पैमाने पर गौवंशीय पशुओं और मांस की तस्करी एक राज्य से दूसरे राज्यों में जारी है। इस दौरान कई बड़ी घटनाएं भी हुई है। 20 जुलाई 2022 में टीपू दाना ओपी की महिला दरोगा संध्या टोपनो की ड्यूटी के दौरान गौ तस्कर की पीकअप वैन द्वारा कुचल दिया गया और मामला कोर्ट में लंबित है। इसके अलावे भी कई दुर्घटनाओं का गवाह रहा है। ये गौ तस्करी का भांडा तब फुटता है जब पुलिस गलती से पकड़ लेती। कई बार तो गौ तस्कर बिरसा जैविक उद्यान का पशु है , लाइसेंस दिखाकर या बता कर पुलिस को पैसे देकर बच भी जाते हैं। इसी गौ तस्करी पर कड़ाई से रोक लगाने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार में 2016 में सीआईड़ी जांच भी शुरू हुई थी, लोअर बाजार थाना क्षेत्र के गुदरी आजाद बस्ती में नगर निगम द्वारा सील चारदीवारी का गेट तोड़ कर कुछ लोग प्रतिबंधित मांस डंप करने की सूचना पर तीन या चार अप्रैल 2017 को दिल्ली की जीव जंतु कल्याण विभाग की टीम ने छापेमारी की थी जिसमें करीब एक सौ से अधिक लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। इसी साल सरकार ने बकरीद पर्व पर अखबारों में विज्ञापन जारी कर गाय, हिरण, ऊंट की कुरबानी करने पर रोक लगाई थी।

**जांच से गौ तस्करी का सरगना का होगा खुलासा:** यदि बिरसा जैविक उद्यान पर राज्य सरकार जांच टीम गठित कर दे तो 2010 से 2025 तक जो जानवरों की मौत हुई उसके शव पर से पर्दा उठ जायेगा। गौ तस्करी, गौ मांस तस्करी करने वाले चार पांच लोगों का चेहरा सामने आयेगा। राज्य सरकार का हर साल तीन सौ से चार सौ करोड़ का यही लोग नुकसान करवा रहे हैं, इसलिए टेंडर जारी करनेवाले से लेकर टेंडर लेने वाले तक की आय व्यय की संपत्ति सभी की जांच जरुरी है। वहीं संवैधानिक तरीके से भारत के अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी ग्रामीण, किसानों और कुरैश समाज की स्थिति देखते हुए झारखंड सरकार से झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी काडा /भैंस का लाइसेंस निर्गत कराने की मांग कर रहें हैं, उस मांग पर सरकार को निर्णय लेने की जरूरत है।

**क्या कहते हैं अधिकारी :** बिरसा जैविक उद्यान के निर्देशक जब्बर सिंह से जब इससे संबंधित सवाल पूछा गया तो वे स्पष्ट जवाब नहीं दिए, सिर्फ कहा टेंडर सिर्फ दो लोग भरे थे जबकि कम से कम तीन लोगों को भरना होता है, फिलहाल स्थागित कर दिए हैं, लेकिन सभी सवालों पर न जवाब दिए और न ही दुबारा फोन उठा रहे हैं। वहीं रेंजर ने अपना नाम राम बताया और कहा भैंस है या क्या है चिकित्सक ओमप्रकाश हैं वे ठीक से बता पायेंगे, चिकित्सक ओमप्रकाश ने कहा जो महिष जिसे भैंसा कहते हैं इसका टेंडर विभाग निकालता है, टेंडर कमेटी में मैं नहीं हूँ, अब कैसे सप्लाई दे रहा है इसका जवाब टेंडर कमेटी दे सकती है।

# निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कर संग्रहण को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वाणिज्य-कर विभाग के वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कर संग्रहण की प्रगति एवं आगे की कार्य योजना की समीक्षा मंत्री, वित्त एवं वाणिज्य-कर विभाग की अध्यक्षता में की गई। समीक्षा बैठक में वाणिज्य-कर सचिव, अमिताभ कौशल, वाणिज्य-कर आयुक्त, अमीत कुमार सहित वाणिज्य-कर विभाग के राज्य भर के समस्त वरीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए। मंत्री द्वारा प्रमण्डलवार समीक्षा करते हुए पाँचो प्रमण्डल (रांची प्रमण्डल, रांची, जमशेदपुर प्रमण्डल, जमशेदपुर, हजारीबाग प्रमण्डल, हजारीबाग, धनबाद प्रमण्डल, धनबाद, संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका) अन्तर्गत लक्ष्य से पीछे चल रहे अंचलों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया एवं उन्हें लक्ष्य प्राप्ति हेतु अपना शत-प्रतिशत् लगाने के लिए कहा गया। आज की इस समीक्षा बैठक में ये पता चला कि वर्ष-2024-2025 के लक्ष्य के विरूद्ध प्राप्ति का प्रतिशत् 79.99 है। विदित हो कि वर्ष 2024-2025 झारखण्ड राज्य के लिए चुनावी वर्ष रहा है।जिसमें झारखण्ड ने दो चुनाव देखे हैं। चुनाव में आदर्श आचार संहिता लगने के कारण आर्थिक गतिविधियां, सरकारी योजनाओं एवं अन्य विकास कार्य के क्रियान्वयन की गति धीमी पड़ जाती है। वर्ष 2019-2020 भी चुनावी वर्ष था जिसमें वाणिज्य-कर विभाग का पूरे वित्तीय वर्ष में राजस्व संग्रहण 76.26 प्रतिशत था। वर्ष 2024-2025, वित्तीय वर्ष 2019-2020 की ही भाँति चुनावी वर्ष होने के वावजूद भी वित्तीय वर्ष के अन्तिम माह से पूर्व ही 79.99 प्रतिशत राजस्व संग्रहित कर चुका है। माननीय मंत्री द्वारा अधिकारियों को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यह निर्देश दिया है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष को गुजरने में 12 दिन शेष हैं। इन 12 दिनों में भरपूर प्रयास कर राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को 85 प्रतिशत से 90 प्रतिशत किया जाये।

# पत्रकारों में असुरक्षा का भाव, प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए : जयराम महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शून्य काल में डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने पत्रकारों के हित से जुड़े सवाल रखे।

उन्होंने कहा कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका लोकतंत्र के तीन स्तंभ हैं। वहीं, पत्रकारिता को चौथे स्तंभ की संज्ञा दी गई है। पत्रकार आम जनसमानस की आवास को बुलंद करते हैं, लेकिन वर्तमान में पत्रकारिता काफी चुनौतीपूर्ण हो गई है। विधायक जयराम ने छत्तीसगढ़ में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की जघन्य हत्या की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पत्रकारों में असुरक्षा का भाव हैं। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ के तर्ज पर झारखंड में भी प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाना चाहिए।



साथ ही साथ मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मजीठिया कमेटी की अनुशंसा का लाभ भी मिलना चाहिए। इसके अलावा राज्य के टोल प्लाजा में उनके लिए टोल टैक्स भी फ्री किया जाना चाहिए।

# राज्यपाल ने केन्द्रीय गृह मंत्री से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने राज्य की विकास योजनाओं और विधि-व्यवस्था से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर राज्यपाल गंगवार ने राज भवन की ओर से प्रकाशित पत्रिका की प्रति केंद्रीय गृह मंत्री को भेंट की। यह पत्रिका 31



जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 की अवधि में राज भवन की विभिन्न गतिविधियों, महत्वपूर्ण आयोजनों और पहलों का संकलन है।

इसके प्रधान संपादक राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी हैं। इस अंक में राज्यपाल की ओर से नागरिकों से संवाद, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरुकता बढ़ाने और जनकल्याण को साकार करने से संबंधित गतिविधियों को विशेष रूप से शामिल किया गया है।

# स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग एवं पीएसआई इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में डीआरसीएचओ डॉ असीम कुमार माझी की अध्यक्षता में शहरी स्वास्थ्य और परिवार नियोजन को मजबूत करने के उद्देश्य से मास्टर प्रशिक्षक के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मास्टर कोच के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने व स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के साथ इसकी



निरंतरता सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। डॉ असीम मांझी द्वारा मास्टर कोचों को प्रशिक्षण को प्रभावी तरीके से अपनाने के साथ साथ सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सही आकलन पर बल दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान परिवार नियोजन, किशोर स्वास्थ्य व मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रमों का और अधिक बेहतर तरीके से क्रियान्वित के लिए समेकित रणनीति बनाई गयी । डीआरसीएचओ ने कहा कि मास्टर कोच के माध्यम से स्वास्थ्य योजनाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और बेहतर कार्यान्वयन से यह और अधिक प्रभावी बन सकेगा । अंत में सभी मास्टर कोच एवं अधिकारियों ने मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार लाने का संकल्प लिया । बैठक के दौरान सीयूएचएम- कुलभूषण बाड़ा, ओम प्रकाश पांडे, लोक स्वास्थ्य प्रबन्धक, चिकित्सा पधाधिकारी, पी एस आई इंडिया से प्रणव कुमार झा, संतोष कुमार पाण्डेय, डॉ रचित भूषण एवं अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# झारखंड में 22 तक तेज हवा और वज्रपात का अलर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के विभिन्न जिलों में 22 मार्च तक तेज हवा चलने और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 20 मार्च को राज्य के दक्षिणी भाग और इससे जुड़े मध्यवर्ती हिस्सों में 40-50 किमी की गति से हवा चलने और वज्रपात होने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि उत्तरी हिस्सों में भी कहीं-कहीं गर्जन और 30-40 किमी की गति से हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। 21 मार्च



को भी दक्षिणी और इससे जुड़े मध्यवर्ती भागों में कहीं-कहीं गर्जन, ओलावृष्टि और 50-60 की गति से हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। वहीं बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री, जमशेदपुर में 37.1, डालटेनगंज में 35.8 तथा बोकारो में अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### हेमन्त सोरेन ने शिवराज सिंह चौहान के पुत्र के विवाह समारोह में दी शुभकामनाएं

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सुपुत्र कुणाल और कार्तिकेय के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित आशीर्वाद समारोह (वर-वधू स्वागत समारोह) में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने नव दंपति को सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान और उनके पारिवारिक सदस्य, सगे-संबंधी तथा कई गणमान्य मौजूद थे।

# न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष को मिली चेतावनी, कार्यशैली में सुधार लाए नहीं तो छोड़ दे रिम्स : रिम्स निदेशक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने मेडिसिन वार्ड का निरीक्षण किया( निरीक्षण में वार्ड की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई, जो बेड गंदे थे उनके लिए निदेशक ने प्रभारी को उन्हें जल्द से जल्द साफ कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने न्यूरोसर्जरी ओपीडी में मरीजों को परामर्श दिया। करीब 12:15 बजे न्यूरोसर्जरी ओपीडी से वापस जाते समय निदेशक ने देखा न्यूरोलॉजी ओपीडी के बाहर भीड़ लगी थी और दोनों कमरे बंद थे। इसकी जानकारी लेने हेतु उन्होंने न्यूरोलॉजी




विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र को फोन किया जिसपर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। भीड़ को देखते हुए निदेशक डॉ राजकुमार ने न्यूरोलॉजी ओपीडी में कुछ मरीजों को परामर्श दिया जिनमें एक छोटा बच्चा भी शामिल था। सस्पेक्टेड ऑटोइम्यून इन्सेफेलाइटिस मामले वाले इस बच्चे की प्रिपक्रिपशन शिशु रोग विभाग के चिकित्सक न्यूरोलॉजी परामर्श के लिए आए थे। इसके अलावा डॉ राजकुमार ने न्यूरोलॉजी ओपीडी में और मरीजो को परामर्श दिया। इस बीच डॉ सुरेंद्र और संकायाध्यक्ष डॉ शशि बाला सिंह ओपीडी पहुंचे। साथ ही ओपीडी में पदस्थापित जूनियर रेजिडेंट भी पहुंची। जे आर से अनुपस्थिति का कारण पूछने पर उन्होनें बताया कि वह मेडिसिन वार्ड में राउंड ले रहीं थीं। निदेशक ने संकायाध्यक्ष को निर्देश दिए कि जूनियर रेजिडेंट किस के निर्देशानुसार और कहाँ राउंड ले रही थी इसकी जांच करते हुए रिपोर्ट समर्पित करें। इसके अलावा उन्होंने न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार को हिदायत दिया और कहा कि, बार बार शिकायत और हिदायत के बावजूद यदि उनके कार्यशैली में सुधार नहीं हो रहा है तो वह रिम्स छोड़ दे और प्राइवेट प्रैक्टिस पर ही पूर्ण रूप से ध्यान दें।

# रोड सेफ्टी के फीचर को पाठ्यक्रम में किया जाएगा शामिल: दीपक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंत्री दीपक बिरुवा ने घोषणा की कि राज्य में सड़क सुरक्षा (रोड सेफ्टी) के फीचर्स को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। सरकार सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों में कमी लाने और जिला स्तर पर सुधार के लिए कृतसंकल्पित है। मंत्री बिरुवा बुधवार को सदन में प्रदीप यादव के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि शराब पीकर ड्राइव करने पर रोक के लिए ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट एवं प्रावधानित दंड को प्रभावी तरीके से लागू किए जाने के लिए राज्य के सभी जिलों के लिए कुल 303 ब्रेथ एनालाइजर उपलब्ध कराए गये हैं।

चार वर्ष में इतनी हुई सड़क दुर्घटना विगत चार वर्ष 2021 में 3871, वर्ष 2022 में 5174, वर्ष 2023 में 5315 और 2024 में 5191 सड़क दुर्घटना हुई है। राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कृत संकल्पित है। इसे न्यूनतम करने तथा पूर्णतया रोकथाम के लिए नियमित वाहन जांच अभियान के



साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं के विस्तृत तकनीकी विश्लेषण करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया गया है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-185 के अनुसार प्रथम अपराध के लिए करावास, जिसकी अवधि छह माह तक और जुर्माना 10 हजार या दोनों से दण्डनीय होगा । दूसरी बार बाद के अपराध के लिए कारावास जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेंगी या जुर्माना 15 हजार या दोनों से दण्डनीय है। उक्त धारा के तहत अपेक्षित कार्रवाई करते हुए वर्ष-2023 में 411 एवं वर्ष 2024 में 377 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस को भी निलंबित किया गया है।

# रांची में उपायुक्त की राजनीतिक दलों संग बैठक, चुनावी प्रक्रियाओं पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान विधानसभावार मतदाता सूची, हाई-राइज़ बिल्डिंग और अपार्टमेंट स्थित मतदान केंद्रों की प्रक्रियाएं, मतदान केंद्रों के पुनर्व्यवस्थापन और 1500 से अधिक मतदाता वाले केंद्रों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से उनकी राय और



सुझाव भी लिए गए, जिन पर अमल करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। चुनाव आयोग की मंशा के अनुरूप कानूनी ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए यह संवाद आयोजित किया गया।

## अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू किस्टो बेसरा ने तमाड़ अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** बुंडू अनुमण्डल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा ने बुधवार को तमाड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ कार्यपालक पदाधिकारी अंजली मेहता और प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी भी मौजूद रहीं। इस दौरान एसडीएम ने अस्पताल के विभिन्न पहलुओं की बारीकी से जांच की, जिसमें मरीजों की सुविधाएं, दवाओं



का स्टॉक और रजिस्टर की स्थिति शामिल रही। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन ने जानकारी दी कि सीएचसी के पास 108 एंबुलेंस के अलावा दो अतिरिक्त एंबुलेंस उपलब्ध हैं। लेकिन चालकों की कमी बनी हुई है। इसके अलावा, अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन और चारदीवारी की कमी भी एसडीएम के संज्ञान में लाई गई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अधूरे पड़े चिकित्सकों के आवासीय भवन का भी जायजा लिया, जो 2008 में 14 करोड़ रुपये की लागत से बनना शुरू हुआ था। लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका है। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जाहिर की और जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद एसडीएम ने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। और लंबित कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

## महुआ चुनने के लिए लगाई आग में झुलसा आम बागवानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड अंतर्गत चूरी दक्षिणी पंचायत के होयर गांव में महुआ चुनने के लिए लगाई गई आग में आम बागवानी झुलस गई. होयर निवासी अनिल यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा से किसान बबलू मुंडा की एक एकड़ भूमि पर आम बागवानी लगाई गई थी. मंगलवार दोपहर बागवानी से सटे महुआ पेड़ से महुआ चुनने के लिए



ग्रामीण महिलाओं ने आग जलाया था. उसी आग की लपट बागवानी की घेराबंदी तक पहुंच गई.देखते ही देखते घेराबंदी का अधिकतर हिस्सा जलकर खाक हो गया. इस दौरान घेराबंदी से सटे करीब 35 आम के पौधे भी झुलस गए. जानकारी मिलते ही वह स्वयं, लालदेव पाहन व अन्य ग्रामीण के मदद से आग पर काबू पाया.

## झारखण्ड प्रदेश आदिवासी सरना पड़ाह समाज मुन्ना पतरा चकला में आगामी सरहुल पूजा सह महोत्सव को लेकर की गई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** बुधवार को झारखण्ड प्रदेश आदिवासी सरना पड़ाह समाज मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी के अध्यक्ष समुन्दर पाहन के अध्यक्षता में आगामी सरहुल पूजा सह महोत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारी को लेकर एक बैठक किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ओरमांझी प्रखण्ड के विभिन्न गाँवों से अपना पारंपरिक वेश भूषा ढोल-नगाडे एवं अपना साँस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के लिए भारी संख्या में मुन्ना पतरा सरना स्थल में आने का आहवान किया



जाएगा। एक अप्रैल को सभी गाँवों को सरना स्थल में पाहन के नेतृत्व में सामुहिक (सरना स्थल) में पुजा किया जाएगा। अर्थात तृतीया 2025 को फूल खोसी (चतुर्थ) को और पंचमी के दिन,तीन अप्रैल को मुन्ना पतरा चकला में सरहुल महोत्सव सह सरना पूजा पाहन के द्वारा सामुहिक रूप से किया जायगा। इसी दिन विभिन्न गांव के जुलुस आयेगा। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक रमेश उराँव,पूर्व अध्यक्ष प्रेमनाथ मुंडा,महासचिव जगमोहन मुण्डा, कोषाध्यक्ष नीलमोहन पाहन,पुजारी अधनु मुण्डा,उपाध्यक्ष काथीनाथ पाहन,मंगल उराँव,अशोक मुण्डा, सोमर उराँव,कैलाश पहान,भीम मुण्डा,महेन्द्र पाहत, मंगल गाँव,मनी मुण्डा, सुखराम पाहन,बंधन मुण्डा, सुखराम उरांव,दिगम्बर मुण्डा,बलराम वेदिया,करमु पाहन, सुरेश मुंडा,सोमत कुमार मुण्डा,प्रकाश मुंडा, लक्ष्मण भोगता, जितेन्द्र पाहन,विवेक कुमार इत्यादि मुख्य ससे हटाई बेदिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## नुगा बेस्ट थर्मो थेरेपी के संस्थान की धूमधाम से हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड के केडी मार्केट हिन्दू गढ़ी चौक में साउथ कोरिया की नुगा बेस्ट थर्मो थेरेपी के संस्थान की उद्घाटन जिप सदस्य सरस्वती देवी ने रिबन काटकर की। इससे पहले श्री साई हेल्थ केयर के संस्थापक अजीत कुमार सिंह एवं राधा सिंह ने जिप सदस्य को बुके देकर सम्मानित किया। थेरेपी कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर जिप सदस्य सरस्वती देवी ने कहा कि बिना किसी दवा, एक्सरसाइज के शूगर, ब्लड



प्रेशर, जोड़ों के दर्द, सर्वाइकल आदि के सफल इलाज के लिए जानी जाने वाली साउथ कोरिया की निःशुल्क नुगा बेस्ट थर्मो थेरेपी के संस्थान खुलने से खलारी क्षेत्र के गरीब व असहाय लोगों को काफी मदद मिलेगी। कंपनी के लोगों ने बताया कि इस पद्धति में फिजियोथेरेपी की तर्ज पर एक विशेष प्रकार से बने बेड पर उक्त रोगों से पीड़ित मरीज को रोजाना कुछ मिनट लिटाकर शरीर के विभिन्न भागों को नुगा बेस्ट थेरेपी के माध्यम से इलाज किया जाएगा। बताया कि पत्थरो के द्वारा कार्य करने वाली प्राकृतिक थेरेपी है। थेरेपी में प्राप्त गर्मी सूरज की पहली लालिमा वाली किरणें प्रदान करती है जो हमारे शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है। श्री साई हेल्थ केयर में उद्घघाटन के बाद कुल 160 लोगों ने थैरेपी का लाभ लिया। मौके पर कंपनी के वीरेंद्र सिंह, सुमन सिंह, अंकिता कच्छप, बिवेक पांण्डेय, मित्रजीत सिंह, उमा सिंह, ब्रजेश सिंह, एके चौहान, अक्षय प्रकाश, सचिन सिंह आदि उपस्थित थे।

## जेएलकेएम ने सिल्ली में बालु माफियाओं के खिलाफ निकाला मशाल जुलूस, किया पुतला दहन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** अवैध बालु ढुलाई के खिलाफ एवं सिल्ली थाना कांड संख्या 29/ 25 तहत दर्ज मामले के खिलाफ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा सिल्ली के द्वारा मंगलवार शाम को मशाल जुलूस निकाला गया व बालु माफियाओं का पुतला दहन किया गया। मशाल जुलूस टुटकी गांव के दुर्गा मंदिर के समीप से सिल्ली बजार बुंडू चौक, काली मंदिर चौक होते हुए थाना चौक से वापस बुंडू चौक पर समापन किया गया।




जहां बालु माफियाओं का पुतला दहन किया गया। जुलूस का नेतृत्व जेएलकेएम के वरिय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने किया। लोगों ने जुलूस में हेमंत सरकार हाय हाय, स्थानीय विधायक हाय हाय, बीडीओ सीओ हाय हाय,पुलिस प्रशासन हाय हाय, बालु माफियाओं होस में आओ, अवैध बालू ढुलाई बंद करो, निर्दोष लोगों पर दर्ज मामले वापस लो के नारे लगाए गए। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि क्षेत्र के नदियों से लगातार अवैध बालु की खनन और ढुलाई हो रही जिससे नदियों का अस्तित्व पर भी खतरा है। नदी के सहारे ही हमलोग की खेती का काम होता है। जेसीबी और पोकलेन मशीन से बालू माफियाओं के द्वारा बालू उत्खनन किया जा रहा है। बताया कि अवैध बालू के उठाव पर रोक को सरकार से लगातार गुहार लगाया गया लेकिन इसके बावजूद भी लगातार क्षेत्र से बालू उठाव हो रहा है। उन्होंने अवैध बालु ढुलाई बंद न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर कृष्णा महतो, मोहम्मद जाकिर खां, खुदीराम महतो, गुहीराम स्वांसी समेत महिला पुरुष शामिल थे।

## महिलाओं में मईयां सम्मान योजना से बढ़ी खुशी : जहुर अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** झामुमो नेता सह समाज सेवी जहुर अंसारी ने कहा कि 2025 की होली व रमजान महिलाओं के लिए अत्यंत खास रही। मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रत्येक महिला को 7500 की सम्मान राशि दी गई,जिससे उनके चेहरे पर उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। जहुर अंसारी ने कहा कि हमारी माताएँ और बहनें समाज का मजबूत स्तंभ हैं। जब वे सशक्त होंगी,तो पूरा समाज सशक्त होगा। मंईयां सम्मान योजना के तहत सरकार द्वारा दी गई यह राशि न केवल महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है,बल्कि यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक



महत्वपूर्ण कदम भी है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन की प्राथमिकता महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराना है।

## रमजान देता है इंसानियत का संदेश : हसीब अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** रमजान का महीना सभी महीनों से बेहतर है। यह इंसान को दोस्ती, सहानुभूति और मनवता का संदेश देता है। गरीबों और मोहताजों के दुःख, दर्द को साझा करने के साथ उसे मिटाने का मौका भी देता है। उक्त बातें शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस स्कूल सिल्क पार्क कोइलरी ईरबा रांची के



निर्देशक सह समाजसेवी मो हसीब अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने देश स्तर पर देखें तो यह गंगा जमुनी सभ्यता का प्रतिनिधि भी है। रमजान के महीने में,अक्सर जगहों पर देखा जाता है कि हिंदू, सिख, ईसाई और अन्य धर्मों के लोग,मुस्लिम भाइयों के साथ मिलकर इफ़्तार करते हैं। अगर रांची की बात करें तो,रमजान का हर दिन ईद का दिन है। रमजान आरंभ होते ही संपूर्ण रांची जिले भर के अंदर एक तरह की खुशी की लहर दौड़ जाती है। मुबारक बादियों का सिलसिला शुरू हो जाता है। प्रत्येक समुदाय के लोग अपने मुस्लिम भाइयों के साथ इफ़्तार पार्टियों के इलावा आम दिनों में भी शामिल होते हैं। रमजान महीने में अन्य मामलों में भी, यहां के प्रबुद्ध समाजसेवी गण व शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं और अलग-अलग विभाग के निजी एवं सरकारी कर्मचारी गण भी अपने मुस्लिम भाई-बहनों का खास ख्याल रखते हैं। वहीं ईद मिलन में भी लोगों की शिरकत काबिले दीद है। दरअसल, असली भारत तो यहीं देखने को मिलता है। अनेकता में एकता का गीत यहां गया जाता है। यह अलग बात है कि हर काल और हर समाज की तरह कुछ लोग ऐसे होते हैं। रमजान में रोजे के साथ कुरआन की तिलावत (पढ़ना) भी बहुत जरुरी है। रमजान महीने में जो शख्स कुरआन की सबसे ज्यादा तिलावत करता है,उसे उतना ही ज्यादा सवाब मिलाता है। आपका रोजा तभी मुकम्मल होगा जब आप रोजे के साथ पांचो वक्त की नमाज,तरावीह की नमाज,कुरआन की तिलावत और गरीबों की मदद करेंगे।

## श्री महावीर मंडल केंद्रीय कमेटी उरुगुट्टू की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठाकुरगांव :** श्री महावीर मंडल केंद्रीय कमेटी उरुगुट्टू की बैठक राजू नायक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रामनवमी पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही रामनवमी के अवसर पर आगामी 9 अप्रैल को उरुगुट्टू बाजारटांड़ में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, सचिव राजू नायक व कोषाध्यक्ष प्रदीप पांडेय बनाये गए। वहीं कमेटी में संरक्षक सुरेश महतो,लाल मृतुन्जय शाहदेव,जयप्रकाश सिंह,चन्द्र कांत गिरि,जगदीश पांडेय,हरिप्रसाद महतो चुने गये। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## बैंक ऑफ इंडिया ने ऋण समझौता शिविर का किया आयोजन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ इंडिया के सिल्ली शाखा परिसर में मंगलवार को बैंक द्वारा ऋण समझौता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 25 से अधिक ऋण



धारकों का समझौता कर नए ऋण स्वीकृत किए गए। शिविर में अग्रणी जिला प्रबंधक रांची के अजीत कुमार, जोनल ऑफिस के वरिष्ठ अधिकारी भरत भूषण ठाकुर आदि शामिल हुए। मौके पर शाखा प्रबंधक डेविट खलखो ने कहा कि ऋण चुकाएं, ऋण पाएं के तहत शिविर लगाया गया है। जिसका लाभ स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ किसानों को दिया जा रहा है। मौके पर बैंक कर्मी निक्की वर्मा, नागेश्वर महतो, दुर्गा महतो,समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपायुक्त व सीएस ने आईआरएस छिड़काव का किया निरीक्षण

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त मनीष कुमार एवं सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल के द्वारा बुधवार को पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत सोनाजोड़ी पंचायत के मालीपाड़ा गांव में कालाजार उन्मूलन हेतु आईआरएस छिड़काव का निरीक्षण किया। जन-जागरूकता हेतु गांव में रैली निकाला गया ताकि लोग कालाजार के प्रति जागरूक हो सके और सभी अपने घरों में आईआरएस घोल का छिड़काव करवाएं। उपायुक्त मनीष कुमार ने आईआरएस के टीम को अपने सामने घोल बनवाया तथा घर-घर जाकर ग्रामीणों को छिड़काव कराने हेतू प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि यह आईआरएस छिड़काव कालाजार उन्मूलन के लिए है। जिससे न सिर्फ जिले में कालाजार का सफाया हो सकेगा बल्कि आप सभी स्वस्थ्य एवं सुरक्षित भी रहेंगे। उपायुक्त मनीष कुमार ने ग्रामीणों को कहा कि आईआरएस छिड़काव के लिए छिड़काव कर्मियों का पूरा सहयोग करें एवं दूसरों को भी प्रेरित करें कि वह छिड़काव में सहयोग करें। उन्होंने गांव के प्रधान से अनुरोध किया कि वह ग्रामीणों को कालाजार से संबंधित जानकारी दें एवं इस आईआरएस छिड़काव को सफल बनाने के लिए अपना भी सहयोग दें। जिससे ग्रामीण जागरूक हो सके एवं आईआरएस छिड़काव में अपना सहयोग कराते हुए वैसे जगह जहां कालाजार वाहक बालू मक्खी का प्रकोप हो सकता है वहां निश्चित छिड़काव कराएं।



## एयरटेल टावर चोरी करने के आरोपी को भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थानान्तर्गत ग्राम बेरवारी में एयरटेल टॉवर से चोरी करने के आरोप में कांड संख्या 57/25 के प्राथमिकी अभियुक्त अकलम अंसारी उर्फ गुड्डू पिता




कुर्बान अंसारी पता बैंक मुहल्ला नगरी थाना नगरी जिला रांची को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इससे पूर्व भी यह अभियुक्त चोरी के कांड में गुमला नगर थाना से जेल जाने की बात स्वीकार की है।थाना प्रभारी हीरालाल साह ने बताया कि चोरी की इस वारदात को तीन चोरों ने कार से आकर अंजाम दिया था। पुलिस ने जांच के आधार पर गिरफ्तार किया है।

## बीडीओ ने योजनाओं का किया निरीक्षण

**पाकुड़िया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने बुधवार को ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ सोमनाथ बनर्जी, बीपीओ जगदीश पंडित, सहायक अभियंता रोहित गुप्ता ने प्रखंड के खक्सा पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों का दौरा कर विरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, बिरसा सिंचाई कूप , मुख्यमंत्री पशुधन योजना सहित अन्य योजनाओं का



स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान खक्सा पंचायत अंतर्गत सरसाबांध गांव के लाभुक योगेश्वर मुर्मू का सिंचाई कूप, हफीजुद्दीन अंसारी एवं सविदा बीबी का अबुआ आवास सहित अन्य विभिन्न संचालित योजनाओं का निरीक्षण कर इसे प्राक्कलन के अनुरूप व समय सीमा के साथ अविलंब पूरा करवाने का निर्देश दिया। साथ ही मौके पर बीपीओ ने बताया कि जिन भी निर्बंधित मनरेगा मजदूरों का आधार शिंडीग लंबित है वे अपना आधार नंबर रोजगार सेवक एवं पंचायत सेवक से मिलकर अपना आधार शिंडीग करवा लें ताकि डीबीटी के माध्यम से कार्य के अनुरूप राशि उनके खाते में हस्तांतरित की जा सके। मौके पर पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं लाभुक मौजूद थे।

## सीओ ने बिना माइनिंग के बालू लदे ट्रेक्टर की किया जब्त

**हिरणपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने डांगापाड़ा -पाकुड़ पथ के मोहनपुर निकट बुधवार को बिना माइनिंग चालान के बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया । वही इसको लेकर वाहन चालक व मालिक के विरुद्ध हिरणपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। महेशपुर से बालू लदे ट्रेक्टर संख्या जेएच 16 बी 3601 तोड़ाई की ओर जा रहा था कि अंचलाधिकारी ने जांच के लिए वाहन को रोका।



इस बीच वाहन चालक मौके से भाग निकला। वाहन में लदे बालू से सम्बंधित किसी प्रकार का माइनिंग चालान नही पाया गया। इस सम्बंध में सीओ ने बताया कि बिना माइनिंग चालान के बालू की परिचालन होने नही दी जाएगी। इसको लेकर छापेमारी निरन्तर जारी रहेगी। बहरहाल क्षेत्र के सभी पथों में बालू की परिवहन बदस्तूर जारी है। इसमे अधिकांश बिना माइनिंग चालान के परिचालन ट्रैक्टरों से की जा रही है। इसमे शहरग्राम - डांगापाड़ा , अमड़ापाड़ा - डांगापाड़ा व बाबूपुर पथ में प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में बालू लदे ट्रैक्टरों की परिचालन होती है। इस पथों में यदि यथार्त रूप से जांच की जाय तो कई वाहन कार्रवाई के चपेट में आएंगे। बिडम्बना यह है कि इसमे से ज्यादातर ट्रैक्टरों की नम्बर भी नही दिख रही है। जो बेरोकटोक वाहनों को ले जाया जा रहा है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## सैनिक को जेल भेजने के मामले में डीजीपी ने कोल्हान डीआईजी को दिए जांच के आदेश

**- पुलिस महानिरीक्षक ने घटना पर जताया अफसोस, दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई थाने में बागबेड़ा के रहने वाले सैनिक सूरज राय और उनके चचेरे भाई विजय राय के साथ हुई अभद्रता, मारपीट और जेल भेजे जाने के मामले की उच्च स्तरीय जांच होगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बुधवार को इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। डीजीपी ने कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे को आदेश दिया है कि वह मामले की जांच (अनुसंधान) करें। जांच के दौरान जो भी पुलिसकर्मी इस मामले में दोषी पाए जाते हैं। उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी ने सैनिक को जेल भेजने की घटना पर कहा कि देश का सैनिक जेल जाए, यह दुख का विषय है। यह नहीं होना चाहिए। अगर कोई फौजी कानून तोड़ता है तो पुलिस को चाहिए कि नजदीक के आर्मी यूनिट को इसकी सूचना दें और सैनिक को आर्मी यूनिट को सौंप दें। सेना अपने नियमों के अनुसार सैनिक पर कार्रवाई करेगी। बता दें कि सूरज राय कश्मीर के अखनूर में सेना के हवलदार के पद पर तैनात हैं। विजय राय उनके चचेरे भाई हैं। सूरज राय के परिजनों का आरोप है कि जुगसलाई थाने की गाड़ी चलाने वाले छोटू नाम के युवक से विजय राय का विवाद हुआ था। पुलिस ने 14 मार्च को विजय राय को जुगसलाई थाना बुलाया था। मामले की जानकारी लेने के लिए सूरज राय भी उनके साथ चले गए। सूरज राय को देखते ही पुलिसकर्मी आग बबूला हो गए। सूरज राय और विजय राय के साथ थाने में अभद्रता की गई। परिजनों का आरोप है कि सूरज राय के साथ मारपीट भी की गई। बाद में दोनों को जेल भेज दिया गया था। हालांकि मंगलवार को सूरज राय जमानत पर छूट गए हैं।

## विधायक ने कुकड़ू थाना को चालू करने व मिलन चौक में टीओपी निर्माण की किया मांग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में कुकड़ू थाना को चालू करने व मिलन चौक में टीओपी भवन निर्माण की मांग की। इस दौरान उन्होंने कहा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुकड़ू में नया थाना भवन लगभग 10 वर्ष पूर्व से बनकर तैयार है परन्तु आज तक उक्त थाना को चालू नहीं किया गया है। जबकि 16 जून 2019 को कुकड़ू हाट में हुए हमले में दो एसआई सहित पांच पुलिस जवानों की निर्मम हत्या भी हो चुकी है। साथ ही ईचागढ़ के मिलन चौक में कई बार घटनाएं तथा बैंक डकैती और असामाजिक घटनाएं होती रहती हैं। ऐसी स्थिति में वहां टीओपी के निर्माण की आवश्यकता है। उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार से मांग किया कि लोकहित में कुकड़ू में बने थाना भवन को सुचारु करने तथा मिलनचौक में नयें टीओपी भवन का निर्माण किया जाय। उक्त बात की जानकारी विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो ने दी।

## रांची में फूड डिलीवरी के मामले में स्विगी की बोल्ट सर्विस ने किया शानदार विकास

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी ने मंगलवार को रांची में अपनी बोल्ट सर्विस (बोल्ट बाय स्विगी) के शानदार विकास के आंकड़े साझा किए। यह क्विक फूड डिलीवरी सर्विस शहर में लोगों के खाने के तरीके को बदल रही है। ऑडर्स में मासिक आधार पर 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे रेस्टोरेंट्स को अपना कारोबार बढ़ाने में मदद मिल रही है। बोल्ट बाय स्विगी के माध्यम से 10 मिनट के अंदर फ्रेश फूड की डिलीवरी की जाती है। सुपर-स्मार्ट बैकएंड ऑप्टिमाइजेशन के दम पर यह संभव हुआ है। रांची के 35 प्रतिशत रेस्टोरेंट इस सर्विस से जुड़ चुके हैं। उल्लेखनीय रूप से बोल्ट के ऑर्डर्स में 43 प्रतिशत हिस्सेदारी डिनर की और 27 प्रतिशत हिस्सेदारी लंच की रही। स्विगी में फूड मार्केट प्लेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकू ने बोल्ट की सफलता को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'बोल्ट सर्विस वास्तव में सहूलियत को नए सिरे से परिभाषित कर रही है और इस उद्योग में नए मानक स्थापित कर रही है। रांची जैसे शहरों में इसकी तेजी से बढ़ती स्वीकार्यता फूड डिलीवरी के मामले में स्पीड और एफिशिएंसी के लिए बढ़ती मांग को दिखाती है। माहेश्वरी स्वीट्स के मालिक जय प्रकाश वर्मा ने कहा, 'मिठाई की दुकान होने के कारण शॉर्ट नोटिस में ऑर्डर को पूरा करना हमारे लिए कभी भी बहुत बड़ी चुनौती नहीं रही है। बोल्ट बाय स्विगी के साथ हम बहुत तेजी से अपने उत्पादों को डिलीवर करने में सक्षम हुए हैं।

## झामुमो की भालकी पंचायत कमिटी के अध्यक्ष बने बिमल कर्मकार



**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुड़ाबांदा प्रखंड के भालकी पंचायत में नेताजी क्लब मैदान में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की भालकी पंचायत कमिटी का पुनर्गठन पंचायत के झामुमो नेता, कार्यकर्ताओं व संयोजक मंडली के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। बैठक में भालकी पंचायत अध्यक्ष बिमल कर्मकार को चुना गया। सचिव दिलीप कुमार मुर्मू व मोहन मुर्मू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष के पद पर जयप्रकाश टुडू, जामवाल हांसदा सह सचिव के रूप में सुनाराम सोरेन का चयन किया गया। चयनित पंचायत पदाधिकारियों को पार्टी संगठन की मजबूती के लिए काम करने की शपथ दिलाई गई। मौके पर प्रखंड संयोजक मंडली प्रमुख सुराई टुडू, सदस्य ढिबा हांसदा, बेलवती मुर्मू, साकिला हेंब्रम, कुनाराम माझी, चोकाराम सोरेन, हाबलू धीबर, भोजाय हेंब्रम, गुहिराम मुर्मू, प्रधान सोरेन, कालिदास हेंब्रम, खितु सोबर, जॉनसन मुर्मू, बुधू सबर व गोपाल हेंब्रम आदि झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छऊ महोत्सव के लिए प्रतिवर्ष आवंटन उपलब्ध कराने की विधायक ने की मांग



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने राज्य सरकार से खरसावां छऊ महोत्सव के लिए आवंटन उपलब्ध कराने की मांग की है। झारखण्ड विधानसभा के शून्यकाल में विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि खरसावां छऊ महोत्सव के आयोजन के लिए प्रतिवर्ष सरकार द्वारा आवंटन उपलब्ध कराया जाता था। जिसे विगत कई वर्षों से बंद कर दिया गया है। सरायकेला-खरसावां की धरती छऊ के लिए विख्यात मानी जाती है। छऊ-कला के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार को कदम उठाने की आवश्यकता है। विधायक ने सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग किया कि छऊ महोत्सव का आयोजन प्रति वर्ष किया जाय।

## नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल में ओरिएंटेशन मीटिंग आयोजित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिष्टुपुर स्थित नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल में नर्सरी के बच्चों के लिए ओरिएंटेशन मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नन्हें- नन्हें बच्चे अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित हुए। ओरिएंटेशन मीटिंग का संचालन स्कूल की कार्यवाहक उप-प्रधानाचार्य हरविंदर कौर ने किया। इस दौरान सत्र में पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धतियों, कक्षा गतिविधियों और स्कूल की नीतियों के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। छात्रों ने माता-पिता के साथ अपने-अपने कक्षा कक्षों का दौरा किया। ओरिएंटेशन मीटिंग में उप-प्रधानाचार्य के साथ स्कूल की टीचर भी शामिल थी।

## राजनगर के बगीचे में निकला 5 फ़ीट लंबा कोबरा सांप



**राजनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजनगर प्रखंड के बाना पंचायत अंतर्गत छेलकानी गांव में बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे तारापद पति के घर के बगीचे में निकला 5 फ़ीट लंबा कोबरा सांप। इसे देख ग्रामीण सहमे रह गए, वहीं कोबरा सांप तारापद पति के घर की ओर घुस रहा था, इस बीच सांप को रेस्क्यू के लिए सरायकेला के स्नैक कैचर राजा बारीक को सूचना दी गई। वहीं राजा बारीक मौके पर पहुंच कर कोबरा को रेस्क्यू कर नजदीकी जंगल में ले जाकर छोड़ दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## रेरुआ में बाहा बोंगा आयोजित, ग्रामीण हुए शामिल



**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुड़ाबांदा प्रखंड के रेरुआ में बुधवार को बाहा बोंगा (पूजा) का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने जाहेरथान में देवी देवताओं को नये फूल और पत्तियों को चढ़ाया। नायके बाबा यदुनाथ हांसदा ने पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना की। देवी देवताओं को प्रसन्न करने के लिए ग्रामीणों ने पारंपरिक बाहा नृत्य किया। साल के फूलों को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया गया। बाहा बोंगा के उपरांत ग्रामीण नये पत्तों का उपयोग करेंगे। मौके पर ग्राम प्रधान सुशील कुमार हांसदा, नायके बाबा यदुनाथ हांसदा, भोगान मुर्मू ,सुधीर कुमार हांसदा, शिव शंकर हांसदा, आकाश हांसदा समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## चांडिल के चिलगू में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चांडिल के चिलगू में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भरी भीड़ उमड़ी। यज्ञ में महिलाओं की संख्या अधिक दिखी। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालू भागवत कथा के प्रसंग व भजन पर भक्ति में लीन होकर ताली बजाते हुए झूम रहे थे। वृंदावन के महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णा शास्त्री महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भागवत सांसारिक व दैविक रहस्य को बताता है, जो इस रहस्य को समझेगा उसे तन-मन की शांति व मोक्ष अवश्य मिलेगी। आज लोग अधिक से अधिक कमाई कर भौतिक सुख के साथ मन की शांति चाहते हैं, परंतु मन की शांति लाखों, करोड़ों खर्च कर भी नहीं मिल सकती है। मन की शांति तभी मिलेगी जब लोग भौतिक सुख के पीछे भागना छोड़कर संतोष करना सीख लेंगे।

## दांदुडीह के आदिवासी परिवारों ने पटमदा बीडीओ से मांगा अबुआ आवास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की ओड़िया पंचायत के दांदुडीह गांव निवासी 25 आदिवासी परिवार राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के लाभ से वंचित हैं। ग्रामीणों ने बुधवार को विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू के नेतृत्व में पटमदा बीडीओ से मिलकर ज्ञापन सौंपा और उन्हें योजना का लाभ दिलाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के अन्य सभी समुदाय के लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिल रहा है जबकि उन्हें इस योजना से अब तक वंचित क्यों रखा गया है, यह समझ से परे है। विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू ने बीडीओ से कहा कि यह गंभीर विषय है क्योंकि राज्य सरकार सभी समुदायों के लिए अबुआ आवास योजना को लागू की है। उन्होंने बीडीओ से मांग किया कि वंचित परिवारों को जल्द से जल्द लाभ दिलाई जाए। उन्होंने मांग किया कि सभी



पंचायतों में लाभुकों की सूची को सार्वजनिक किया जाए ताकि ग्रामीणों को जानकारी मिल सके। इस दौरान बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराने के पश्चात सभी योग्य परिवारों को योजना से जोड़ा जाएगा। साथ ही सूची को सार्वजनिक करने हेतु पंचायत सचिवों को निर्देश देने का आश्वासन दिया। मौके पर मुख्य रूप से महेश्वर मुर्मू, शिशिर मांडी, बबलू मुर्मू व विश्वनाथ मुर्मू आदि मौजूद थे।

## कुचाई में पंचायत समिति सदस्यों की कार्यकारिणी बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई की प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी की अध्यक्षता में बुधवार को कुचाई प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड के सभी पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं का चयन की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। मौके पर मौजूद पंचायत समिति सदस्यों ने अपने अपने पंचायत में महत्वपूर्ण योजनाओं का चयन कर सूचीबद्ध किया। इसके अलावा पंचायत समिति के सभी अपूर्ण योजनाओं



को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। भौतिक पूर्ण योजनाओं का निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मानसिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा, उप प्रमुख सुखदेव सरदार, प्रखंड विकास पदाधिकारी साधुचरण देवगम, बीपीएम रमेश द्विवेदी, बारूहातु पंचायत समिति सदस्य चांदमुनी मुंडा, छोटासेगोई पंचायत समिति सदस्य जयंती मुंडा, गोमियाडीह पंचायत समिति सदस्य बुधराम मुंडा, बंदोलोहर पंचायत समिति सदस्य राजेश हेम्ब्रम व पंकज कुंभकार समेत बैंक के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने टाटा लीज, खेल एवं सामाजिक सुरक्षा कार्यालय का किया निरीक्षण

**● महत्वपूर्ण संचिका, पंजी आदि की जांच कर उपायुक्त ने दिया आवश्यक दिशा-निर्देश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा टाटा लीज, खेल एवं सामाजिक सुरक्षा कार्यालय का निरीक्षण कर संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने प्रतिनियुक्त मानव बल की उपलब्धता की समीक्षा के अलावा दैनिक उपस्थिति पंजी की जांच की, साथ ही स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्यालय की कार्य संस्कृति में सुधार लायें, ससमय कार्यों का निष्पादन करें एवं दस्तावेज अद्यतन रखें। सभी कार्यालयों में अनिवार्य रूप से बायोमीट्रिक से उपस्थिति का अनुपालन किया जाए। उपायुक्त द्वारा आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, सीएनसी रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, इंडेक्स रजिस्टर आदि महत्वपूर्ण रिकॉर्ड संधारण का अवलोकन किया गया। इस दौरान कार्यालय के लिपिक से कार्यालय के संचिकाओं को मंगवाकर अवलोकन किया तथा पाई गई कमियों को रेखांकित करते हुए अद्यतन करने, सरकारी नियमावली के अनुरूप संचिकाओं का संधारण करने के निर्देश दिए । सरकारी राशि के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन तथा व्यय एवं क्रय की गई सामग्रियों आदि का उचित तरीके से संचिका, भंडार पंजी में संधारण नियमित रूप से करने के निर्देश दिए । साथ ही समय-समय पर



वित्त विभाग और सरकार के द्वारा दिए गए गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करने का निर्देश निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों को दिया। वहीं, सरकार के द्वारा जारी महत्वपूर्ण संकल्प, गाइडलाइन को गार्ड फाइल में संधारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यालयों में उपलब्ध मानव श्रम बल एवं स्वीकृत मानव श्रम बल तथा कार्यालय कर्मियों के बीच कार्य के बंटवारे की जानकारी ली। वहीं, निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर की समुचित साफ-सफाई, कार्यावधि का समुचित उपयोग करते हुए कार्यों का संपादन करने तथा लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए । मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एडीसी भगीरथ प्रसाद, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग, कार्यपालक दण्डाधिकारी चंद्रजीत सिंह, कार्यपालक दण्डाधिकारी मृत्युंजय कुमार, एडीएसएस श्रीमती नेहा संजना खलखो, जिला खेल पदाधिकारी अविनेश त्रिपाठी समेत अन्य उपस्थित रहे ।

## एससीसीआई और यंग इंडियन का पारिवारिक व्यवसायों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित

**'स्केलिंग लिगेसीज' कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने साझा की रणनीतियां**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिंहभूम चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एससीसीआई) ने यंग इंडियन (वाईआई) जमशेदपुर और क्लाइंट एसोसिएट्स के सहयोग से 'स्केलिंग लिगेसीज-पारिवारिक व्यवसायों में बदलाव की चुनौतियां और वृद्धि के अवसर' विषय पर एक प्रभावशाली संवाद सत्र का आयोजन किया। चेम्बर भवन बिष्टुपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के 70 से अधिक उद्यमियों, व्यवसायियों और पेशेवरों ने भाग लिया।

**मुख्य सत्र और विशेषज्ञों की अंतर्दृष्टिः- प्राइवेट वेल्थ मैनेजमेंटः-** क्लाइंट एसोसिएट्स के वेल्थ डायरेक्टर विशाल बजाज ने पीढ़ियों के लिए संपत्ति निर्माण की रणनीतियां विषय पर व्याख्यान



दिया। उन्होंने बताया कि पारिवारिक व्यवसायों को पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर, विविध और दीर्घकालिक वित्तीय नियोजन को अपनाना चाहिए ताकि वे अपनी संपत्ति को सुरक्षित और बढ़ा सकें। एस्टेट एवं सक्सेशन प्लानिंगः- प्रख्यात कानूनी विशेषज्ञ और खैतान एंड कंपनी की पार्टनर दिवि दत्ता ने पीढ़ियों तक विरासत संरक्षित रखने के उपाय विषय पर चर्चा करते हुए उत्तराधिकार नियोजन की अहमियत को रेखांकित किया। बजनेस ग्रोथ एंड टैक्स स्ट्रैटेजीज़ः- सीए अंकुर भंडारी ने व्यवसाय वृद्धि के लिए कानूनी ढांचे और कर बचत की रणनीतियाँ विषय पर प्रकाश डाला। मुख्य टेकअवे और प्रभावः- व्यावहारिक ज्ञान के तहत विशेषज्ञों ने जटिल विषयों को सरल रूप में प्रस्तुत कर प्रतिभागियों को कानूनी और वित्तीय योजनाओं की स्पष्ट समझ दी। कार्यक्रम में सिंहभूम चेम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, जनरल सेक्रेटरी मानव केडिया, वाईआई चेयरमैन कौशिक मोदी, को-चेयर श्रुति झुनझुनावाला, उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी), सचिव भरत मकानी, अंशुल रिंगासिया, विनोद शर्मा, कोषाध्यक्ष सीए अनिल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## आदिवासी गांव डोगागरल में शुगर फ्री शकरकंद की खेती शुरू

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आटि पुआल मशरूम (ओपीसी) प्रा. लिमिटेड के प्रोपराइटर एवं कृषि विशेषज्ञ डॉक्टर अमरेश महतो के निर्देशन में पटमदा के धूसरा टोला डोगागरल आदिवासी गांव में रसिक मांडी की 1 बीघा जमीन पर, 38- 40 डिग्री सेल्सियस तापमान पर शकरकंद (नारंगी रंग के गूदे के साथ) की खेती शुरू की गई । इस मौके पर डॉक्टर अमरेश महतो ने कहा कि यह शकरकंद कम चीनी और ग्लूकोज से मुक्त एक पौष्टिक आहार है। साथ ही यह कैंसर, मधुमेह और



गैस्ट्रिक रोगियों के लिए एक उत्कृष्ट भोजन भी है । उन्होंने कहा कि एक बीघा में शकरकंद की खेती के साथ-साथ उसमें पेडीस्ट्रा मशरूम भी उगाया जायेगा। इसके अलावा एक बीघा जमीन में कसाबा की खेती तथा 6 बीघा में सीआर धान 310 की खेती भी की जाएगी। डॉक्टर महतो ने बताया कि पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र में तीन से चार सौ बीघा में खेती शुरू करने की योजना है। इस दौरान एरारोट, स्टेविया जो शुगर फ्री है, इसकी भी खेती की जाएगी। शकरकंद की खेती साल में तीन बार की जाएगी और इन सभी फसलों के उत्पादन में कम पानी, कम मेहनत और कम समय लगता है । उन्होंने बताया कि जो किसान मशरुम की खेती करेंगे उनमें आदिवासी और पिछड़ी जातियों के किसानों को शकरकंद और कसावा का बीज फ्री में मिलेगा।

## शिवम के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए कल्याण चंद्र सिंह



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोनारी ग्वाला बस्ती के रहने वाले दिवंगत शिवम कुमार सिंह का श्राद्धकर्म उनके निवास में श्रद्धांजलि सभा कर मनाया गया। इस अवसर पर राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को सांत्वना दिया। मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से काशीनाथ गिरी, मुकुल मिश्रा, जितेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित थे। बता दें कि शिवम कुमार सिंह (17) की बीते दिनों कपाली ओपी क्षेत्र के कमारगोड़ा में खजूर के पेड़ के नीचे धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गयी थी।

## खराब चापाकल व जल मीनार मरम्मत की मांग को लेकर राजनगर प्रखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** खराब चापाकल एवं जल मीनार मरम्मत की मांगों को लेकर आदिवासी किसान मजदूर पार्टी के जिला सचिव सुनील गागराई की अगुवाई में कुजू गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने बुधवार को राजनगर प्रखंड कार्यलय में धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने राजनगर सिदो कान्हु चौक से लाल झंडा हाथ में लिए राजनगर प्रखंड कार्यालय तक पदयात्रा की और प्रखंड कार्यलय के बाहर पीएचडी विभाग और प्रखंड विकास पदाधिकारी के खिलाफ नारे लगाए ।इस दौरान पार्टी के जिला सचिव सुनील गागराई ने बताया कि बीते 5 मार्च को खराब चापाकल एवं जलमीनार मरम्मत की मांग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दिया गया था, परन्तु इस पर कोई पहल नहीं होने पर प्रखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इन दिनों तापमान काफी बढ़ गया है ऐसे में राजनगर प्रखंड क्षेत्र के कई ऐसे गांव है जहां चापाकल खराब हो चुके हैं, जलमीनार खराब पड़ा है, पेयजल संकट गहरा गया है, ग्रामीण तालाब और कुंआ का पानी पीने को मजबूर है। वहीं कुछ देर बाद बीडीओ उनसे मिलने पहुंचे और उनकी समस्याओं से अवगत होकर त्वरित मामले को संज्ञान में लेते हुए दो दिन के अंदर कुजू और विभिन्न गांवों में खराब नलकूपों और जलमीनारों की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया।

## एनआईटी जमशेदपुर में क्लाइमेट स्टोरीज पर व्याख्यान प्रतियोगिता 22 अप्रैल को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एनआईटी जमशेदपुर में आगामी 22 अप्रैल पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय स्तर की व्याख्यान प्रतियोगिता, क्लाइमेट स्टोरीज - एक चिरस्थायी भविष्य की आवाज का आयोजन करने जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी को जलवायु परिवर्तन से संबंधित




चुनौतियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने, जागरूकता बढ़ाने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और समाधान खोजने में सक्षम बनाना है। प्रतियोगिता में वरिष्ठ श्रेणी : महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के छात्र और श्रेणी : स्कूल छात्र (कक्षा 8 से 12) भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए https://www.gogreennitjsr.in/climate-stories पर लॉग इन कर सकते है।

## छत्तीसगढ़ी सुपरहिट फिल्म 'लॉकडाउन के माया' अब जमशेदपुर में, 21 मार्च से मिराज सिनेमा में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति को समर्पित सुपरहिट फिल्म 'लॉकडाउन के माया' 21 मार्च, शुक्रवार से मिराज सिनेमा हॉल, गोलमुरी में प्रदर्शित होने जा रही है। यह जानकारी बुधवार को फिल्म के निर्देशक मोहम्मद हबीब और निर्माता डॉ. जेके देवांगन ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। डायरेक्टर मोहम्मद हबीब ने बताया कि फिल्म ने छत्तीसगढ़ में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है और यह वहां की सुपरहिट फिल्म बन चुकी है। फिल्म के सभी 6 गाने दर्शकों की जुबान पर छा गए हैं, विशेषकर गीत 'मार डारे' को 2 मिलियन से अधिक व्यूज मिल चुके हैं और इस गाने पर 2 लाख से अधिक रील बनाए गए हैं। फिल्म में अभिनय कर रहे कलाकारों में नितिन ग्वाला, शिवा साहू, स्नेहा देवांगग्न, पुष्पेंद्र सिंह, क्रांति दीक्षित, संजू साहू, लता रही, उर्वशी साहू, तथा अन्य सह कलाकार। इन कलाकारों ने फिल्म को जीवंत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रोड्यूसर डॉ. जेके देवांगन ने कहा कि यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं है बल्कि छत्तीसगढ़ी समाज की संस्कृति, संघर्ष और संवेदनाओं को भी उजागर करती है। उनकी आशा है कि जमशेदपुर में छत्तीसगढ़ी मूल के नागरिकों के साथ-साथ अन्य भाषी दर्शक भी इस फिल्म का भरपूर आनंद लेंगे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## वादों का बजट

**बजट** के मापतोल में सुक्खू सरकार ने अपनी खिड़कियों से दूर तक देखने की कोशिश की है, लेकिन आर्थिक संरचना के मुहावरों में वित्तीय परेशानियां हर द्वार पर खड़ी हैं। मुख्यमंत्री ने एक लंबे भाषण में बजट का ढांचा विकसित किया, जहां कुछ अपेक्षाएं पूरी हुईं तो कुछ नई पहल के मजमून नजर आए। अपनी ओर से सरकार ने ग्रामीण आर्थिकी का संबल बनते हुए भैंस के दूध की खरीद को 61 रुपए, गाय के दूध को 51 रुपए प्रति किलो पहुंचा दिया है, जबकि परिवहन सबसिडी के रूप में प्रति किलोग्राम दो रुपए का प्रावधान भी किया गया है। प्राकृतिक खेती के संदर्भों को मक्की व गेहूं की खरीद में दर्शाया गया है, तो किसानों पर चढ़े ऋण से राहत देने का संकल्प सामने आया है। मनरेगा और सामान्य दिहाड़ी में बढ़ोतरी की जा रही है। आउटसोर्स कर्मियों का न्यूनतम वेतन 12750 रुपए हो रहा है, जबकि पंचायत से नगर निकाय प्रतिनिधियों का पारिश्रमिक बढ़ गया। ग्रीन प्रदेश से प्राकृतिक खेती तक की राह पर सरकार की वचनबद्धता अब स्थायी नगमे सुना रही है। यहां घोषणाओं की अपनी संस्कृति है और महत्त्वाकांक्षा के अपने पांव, फिर भी आकाश तक पहुंचने की ख्वाहिश में सुक्खू कहीं सुधार कर रहे हैं, तो कहीं संघर्ष कर रहे हैं। पिछले और इस बजट के फैसलों में रास्ते तो नहीं बदले, इरादे जरूर बदल गए। यानी अब अगर डे बोर्डिंग स्कूल को बसाना है तो कई शहरी स्कूलों की छत को खोलकर इस परियोजना को प्रवेश कराया जा रहा है। इस तरह इन इमारतों की प्रासंगिकता में ताजगी आएगी। सरकार खेती के मायने बदलती हुई कच्ची हल्दी का टीका लगा रही है। क्या इसे अपनाकर बंदर भाग जाएंगे या हमारा वन महकमा नए पौधारोपण से इन्हें वापस जंगल में ले जाएगा। यह दीगर है कि ऊना में आलू प्रोसेसिंग यूनिट की घोषणा से खेती का लक्ष्य और उत्पादन की वजह बढ़ सकती है। कमोबेश इसी तर्ज पर नादौन में स्पाइस पार्क की अनुगूंज से बजट को मसालेदार बनाया गया है। पर्वतीय मसालों तथा जड़ी-बूटियों के उत्पादन में स्पाइस पार्क की बाहें अगर योगदान कर पाईं, तो यह एक खुशखबर है। बजट कई विधानसभा क्षेत्रों तथा विभिन्न वर्गों को खुशखबर देने का मंतव्य रखता है। स्वरोजगार और निजी निवेश के लिए युवाओं को अगर पहले ई-टैक्सी पर बैठाया था, तो अब बेरोजगारों को मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्टअप योजना का खाका सौंपा जा रहा है। होटल व होम स्टे निर्माण में युवाओं को ऋण के ब्याज में चार से पांच प्रतिशत की सबसिडी सरकार देगी। इसी तरह छोटे एवं लघु व्यापारियों, ढाबा मालिकों, रेहड़ी-फड़ी वालों को लेकर मुख्यमंत्री लघु दुकानदार योजना कुछ नया आश्वासन दे रही है। कुल मिलाकर 58514 करोड़ के बजट में एक ओर सरकार को वेतन और पेंशन, उधार पर ब्याज और किश्त अदायगी में ही 76 प्रतिशत देना ही देना है, तो शेष बचे 24 प्रतिशत बजट से उम्मीदों का प्रकाश बनाए रखना कठिन कसौटी है। हालांकि इस बीच पेंशनरों के एरियर भुगतान की समय सीमा 15 मई तय हो रही है और विधायक निधि को 200 करोड़ की अदायगी भी की जा रही है। बजट बूढ़े लोगों को घर में उपचार देने का वादा कर रहा है, तो ड्रोन टैक्सी चलाने के लिए कांगड़ा, मंडी और हमीरपुर में स्टेशन बना रहा है। बजट को चांशल, पौंग डैम और कई नए पर्यटक डेस्टिनेशन विकसित करने हैं, तो नादौन में वेलनेस व राफ्टिंग सेंटर भी खोलने हैं। बजट सजधज के पुनः कांगड़ा में पर्यटन राजधानी की राह आसान करने के लिए गगल एयरपोर्ट विस्तार के थैले में तीन हजार करोड़ रुपए उंडेलने का प्रयास कर रहा है। ईको टूरिज्म की दो सौ इकाइयां रेखांकित हो रही हैं, शिमला में लग्जरी बसें तथा दो सौ नए होटलों में निजी निवेश की आशा से पुलकित बजट पर्यटन की जड़ें खोज रहा है। तकनीकी शिक्षा में नवाचार, धार्मिक पर्यटन पर नजर, टी टूरिज्म में क्रांति के उद्घोष, जाहिर तौर पर नई परिकल्पना हैं।

> मुख्यमंत्री ने एक लंबे भाषण में बजट का ढांचा विकसित किया, जहां कुछ अपेक्षाएं पूरी हुईं तो कुछ नई पहल के मजमून नजर आए। अपनी ओर से सरकार ने ग्रामीण आर्थिकी का संबल बनते हुए भैंस के दूध की खरीद को 61 रुपए, गाय के दूध को 51 रुपए प्रति किलो पहुंचा दिया है, जबकि परिवहन सबसिडी के रूप में प्रति किलोग्राम दो रुपए का प्रावधान भी किया गया है। प्राकृतिक खेती के संदर्भों को मक्की व गेहूं की खरीद में दर्शाया गया है, तो किसानों पर चढ़े ऋण से राहत देने का संकल्प सामने आया है। मनरेगा और सामान्य दिहाड़ी में बढ़ोतरी की जा रही है। आउटसोर्स कर्मियों का न्यूनतम वेतन 12750 रुपए हो रहा है, जबकि पंचायत से नगर निकाय प्रतिनिधियों का पारिश्रमिक बढ़ गया। ग्रीन प्रदेश से प्राकृतिक खेती तक की राह पर सरकार की वचनबद्धता अब स्थायी नगमे सुना रही है। यहां घोषणाओं की अपनी संस्कृति है और महत्त्वाकांक्षा के अपने पांव, फिर भी आकाश तक पहुंचने की ख्वाहिश में सुक्खू कहीं सुधार कर रहे हैं, तो कहीं संघर्ष कर रहे हैं। पिछले और इस बजट के फैसलों में रास्ते तो नहीं बदले, इरादे जरूर बदल गए। यानी अब अगर डे बोर्डिंग स्कूल को बसाना है तो कई शहरी स्कूलों की छत को खोलकर इस परियोजना को प्रवेश कराया जा रहा है।

### पहले समाजवादियों और फिर राष्ट्रवादियों की राजनीतिक सफलता का राज भी यही है

## कर्नाटक में 'अल्पसंख्यकों' को सरकारी ठेकों में 4 प्रतिशत कोटा क्यों? बताए कांग्रेस

**कमलेश पांडे**

> पहला, अल्पसंख्यक वर्ग में यह आरक्षण मुस्लिमों, ईसाइयों, सिखों, जैनों, बौद्धों आदि को 4 फीसदी में से कितना-कितना प्रतिशत मिलेगा या फिर पिछले दरवाजे से सिर्फ मुस्लिमों को ही वरीयता दी जाएगी? दूसरा, जब दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को सरकारी ठेकों में आरक्षण मिलेगा तो फिर ईडब्ल्यूएस से जुड़े गरीब सवर्णों को क्यों नहीं मिलेगा? तीसरा, महिलाओं और युवाओं को क्यों नहीं?किसानों-मजदूरों-कारीगरों को क्यों नहीं? सिर्फ सरकारी ठेकों में ही क्यों, प्राइवेट ठेकों और ग्लोबल ठेकों में क्यों नहीं? चतुर्थ, सिर्फ कर्नाटक में ही क्यों, हिमाचल प्रदेश आदि कांग्रेस या इंडिया गठबंधन शासित राज्यों में क्यों नहीं? खैर, सवालों की फेहरिस्त बड़ी लंबी हो सकती है और जवाब सिर्फ यही कि कांग्रेस की कमान बैकडोर से वैसे लोगों के हाथों में जा चुकी है जो इस पार्टी को जनमानस में अलोकप्रिय बनाने पर आमादा हैं।

**कांग्रेस** शासित कर्नाटक की सरकार ने अल्पसंख्यक ठेकेदारों को सरकारी खरीद के ठेकों में 4 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया है, उससे मुस्लिम सबसे ज्यादा लाभान्वित होंगे। हालांकि, राज्य सरकार का यह निर्णय वैधानिक दृष्टि से न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है। ऐसा इसलिए कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश तो है, लेकिन यह हिंदुओं के हिस्से वाला हिंदुस्तान भी है। जबकि हमारे राजनेता और उनके 'चमचे बुद्धिजीवी' वोट बैंक की लालच में इस कड़वी सच्चाई को नजरअंदाज करते हैं, जिससे देश में अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की सियासत को मजबूती मिलती है। चूंकि इसका सर्वाधिक लाभ मुस्लिम ठेकेदारों को मिलेगा, इसलिए कांग्रेस के इस फैसले की प्रवृति और प्रकृति पर कतिपय सवाल उठना लाजिमी है। पहला, अल्पसंख्यक वर्ग में यह आरक्षण मुस्लिमों, ईसाइयों, सिखों, जैनों, बौद्धों आदि को 4 फीसदी में से कितना-कितना प्रतिशत मिलेगा या फिर पिछले दरवाजे से सिर्फ मुस्लिमों को ही वरीयता दी जाएगी? दूसरा, जब दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को सरकारी ठेकों में आरक्षण मिलेगा तो फिर ईडब्ल्यूएस से जुड़े गरीब सवर्णों को क्यों नहीं मिलेगा? तीसरा, महिलाओं और युवाओं को क्यों नहीं?किसानों-मजदूरों-कारीगरों को क्यों नहीं? सिर्फ सरकारी ठेकों में ही क्यों, प्राइवेट ठेकों और ग्लोबल ठेकों में क्यों नहीं? चतुर्थ, सिर्फ कर्नाटक में ही क्यों, हिमाचल प्रदेश आदि कांग्रेस या इंडिया गठबंधन शासित राज्यों में क्यों नहीं? खैर, सवालों की फेहरिस्त बड़ी लंबी हो सकती है और जवाब सिर्फ यही कि कांग्रेस की कमान बैकडोर से वैसे लोगों के हाथों में जा चुकी है जो इस पार्टी को जनमानस में अलोकप्रिय बनाने पर आमादा हैं। पहले समाजवादियों और फिर राष्ट्रवादियों की राजनीतिक सफलता का राज भी यही है। इतिहास गवाह है कि अपनी घोर तुष्टिकरण की सियासत के चलते भारत और अधिकांश राज्यों की सत्ता से बाहर है। 2014 और 2019 के आम चुनावों में उसकी हैसियत विपक्ष का नेता बनने लायक भी नहीं रही थी। 2024 में उसे जो अप्रत्याशित उछाल मिला, उसके उत्साह में वो फिर अतिरेक भरे फैसले कर रही है, जिससे साफ है कि कांग्रेस अब सत्ता प्राप्ति और राष्ट्र निर्माण नहीं बल्कि 'पार्टी ध्वंस' और 'देश-समाज विध्वंस' को गति देने की राजनीति पर आमादा है। उसकी गलत



नीतियों का ही तकाजा है कि पहले भारत टूटा, फिर पाकिस्तान टूटा और कांग्रेस भी कई बार टूटी। यदि सही कहा जाए तो 'कांग्रेस' की असली नेता ममता बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस नेत्री और पश्चिम बंगाल की चार बार से मुख्यमंत्री) हैं, न कि नेहरू-गांधी परिवार के सियासी जमींदार, जो सौभाग्य से नेता प्रतिपक्ष तो हैं, लेकिन वैचारिक और रणनीतिक तौर पर उसके 'नाकाबिल' हैं! तभी तो खुद इंडिया गठबंधन के उनके साथी भी उन्हें अपना नेता मानने को लेकर किंतु परन्तु करते रहते हैं! मेरी बात उन्हें बुरी लग सकती है, लेकिन इसके मर्म को आत्मसात कर लिए तो उनकी पार्टी की सियासी किस्मत भी बदल सकती है, क्योंकि जिस पार्टी ने देश को आजादी दिलाई, सर्वाधिक समय तक देश-प्रदेश पर राज किया, उसकी मौजूदा दुर्दशा पर हर कोई तरस खाएगा। चर्चा के मुताबिक, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की कैबिनेट ने कर्नाटक ट्रांसपैरेंसी इन पब्लिक प्रक्योरमेंट (केटीपीपी) ऐक्ट में बदलाव के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। खबर है कि इस ऐक्ट में बदलाव का यह बिल विधानसभा के इसी बजट सत्र में आएगा, जिसके पारित होने के बाद कर्नाटक के सरकारी टेंडर में मुस्लिमों सहित सभी अल्पसंख्यक वर्ग के सरकारी ठेकेदारों को 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो जाएगा। वहीं, डिप्टी सीएम ने कहा कि, टेंडर में कोटा सभी अल्पसंख्यकों और पिछड़े वर्ग के लिए तय किया गया है, जिसकी प्रतिशतता सम्बन्धी विस्तृत जानकारी उन्होंने नहीं दी है। वहीं, बीजेपी ने कर्नाटक सरकार के इस फैसले को असंवैधानिक बताया और कहा कि कांग्रेस मुस्लिम सहित अल्पसंख्यक तुष्टीकरण में नए पैमाने गढ़ रही है। यह देश के लिए खतरा है। बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हमारी पार्टी इसके खिलाफ है और विरोध करती रहेगी। बाद में कर्नाटक के डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार ने कहा कि 4 प्रतिशत कोटा सिर्फ मुस्लिमों के लिए नहीं, बल्कि सभी अल्पसंख्यकों और पिछड़ों के लिए है। वहीं, कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिम आरक्षण पर एक सेवानिवृत्त नौकरशाह ने कहा है कि राज्य सरकार को अख्तियार है कि वह रिजर्वेशन दे सकती है। इसी नजरिए से कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल आदि राज्यों में मुस्लिम आदि अल्पसंख्यकों को ओबीसी कैटिगरी में रखकर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाई और सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया है। जबकि यहां मसला सरकारी टेंडर प्रक्रिया में रिजर्वेशन का है। हालांकि, इस पर जिसे ऐतराज है, वह संवैधानिक अदालत में इसे चुनौती दे सकता है। क्योंकि यहां नया सिर्फ यह है कि टेंडर प्रक्रिया में रिजर्वेशन दिया गया है। कैबिनेट फैसला ले सकती है जिसमें कोई शक नहीं है। यह अलग बात है कि इस फैसले को संवैधानिक कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। आम तौर पर संसद या विधानसभा से पास किसी भी कानून को संवैधानिक अदालत में चुनौती दी जा सकती है। तब अदालत स्क्रूटनी करती है और यह देखती है कि कानून या सरकार का फैसला संविधान के दायरे में है या नहीं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के एक एडवोकेट की प्रतिक्रिया आई है कि संविधान में अनुच्छेद 15 और 16 में पढ़ाई-नौकरी में रिजर्वेशन का प्रावधान है, लेकिन सरकारी ठेकों में आरक्षण का जिक्र सविधान में नहीं है। चूंकि शीर्ष अदालत में कर्नाटक में सरकारी नौकरी में मुस्लिम रिजर्वेशन का मसला आ चुका है। पर मौजूदा मामला टेंडर से संबंधित है। इसलिए संवैधानिक तौर पर यह रिजर्वेशन शायद ही कोर्ट में टिक पाए। क्योंकि संविधान में आर्टिकल 15 व 16 में रिजर्वेशन दिए जाने का प्रावधान है। एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में दाखिले के लिए आर्टिकल 15 के तहत प्रावधान है और सरकारी नौकरी में रिजर्वेशन का प्रावधान आर्टिकल 16 में है। जबकि कर्नाटक सरकार ने टेंडर में रिजर्वेशन दिया है और वह भी रिलिजन के आधार पर दिया है। वहीं यह संविधान के तहत वर्णित परिभाषा पब्लिक एंप्लायमेंट के तहत नहीं आता है। लिहाजा रिजर्वेशन सिर्फ सरकारी नौकरी और शैक्षणिक संस्थान में दाखिले के लिए हो सकता है। कानूनी जानकार बताते हैं कि कैबिनेट रिजर्वेशन दे सकती है।

दृष्टि कोण

## देशहित में है राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का निर्धारण

**रक्षा** और राष्ट्रीय सुरक्षा नीति बनाने की पुरजोर सिफारिश करने वाले एन.एन. वोहरा एक समय रक्षा सचिव और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। 'भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियां' नामक किताब वोहरा द्वारा संपादित निबंधों का एक मौलिक संग्रह है, जिसको लेकर उन्होंने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में दिवंगत जनरल बिपिन रावत और जनरल अनिल चौहान -दोनों चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ- के साथ चर्चा की थी और कई सार्वजनिक व्याख्यान भी दिए हैं। गत 28 फरवरी को हुई नवीनतम चर्चा में, उन्होंने दो मुद्दों पर जोर दिया : राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का अभाव; और राष्ट्रीय सुरक्षा वार्ता में पारदर्शिता की कमी। उन्होंने कई समस्याओं को सूचीबद्ध किया : एकल मंच दृष्टिकोण, अपर्याप्त उच्च रक्षा प्रबंधन, क्रॉस-डोमेन संपर्क की कमी और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों के साथ आंतरिक सुरक्षा को मिलाकर देखने में विफलता। उन्होंने आंतरिक सुरक्षा के लिए अलग से मंत्रालय बनाए जाने पर सुझाव दिया। पूर्व विदेश सचिव श्याम सरन के साथ, उन्होंने याद दिलाया कि राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के तीन मसौदे तैयार किए गए थे, जिनमें से एक तत्कालीन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शिवशंकर मेनन ने अनुमोदित भी कर दिया था, लेकिन राजनीतिक नेतृत्व की जवाबदेही तय होने के डर से कोई एक भी सार्वजनिक नहीं हुआ। चौथा मसौदा संभवतः राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के पास अटका धूल फांक रहा है। पिछले साल जनरल चौहान के साथ आमने-सामने की बातचीत के दौरान वोहरा उन्हें सहमत कर पाए कि राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत की असल में जरूरत है और 'कुछ लिखा जा रहा है।' हालांकि, इससे पहले, 29 मई, 2024 को लेफ्टिनेंट कर्नल गौतम दास (से.नि.) की पुस्तक 'इंडियन आर्ट ऑफ वॉर फॉर फ्यूचर चैलेंजेज' के विमोचन के दौरान, जब राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के बारे में पूछा गया, तो जनरल चौहान ने जवाब दिया था : 'लिखित नीति की आवश्यकता नहीं है...हमने बीते 70 वर्षों में कई युद्ध लड़े हैं और प्रबंधन बढ़िया ढंग से किया...।' उसी वर्ष बाद में, जनरल चौहान के समान विचार वाले, एक 'अक्लमंद' जनरल ने सुरक्षा नीति को कलमबद्ध न किए जाने का अनुमोदन यह कहकर किया : 'यह हमारे दिमाग में है।' आधुनिक शासनकला में राष्ट्रीय हितों का प्रबंधन और सुरक्षा हेतु विभिन्न संस्थानों के काम का निष्पादन लिखित योजनाओं एवं आकस्मिकता पर क्रियान्वयन करने पर टिका है। सुरक्षा रणनीति समग्र रणनीतिक, रक्षा और सुरक्षा की समीक्षा कर बनाई जानी चाहिए, इससे जीडीपी के प्रतिशत आधारित संसाधन आवंटन, उच्च रक्षा संगठन और अनिश्चितताओं एवं बड़े पैमाने की व्यवधानों के युग में अंतर्निहित लचीलेपन के साथ रक्षा और सुरक्षा नियोजन में सकल क्षमता का निर्माण हो सकेगा। निवारण उपायों, कूटनीति और विकास को परिवर्तनों के अनुकूल ढलना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूक्रेन-रूस युद्ध को समाप्त करने की अपनी योजना पेश करके खलबली मचा दी है। अचानक, यूरोप और नाटो, जो संभवतः अमेरिका से अलग हो जाएंगे, अपने रक्षा बजट को न केवल 2 प्रतिशत, बल्कि 5 प्रतिशत तक बढ़ाने को हाथ-पैर मार रहे हैं। रूस दुश्मन है, लेकिन लगता है अब अमेरिका के लिए नहीं रहा। 1991 में, सोवियत संघ के विघटन के बाद, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ फील्ड मार्शल लॉर्ड ब्रैमल ने इस लेखक से कहा था कि ब्रिटेन का अब कोई दुश्मन नहीं रहा। उन्होंने कहा : 'हम कोई ढूंढ़ रहे हैं'। और उन्हें एक मिल गया। दीर्घकालिक रक्षा नियोजन न होने ने भयावह परिचालन स्थितियों को जन्म दिया। इनमें से एक, जो पिछले दो दशकों से भारत के सामने मुंह बाए खड़ी थी, अब विस्फोटक रूप धर चुकी है : भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान स्कवाड्रनों की संख्या घटकर 31 से भी कम रह गई, जबकि प्रावधान 42 स्क्वाड्रन बनाए रखने का है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को अभूतपूर्व कड़ाई से एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने हाल ही में कहा :'हल्के लड़ाकू विमानों की जो संख्या देने का एचएएल ने वादा किया, वह उनकी आपूर्ति देने में विफल रहा है', उन्होंने आगे कहा : 'मुझे एचएएल पर भरोसा नहीं रहा। वह मिशन मोड में नहीं है।' भारतीय वायुसेना को हर साल 35-40 नए लड़ाकू विमान चाहिये, एचएएल ने 2025 में 24 एलसीए एमके-1ए देने का वादा किया है। एपी सिंह कहते हैं कि बाकी निजी क्षेत्र द्वारा उपलब्ध कराए जा सकते हैं। लेकिन 114 बहुउद्देशीय लड़ाकू विमानों पर 'आवश्यकता की स्वीकार्यता' वाली स्थिति की अनदेखी और पिछले महीने ट्रम्प-मोदी के संयुक्त बयान में जीई-414 इंजन का उल्लेख नहीं होने के साथ, भारतीय वायु सेना को विकट परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है, जैसा कि वायुसेना के एक पूर्व प्रमुख ने गत सप्ताह इस लेखक को बताया कि इससे भारतीय वायुसेना दो मोर्चों पर एक साथ भिड़ने की क्षमता रखने में असमर्थ हो जाती है।

कुछ अलग

## ... ताकि सेफ रहे सेब

**दुनिया** को नये टैरिफ युद्ध में धकेलने वाले ट्रंप प्रशासन के दबाव की आंच हिमाचल के सेब उत्पादकों तक भी पहुंच रही है। भारत पर सेब आदि उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ घटाने के दबाव ने हिमाचल के सेब उत्पादकों के माथे पर चिंता की लकीरें उकेर दी हैं। वे केंद्र सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि किसी भी कीमत पर अमेरिकी सेब पर टैरिफ कम न किया जाए, अन्यथा लाखों उत्पादकों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ जाएगी। वे तब से फिक्रमंद हैं जब वर्ष 2023 में आयात शुल्क सत्तर फीसदी से घटाकर पचास फीसदी कर दिया गया था। उनको फिक्र है कि यदि फिर टैरिफ में कमी की गई तो भारतीय बाजार अमेरिका के उच्च गुणवत्ता वाले सस्ते सेब से पट जाएगा। जिससे घरेलू सेब उत्पादकों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। आंकड़े इस गंभीर स्थिति को बयां करते हैं कि वर्ष 2018 में जब टैरिफ बढ़ाए गए तो वर्ष 2022-23 तक अमेरिकी सेब का आयात 1.28 लाख मीट्रिक टन से घटकर सिर्फ 4,486 मीट्रिक टन रह गया था। मौद्रिक संदर्भ में देखें तो यह 145 मिलियन डॉलर से घटकर मात्र 5.27 मिलियन डॉलर रह गया था। सेब उत्पादक इस बात को लेकर चिंतित है कि जब वर्ष 2023 में टैरिफ को फिर से वापस पचास फीसदी पर लाया गया तो आयात में करीब 20 गुना वृद्धि हो गई थी। ऐसे में यदि किसी भी तरह की कमी फिर आयात शुल्क में की जाएगी तो भारतीय बाजार वाशिंगटन सेब से पट जाएंगे। फिर भारतीय प्रीमियम सेब से बहुत कम कीमत पर मिलने के कारण गुणवत्ता का विदेशी सेब उपभोक्ताओं की प्राथमिकता बन जाएगा। खासकर संपन्न तबके की पहली पसंद बन जाएगा। इस चिंता ने घरेलू सेब उत्पादकों की नींद उड़ा दी है। उन्हें डर कि पौष्टिकता व रस की गुणवत्ता में भारतीय सामान्य सेब अमेरिकी सेब का मुकाबला नहीं कर पायेगा। लोगो में आम धारणा रहती है कि विदेशी सेब ज्यादा अच्छा होगा। बहरहाल, अमेरिकी सेब पर टैरिफ घटाने की आशंका से सात लाख सेब उत्पादकों की आजीविका पर खतरा मंडराने लगा है। इसकी वजह यह भी कि अमेरिकी व्यापार वार्ता में कृषि टैरिफ घटाना मुख्य मुद्दा है। हालांकि, भारत जो उच्च आयात शुल्क लगाता है वह सोयाबीन पर 45 फीसदी, मक्का पर 50 फीसदी और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर 150 फीसदी है। अमेरिकी मांग है कि उसके कृषि निर्यात के लिये अवरोध कम किए जाएं। लेकिन निर्विवाद रूप से व्यापार एकतरफा नहीं हो सकता। अगर भारत को रियायतें देनी ही हैं तो उसे अपने उत्पादों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के लिये पारस्परिक बाजारों में पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेब उत्पादक पहले ही सस्ते ईरानी आयातों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहे हैं। ईरानी सेब भारतीय बाजार में पचास-साठ रुपये कम कीमत पर उपलब्ध है, जिसकी वजह से गैर-प्रीमियम गुणवत्ता वाले सेबों का लाभकारी मूल्य मिलना बेहद मुश्किल है। स्थानीय सेब उस दर पर आयातित सेबों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते, क्योंकि राज्य में उत्पादन व परिवहन लागत ज्यादा है। यह बात जगजाहिर है कि हिमालय के पहाड़ी इलाकों के कारण उच्च उत्पादन लागत से किसान जूझ रहे हैं। जिसमें मशीनीकरण असंभव हो जाता है। इसके विपरीत, अमेरिकी सेब उत्पादक अत्यधिक मशीनीकृत खेती और बड़े पैमाने पर सब्सिडी से लाभान्वित होते हैं। यही असंतुलन भारत में सेब उद्योग को अनियमित आयातों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। भारतीय उत्पादकों के लिये सुरक्षात्मक उपाय किए बिना किसी भी तरह की टैरिफ कटौती पहले से ही संकट में पड़े फल उद्योग को पंगु बना देगी। वहीं दूसरी ओर 'वोकल फॉर लोकल' को एक नारे से अधिक व्यवहार में लाना है तो भारत को आंख मूंदकर आयात शुल्क कम करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

देश दुनीया से

## आजीविका : वानिकी में समाधान

**हिमालयी** राज्यों में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की समस्या विकट बनती जा रही है। विकास की दिशा और तरीका या मॉडल समस्या को समझ कर संतुलित रास्ता तलाशने के बजाय मुख्यधारा मॉडल पर ही आगे बढ़ रहा है, जिससे समस्या और बढ़ती जा रही है। एक ओर पूंजी का दबाव है, दूसरी ओर आम आदमी की बढ़ती अपेक्षाएं हैं। कोई रुक कर सोचने को तैयार नहीं है कि हमारे तौर तरीकों का प्रकृति पर क्या असर पडने वाला है। सब जल्दबाजी में हैं कि कब करोड़पति बन जाएं। इस अंधी होड़ में प्रकृति लगातार जख्मी होकर संदेश दे रही है कि बहुत हो गया, थोड़ा आसपास के प्रकृति के नुकसान को देख कर सोचने का प्रयास कर लो कि इसका हमारी अपनी ही जिंदगी पर आने वाले समय में क्या असर पडने वाला है। सारा उत्पादन का तरीका 'प्रयोग करो और फैंको' पर आधारित है। इससे एक ओर जहां कचरे के अंबार लगते जा रहे हैं, तो दूसरी ओर जिन जरूरतों को पूरा करने के लिए एक इकाई कच्चे माल की जरूरत थी, उसके बजाय दस गुणा दोहन प्राकृतिक संसाधनों का किया जा रहा है। इससे संसाधनों की कमी तो आएगी ही, साथ ही प्रकृति के संतुलन के बिगड़ जाने का खतरा भी बढ़ता ही जा रहा है। प्रकृति संकेत दे रही है। बेमौसमी बाढ़-सूखा, घटते ग्लेशियर, सूखता पानी, भूस्खलन, प्लास्टिक कचरे का प्रदूषण, जिससे फैलती बीमारियां, जहरीले स्प्रे से फैलती बीमारियां, प्रदूषित पानी, वायु, मिट्टी, जहां नजर डालो वहां जीवनदायी तत्वों का विघटन दिखाई देता है। सुख-सुविधाएं तो बढ़ी हैं, पर किस कीमत पर, यह देखना जरूरी है। इसलिए संतुलन और पर्वतीय क्षेत्रों के लिए प्रकृति मित्र विकास के मॉडल की बात बार-बार सामने आ रही है, किन्तु सुनता कोई नहीं। पर्वतीय क्षेत्रों की दूसरी बड़ी चुनौती है यहां के आदमी को टिकाऊ आजीविका उपलब्ध कराना। यहां खेती की जमीन तो केवल 10 फीसदी है। उसमें भी केवल चौथा भाग ही सिंचित है। मैदानों में इसके मुकाबले 85 फीसदी जमीनें खेती के अंतर्गत आती हैं। 67 फीसदी वन भूमि है। उसमें से भी 40 फीसदी के लगभग चट्टानें, स्थायी बर्फ वाले क्षेत्र, और वनस्पति-रेखा से ऊपर के क्षेत्र हैं जिनमें घास भी पैदा नहीं होता। ऐसी भौगोलिक परिस्थिति में जिंदा रहने का संघर्ष काफी कठिन हो जाता है। अगर खेती की जमीनों के विस्तार की बात करें तो उसकी संभावना भी मामूली है, क्योंकि जो खेती योग्य थीं, वे पहले ही कृषि कार्य में परिवर्तित हो चुकी हैं। अब बहुत थोड़ा उसमें बढ़ोतरी की गुंजाईश है। उसमें भी वन क्षेत्र खोने का खतरा है, जिसकी इजाजत न तो भारत का कानून देता है और न ही भौगोलिक हालात और पर्यावरणीय चुनौतियां। सरकारें भी दीर्घकालीन सोच से किनारा करके तात्कालिक समाधानों तक सीमित होती जा रही हैं। यहां का मुख्य संसाधन पानी है, किन्तु जलविद्युत से भी पूरा लाभ पर्वतीय राज्यों को नहीं मिल पा रहा है। ज्यादातर बिजली परियोजनाओं से 12 फीसदी मुफ्त बिजली प्रदेश को मिल रही है, जबकि यह हिस्सा कम से कम 25 फीसदी होना चाहिए। क्या ही अच्छा होता यदि खुद पर्वतीय सरकारों को ही नर्म शर्तों पर ऋण देकर उनसे ही परियोजनाएं लगवाई जाती, तो सारी कमाई संसाधनहीन पर्वतीय राज्यों को मिलती और पर्वतीय राज्य कर्जदार न बनते। यहां उद्योगीकरण की संभावना भी उन उद्योगों के लिए है जिनमें 'उच्च मूल्य और कम मात्रात्मक विस्तार' वाला उत्पादन हो। जैसे कि दवाइयों के क्षेत्र में अच्छा काम हुआ है। या सुगन्धित बूटियों के अर्क आदि निकाल कर कुछ रोजगार खड़े किए जा सकते हैं। फलों के प्रसंस्करण का भी काम बढ़ाया जा सकता है। किन्तु जिन उद्योगों का कच्चा माल भी बाहर से आएगा और बिक्री के लिए भी तैयार माल को बाहर भेजना पड़ेगा, उन उद्योगों के लिए हालात प्रतिस्पर्धा योग्य नहीं रहते। अब जो बड़ा भूभाग वनों के अधीन है, उसके उपयोग को आजीविका की दिशा में मोड़ कर आने वाले समय के लिए टिकाऊ आजीविका के आधार खड़े किए जा सकते हैं। उसके लिए ऐसे वन खड़े करने होंगे जिनको बिना काटे रोजी पैदा की जा सके। इसके लिए चिपको आंदोलन के समय से मांग की जा रही है। एक नारा दिया गया था कि 'रहे सहे वृक्ष बचाओ, पंच जीवन वृक्ष लगाओ'। जीवन वृक्ष ऐसे वृक्ष हैं जो फल, चारा, ईंधन, खाद, रेशा और दवाई देने वाले हों। उनको बिना काटे ही जीवनयापन के लिए आजीविका खड़ी की जा सकती है। ऐसे फलदार वृक्ष जो जंगल के हालात में भी कीमती फल दे सकते हैं, जैसे कागजी अखरोट, जंगली खुमानी, चिलगोजा आदि। हिमालय में 67 फीसदी जंगल होने के बावजूद चारे का अकाल है। चारे के वृक्ष, और विविध प्रकार के घास लगा कर पशुपालन, भेड़ बकरी पालन को लाभदायक बनाया जा सकता है। निचले क्षेत्रों में देसी आम, बेर आदि उगाए जा सकते हैं। कुछ जंगली फल भी उगा कर फसलों में बंदरों द्वारा नुकसान कम किया जा सकता है। भूमिहीन लोगों को यदि भूमि देनी हो और वृक्ष संख्या कम किए बिना यह काम करना हो तो वृक्ष खेती एक बेहतर विकल्प है। इससे लोगों को आजीविका भी मिल जाएगी और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष आच्छादन भी बना रहेगा। निचले क्षेत्र विशेषकर बाहरी हिमालय और शिवालिक विभिन्न प्रकार के खरपतवारों से अनुत्पादक हो चुके हैं। उनमें यदि उच्च सेलुलोस वाले बांस का बड़े पैमाने पर रोपण किया जाए तो 10 वर्षों के भीतर अच्छा आर्थिक लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। बांस को एथनोल उत्पादन में यदि प्रयोग किया जाए तो इसमें गन्ने के मुकाबले दस गुणा एथनोल बन सकता है। एथनोल की मांग असीमित होगी। यदि ग्रामवन के पुराने या एफआरए के नए प्रावधानों के अंतर्गत ग्राम समुदाय को जोड़ कर ये वन लगाए जाएं तो गांव में अच्छा खासा आजीविका खड़ी की जा सकती है। भटियात के सुहार बीट में कागजी अखरोट के पौधे लगाने का काम सराहनीय है।

> विकास की दिशा और तरीका या मॉडल समस्या को समझ कर संतुलित रास्ता तलाशने के बजाय मुख्यधारा मॉडल पर ही आगे बढ़ रहा है, जिससे समस्या और बढ़ती जा रही है। एक ओर पूंजी का दबाव है, दूसरी ओर आम आदमी की बढ़ती अपेक्षाएं हैं।

आप का नजरीया

## शीर्षता की सूची में

**भारत** के प्रमुख शैक्षिक, प्रौद्योगिकी संस्थानों और विश्वविद्यालयों के लिए बेहद अच्छी खबर है। अब भारत भी शीर्षता की वैश्विक सूची में उपस्थित है। देश के 9 संस्थान शीर्ष 50 संस्थानों की जमात में शामिल हैं और 79 भारतीय विश्वविद्यालयों को भी शीर्षता के तौर पर चिह्नित किया गया है। बीते साल यह संख्या 69 थी। एक दौर ऐसा भी था, जब हमारे संस्थान और विश्वविद्यालय 500 शीर्ष की सूची में भी नहीं आते थे। उसमें भी कोई राजनीतिक और भारत को 'पिछड़े देश' के तौर पर आंकने की मानसिकता रही होगी, क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में भारत शीर्ष देशों की श्रेणी में रहा है। नालंदा, तक्षशिला इसके सांस्कृतिक उदाहरण रहे हैं, लेकिन वक्त के मुताबिक, शिक्षा के आयाम और क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। आज कृत्रिम बौद्धिकता, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग का बिल्कुल परिवर्तित युग है, लिहाजा रोजगार की अपेक्षाएं भी बदली हैं। सुखद और प्रोत्साहित खबर यह है कि भारतीय विश्वविद्यालयों के 24 इंजीनियरिंग संस्थान, सोशल साइंस के 20 और प्राकृतिक विज्ञान के 19 संस्थान शीर्षता की सूची में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह उपलब्धि ऐसे समय हासिल हुई है, जब बहुधा रपटों और सर्वेक्षणों के निष्कर्ष सामने आ रहे थे कि भारतीय स्नातकों में कौशल, हुनरमंदी का घोर अभाव है। अब क्यूएस रैंकिंग सूची में विश्वविद्यालयों और संस्थानों के कौशल संबंधी प्रयासों का भी उल्लेख किया गया है, नतीजतन स्नातकों की वरीयता में नियोक्ताओं (एंप्लायर) की अपेक्षाओं और दृष्टिकोण में भी काफी सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी हालिया साक्षात्कार में कहा है कि दुनिया कुछ भी कर ले, लेकिन भारत के बिना 'एआई' (कृत्रिम बौद्धिकता) अधूरी है। हालांकि भारत सरकार में कौशल मंत्रालय का गठन प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्र रूप से किया था, लेकिन कौशल के नाम पर कुछ भाषण देना या सुनना के अलावा हम ठोस और व्यावहारिक तौर पर इसे आंदोलन नहीं बना सके हैं, लिहाजा हमारे युवा वैश्विक ही नहीं, घरेलू आधार पर भी पिछड़े हैं। बहरहाल हम शीर्षता की जमात में शामिल हो गए हैं, लेकिन क्यूएस 2025 में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भारत ज्ञान और अर्थव्यवस्था का शीर्ष गंतव्य, गढ़ बनने में अब भी पीछे है। यह भी रेखांकित किया गया है कि भारत के संभ्रांत और विशिष्ट विश्वविद्यालयों को अपने छात्रों के सीखने के अनुभवों में सुधार की गुंजाइश बेहद जरूरी है। उसी के बाद वे वैश्विक तौर पर अपनी उपस्थिति साबित कर पाएंगे। छात्रों के सीखने के अनुभवों और उन्हें प्रशिक्षित बनाने में बेहतर शिक्षकों, निरंतर निरीक्षण और पाठ्यक्रम विकास आदि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सूची में शामिल विश्वविद्यालय और संस्थान क्यूएस वरीयता प्रणाली के ऐसे मानदंडों पर लगभग खरे साबित हुए हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली में पर्याप्त प्रशिक्षित शिक्षकों और उनके काम करने की माकूल स्थितियां आज भी हमारी उच्च शिक्षा के लिए बुनियादी समस्याएं बनी हुई हैं। संस्थानों में पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं अथवा छात्रों के अनुपात में अध्यापक बहुत कम हैं। 2023 की एक कैग रपट में खुलासा किया गया था कि आईआईटी संस्थानों में शिक्षकों की भर्ती नियमित रूप से की जाती रही है, लेकिन अब भी वे उतने नहीं हैं, जितने छात्रों के अनुपात में होने चाहिए। ऐतिहासिक कमजोरी यह है कि ऐसे शिक्षकों की संख्या को वैज्ञानिक तौर पर कभी भी तय नहीं किया गया। 2009 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने एक कार्यबल का गठन किया था।

# कोल वाहन दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल

➲ लगातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ी, बसरिया मेला से जा रहे थे लोग

➲ मेले में शराब, छेड़खानी की मामले में वृद्धि, लोग परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला ओपी थाना अंतर्गत लेपो मुख्य सड़क हा 100 पर अज्ञात कोल वाहन के चपेट में आने से एक की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई है। वहीं एक की हजारीबाग इलाज के दौरान मौत हो गई है। साथ हीं एक महिला घायल हो गई है। घटना के बाबत शिला ओपी थाना प्रभारी राहुल कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि देर रात्रि लेपो मुख्य सड़क पर वाहन के चपेट में आने से घटना स्थल पर कटकमदाग थाना के बेंदी गांव टोला झगर बांध निवासी उपेंद्र कुमार पिता बालदेव गंझू की मौत हो गई। वहीं घायल विकास गंझू पिता महेश गंझू उदयपुर बेंदी, कटकमदाग थाना क्षेत्र निवासी को हजारीबाग सदर अस्पताल जाने के क्रम में मौत हो गई है। साथ हीं लेपो गांव निवासी एक महिला घायल हो गई है जिसका इलाज जारी है। दोनों को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुशार उक्त दोनों युवक बसरिया मेला से शराब पीकर देर रात्रि मेला से निकला था ।जाने के क्रम में मनचला कोल वाहन अपने चपेट में ले लिया। जिससे मौत हो गई है। आपको बता दें कि बसरिया मेला में मेला संचालक के कुव्यवस्था के कारण लोग शराब का सेवन से लेकर छेड़खानी की बरदात ज्यादा बढ़ गई है। वहीं मेला से जानवर लेकर अर्धरात्रि से लेकर पूरे रात्रि तक सड़क पर मवेशी लेकर आना जाना लगा रहता है। जिसके कारण घटनाएं बढ़ गई है। साथ हीं शराब का सेवन कर सड़क पर चलने के कारण दुर्घटना में इजाफा हो गया है। इस तरह बसरिया मेला में कुव्यवस्था और अनैतिक कार्य होने के कारण ग्रामीणों ने मेला को बंद करने का प्रशासन से आग्रह किया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मेला में ना समुचित पानी की व्यवस्था है और ना समुचित बिजली की व्यवस्था है। जिसके कारण हुडदूंगियों द्वारा महिलाओं को काफी परेशान किया जा रहा है। मेला मालिक केवल मेला का वसूली करने में व्यस्त है। और लोग परेशान व हलेकान है।

## पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक नई योजनाओं का किया चयन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिषर सभागार में बुधवार को पंचायत समिति सदस्य क्रियवान की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में कागजाती कोलम पूरा किए गए। पुराने योजनाओं का भुगतान करने की बातें की गई।तो वही 2025-26 में 15 वित योजना के तहत नई योजना का चयन किया गया। जिसमें तीन नई योजना का प्रशासनिक सुकृति दी गई। जिसमें नाली, पीसीसी और एक कुआं है। वही पुराने 13 योजनाओं का भुगतान करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कई बातें उठाई गई परंतु किसी का समाधान अब तक नहीं देखने को मिला है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने 2025-26 में 15 में वित्त आयोग से प्रखंड के सभी प्लस टू विद्यालय में सेनेटरी पैड (भस्मा) लगाने की बात पारित की गई है। बैठक में प्रमुख, उप प्रमुख प्रीतम यादव पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी प्रियांशु कुमारी पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय हुआ अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संजय दांगी का जीवन खतरे में, शासन प्रशासन से नहीं मिल रही मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संजय दांगी के यहां टूट पड़ा है दुखों का पहाड़, कोई भी भाजपा नेताओं में नहीं हो रही है मदद की सुगबुगाहट। बताते चले की संजय दांगी 2019 से गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं ।उनके फेफड़े में इन्फेक्शन के कारण सिकुड़न हो गई है जिससे इन्हें स्वास लेने में काफी तकलीफ है। फिलहाल इनका जीवन ऑक्सीजन पर चल रही है जो कि 24 घंटे में केवल एक घंटे फीडिंग के लिए ऑक्सीजन खोलते हैं। इनके हाथ और पैरों में भी काफी सूजन हो गया है फिलहाल इनका जीवन बचाने के लिए बड़े डॉक्टर से इलाज अति आवश्यक है, इन्होंने अपने इलाज के लिए अपने घर एवं कर्ज के माध्यम से काफी पैसा खर्च कर चुके हैं व जमीन जायदाद भी बिक चुके हैं इनके बीमारी में इस विषम स्थिति में भी कुदरत का कर देखिए की इनकी मां भी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो गई है, जो की बेड से उठ नहीं पाती हमेशा बेड पर ही पड़ी रहती है। ऐसी स्थिति में उनकी पत्नी का भी सब्र का बांध अब टूटने लगा है इनके आंखों से आंसू सुख नहीं रहे हैं। घर में उनके माता-पिता, पत्नी व दो छोटे-छोटे लड़के हैं। जिनकी पढ़ाई भी बाधित हो रही है क्योंकि इस घर में इकलौता संजय दांगी ही घर को चलाने वाले हैं और इस स्थिति में घर का हाल बिल्कुल खराब हो चुका है। इन बच्चों का, मां-बाप का भरण पोषण करने वाला अकेला मात्र संजय दांगी ही है, जो अब उनका घर बिखर चुका है। और घर चलने वाला कोई नहीं, आखिर में इनके माता-पिता और बच्चों का परवरिश कौन संभालेगा। बच्चे भी काम करने योग्य नहीं है जो कहीं मजदूरी करके घर को संभाल सके, फिलहाल 15 मार्च को चतरा लोक सभा सांसद श्री कालीचरण सिंह होली मिलन समारोह के लिए आए हुए थे। उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने उनके घर पर जाकर परिवार को हर समय मदद करने की संतावना दी है।परन्तु सांसद श्री काली को मिले एक सप्ताह होने को चला लेकिन ऐसा लग रहा है की संतावना केवल संतावना ही रह जाएगा। संजय दांगी के जीवन बचाने के लिए मदद के अलावे इनके पास दूसरा कोई रास्ता नहीं बचा है। अगर समय रहते बेहतर इलाज शासन प्रशासन के ओर से मुहैया नहीं कराया गया तो संजय दांगी की जीवन खतरे में पड़ सकती है।

# सरना धर्मालंबियों ने मनाया चौथा स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड स्थित सिंदूरबे गांव में सरना धर्मावलीयों ने बुधवार को चौथा स्थापना दिवस सह प्रार्थना सभा कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर सरना विधिवत पूजा अर्चना तथा प्रवचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश लिंडा झारखंड प्रदेश धर्मगुरु विशिष्ट अतिथि नीरज मुंडा राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कई जिले के धर्मगुरु उपस्थित थे।सरना धर्मावली के लोगो ने गांव के डाडी से कलश पानी किया।सरना झंडोतोलन कार्य के बाद अतिथियों द्वारा प्रवचन कार्य किया गया। इस दौरान सरना के युवक युवती द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम किया गया। मौके पर रामदेव उरांव उतरीछोटानागपुर धर्मगुरु, संदीप उरांव रामगढ़ धर्मगुरु, बबन तिग्गा हजारीबाग धर्मगुरु, सोमरा उरांव चतरा धर्मगुरु के साथ साथ राजी पहड़ा सरना प्रार्थना सभा सिंदूरबे के अध्यक्ष बसंती मुंडा, सचिव किशुन उरांव, कोषाध्यक्ष मोसो उरांव सहित सरना समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पारिवारिक विवाद में महिला ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बालू पंचायत अंतर्गत खैराही ग्राम में एक महिला ने पारिवारिक विवाद में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मघनी देवी 50 वर्ष पति बलेश्वर उराँव ग्राम खैराही थाना बालूमाथ निवासी का अपने पति के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। जिसके बाद गुस्से में आकर महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## चतरा प्रेस क्लब के निर्वाचित पदाधिकारियों ने उपायुक्त से भवन देने की किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा प्रेस क्लब भवन की मांग को लेकर निर्वाचित चतरा प्रेस क्लब के निर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों ने डीसी और डीडीसी से भवन देने की मांग को लेकर मुलाकात किया है। चतरा प्रेस क्लब के निर्वाचित जिला अध्यक्ष सुनील साहू का कहना है कि जब संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक प्रणाली द्वारा चतरा प्रेस क्लब का चुनाव किया गया है तो निर्वाचित चतरा प्रेस क्लब को नव निर्मित भवन सौंपा दिया जाय। चुकी जिले के नामचीन पत्रकारों द्वारा चतरा प्रेस क्लब का विधिवत संवैधानिक तरीके से चुनाव कराया गया है। जब चुनाव में हार गए तो खिसिया कर कुछ लोगों ने अपने तरीके से मनोनयन कर प्रेस क्लब चतरा का निर्माण किया गया है। जबकि यह लोकतांत्रिक चुनाव द्वारा नहीं किया गया है। और वहीं गिने चुने लोग आज प्रेस भवन को हथियाने का जुगाड बना रहे हैं। आपको बता दें कि यह प्रेस क्लब भवन का निर्माण आंचलिक पत्रकारों को रात्रि ठहरने से लेकर विश्राम करने तक बनाया गया है। चुकी जिले के आंचलिक पत्रकारों को चतरा में किसी आवश्यक कार्य हेतु परिवार समेत ठहरने की जरूरत होती है तो लोग मजबूरन होटल का सहारा लेना पड़ता है जो पत्रकारों के लिए अहित है।

## बारियातु में सरहुल महोत्सव 2025 का तैयारी बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड क्षेत्र के नघना ग्राम स्थित पड़हा भवन मे बारियातु प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव 2025 के तैयारी हेतु बैठक की गई. बैठक कि अध्यक्षता महाबीर उरांव व संचालन प्रमोद उरांव ने किया. इस बैठक मे सरहुल पुजा के सफल आयोजन हेतु कई महत्वपुर्ण बातो पर परिचर्चा की गई. जिसमे पुर्व मुखिया अर्जुन उरांव. रामप्रीत लोहरा, सुरेश गंझु, बहादुर गंझु, राजीव भगत, योगेंद्र गंझू धनेश्वर उरांव जगदिश उरांव, योगेंद्र भोक्ता सहित कई बुद्धिजीवीयो ने अपने विचार दिए. सरहुल महोत्सव 2025 के सफल आयोजन हेतु सरहुल पुजा समिति 2024 को यथायत रखा गया हैं। जिसमे अध्यक्ष पूर्व प्रमुख महावीर उरांव सचिव, सालवे पंचायत मुखिया राजीव भगत, कोषाध्यक्ष पूर्व शिबला पंचायत मुखिया धनेश्वर उरांव संरक्षक पुर्व सदर पंचायत मुखिया प्रमोद उरांव सहित कई गणमान्य लोग शामिल हैं। मौके पर रुकनी भगत, तेतरी उरांव, तारामनी उरांव, सहदुल उरांव, महेश उरांव, अर्जुन उरांव अशोक उरांव, नंदु उरांव रबीन्द्र उरांव, अमलेश उरांव, भरत उरांव, उपेंद्र उरांव ब्रह्मदेव उरांव मंजु उरांव सहित कई बुद्धिजीवीयो, समाज सेवी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत बरवाडीह में नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह ब्लॉक परिसर में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस योजना के अंतर्गत 18 से 35 वर्ष के पुरुष एवं महिलाओं को विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण दिए जाएंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। शिविर में सिलाई, इलेक्ट्रीशियन, सोलर मेकिंग, नर्सिंग एवं ब्यूटीशियन जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया कालो देवी, उप प्रमुख बीरेंद्र जायसवाल उपस्थित रहे। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक कौशल सिखाकर उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन करना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को आवश्यक संसाधन एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जाएगा, जिससे वे स्वरोजगार स्थापित कर सकें या विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी प्राप्त कर सकें। प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि यह योजना बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। वहीं, उप प्रमुख बीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिविर में स्थानीय युवाओं की अच्छी-खासी भागीदारी देखी गई। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे, जिससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर भी दिया जाएगा।

# 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह, राशन कार्डधारियों के लिये अनिवार्य आधार सीडिंग





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत लाभुकों (पीला एवं गुलाबी राशन कार्डधारी) का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी (e-KYC) सुनिश्चित करने के लिए 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में, 19 मार्च को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जिलेभर में भ्रमण कर आमजन को ई-केवाईसी के प्रति जागरूक करेगा।उपायुक्त ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी लाभुकों का आधार सीडिंग अनिवार्य है। इस प्रक्रिया के तहत, लातेहार शहरी क्षेत्र सहित जिले के सभी प्रखंडों में जन वितरण प्रणाली (PDS) विक्रेताओं को राशन कार्डधारियों के निवास स्थान पर जाकर ई-केवाईसी करने का निर्देश दिया गया है।

**ई-केवाईसी प्रक्रिया और निगरानी**


जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने बताया कि लाभुकों का ई-केवाईसी पूरा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। इस दौरान पीडीएस दुकानदार लाभुकों के घर-घर जाकर ई-केवाईसी करेंगे। मृत लाभुकों का नाम सूची में मृत अंकित कर परिजनों से हस्ताक्षर लिया जाएगा। मोबाइल नंबर का सत्यापन किया जाएगा और यदि नंबर बदला हो तो अपडेट किया जाएगा। आधार लिंक नहीं होने की स्थिति में उसे सीड कराया जाएगा। जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को प्रतिदिन की गई ई-केवाईसी सूची व्हाट्सएप के माध्यम से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (BSO) को भेजनी होगी। पलायन कर चुके लाभुकों से उनके मोबाइल नंबर के जरिए संपर्क कर उन्हें किसी भी पीडीएस दुकान में जाकर ई-केवाईसी पूरा कराने का सुझाव दिया जाएगा। इस अभियान से जिले में सभी पात्र लाभुकों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित किया जाएगा।

## बारिसाखी पंचायत में जमीन खाता 150 में घर बनाने को लेकर पति-पत्नी कर रहे हैं आग्रह




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में जमीन खाता नंबर150 प्लॉट नंबर 98 रकवा लगभग 100 एकड़ भूमि में घर बनाने को लेकर सुनीता देवी पति सिकंदर यादव अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा से आगरा कर रहे हैं। बुधवार को पति-पत्नी अंचल कार्यालय आकर अंचल अधिकारी से एक ही बात बार-बार बोले जा रहे थे। कि इस जमीन में सैकड़ो घर बने हुए हैं। फिर भी हमें घर बनाने के लिए क्यों रोका जा रहा है।यदि रोकना है तो सभी का घर हटवावें। हम भी घर नहीं बनाएंगे। अन्यथा यदि आप, अन्य सभी का घर नहीं हटवाते हैं। तो हम भी घर बनाएंगे।इसी बात को लेकर घंटों तक पति-पत्नी अंचल ऑफिस में डटे रहे। अंत में अंचलाधिकारी ने इन दोनों पति-पत्नी को एसडीओ के यहां गुहार लगाने की बात कही है।वही अंचलाधिकारी ने कर्मचारियों को जांच करने के लिए कहे हैं। परंतु मनमर्जी तरीके से कर्मचारी काम कर रहे हैं।और रिपोर्ट नहीं दे रहे हैं। तथा इस जमीन को गैर मंजरुआ बताया है।

## उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुकम्पा का लाभ देने हेतु जिला अनुकम्पा समिति की बैठक



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुकम्पा का लाभ देने हेतु जिला अनुकम्पा समिति की बैठक की गई।बैठक में उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्ति के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर लाभान्वित करने हेतु कुल 8 मामले रखे गए। उक्त सभी मामलों पर नियमानुसार आवश्यकता कार्रवाई करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, सिविल सर्जन चतरा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## युवक को मारपीट कर किया घायल, दो लोगों पर मामला दर्ज



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कोबनी गांव निवासी ललित साव के 21 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार को थाना क्षेत्र अंतर्गत बांकी गांव के दो युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर ग्रामीणों ने आनन - फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों के द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है।। घटना के संबंध में संजीत ने बताया कि मेरे गांव में मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान रविरंजन कुमार के भाई के साथ विवाद हुआ था जिसे पंचों के द्वारा सुलह करवा दिया गया था। लेकिन वही रंजिश को लेकर सोमवार दोपहर जब मैं किराना दुकान से सामान लेकर वापस आ रहा था तो रविवरंजन और उसके दोस्त दोनों ने मुझे पकड़ कर मारपीट करते हुए घायल कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नेतरहाट के टूटवापानी में 22-23 मार्च को संकल्प दिवस का आयोजन

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर साल की तरह इस वर्ष भी 22-23 मार्च को नेतरहाट के टूटवापानी में संकल्प दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय जनसंघर्ष समिति लातेहार-गुमला के नेतृत्व में किया जा रहा है। फिलहाल सरकार ने नेतरहाट फायरिंग रेंज विस्तार पर रोक लगाई इस बारे में नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज और केन्द्रीय जनसंघर्ष समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर ने जानकारी दी कि झारखंड सरकार ने फिलहाल फायरिंग रेंज के विस्तार को रोकने और इस योजना को बंद करने की बात कही है। इसी को लेकर आभार जताने और संकल्प लेने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना इस कार्यक्रम में गुमला, लातेहार और रांची क्षेत्र से प्रभावित गांवों के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। संकल्प दिवस के दौरान स्थानीय समुदाय के लोग अपने अधिकारों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्प लेंगे। संघर्ष समिति का यह आंदोलन लंबे समय से चल रहा है, और स्थानीय लोग सरकार से स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

## पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के आरोपी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि बालूमाथ थाना काण्ड संख्या 229/22 धारा 323/ 379/ 498/ 504/ 506/ 34 भा0द0वि0 एवं धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्राथमिक अभियुक्त मो. अलताफ उर्फ मो. इलताफ पिता स्व. मो. बरकत ग्राम माड़न थाना पांकी जिला को गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत में मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजनाः राशन कार्डधारियों के इलाज के लिये आर्थिक सहायता

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत लाभ के लिए राष्ट्रीय खाद्यान सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत झारखंड राज्य में निवासरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ परिवार राशन कार्डधारी, अंत्योदय राशन कार्डधारी, हरा कार्डधारी योग्य होंगे। इन्हें मिलेगा लाभ ्लाभुक किसी भी तरह की बीमारी अथवा किसी शल्य चिकित्सा के कारण (गर्भावस्था व प्रसव को छोड़कर) पीड़ित, व कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित को योजना का लाभ मिलेगा। **आवेदन करने की प्रक्रिया** अनसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के आवेदक आनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सिविल सर्जन / प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत बीमारी से संबंधित प्रमाण पत्र, प्रतिवेदन या अभिप्रमाणित दस्तावेज , आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर देना होगा।आवेदक अपना आवेदन प्रखंड कार्यालय, सिविल सर्जन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, जिला कल्याण पदाधिकारी अथवा परियोजना निदेशक आईटीडीए के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं।वयस्क लाभुको को इस योजना के तहत निम्नवत राशि प्रदान की जाएगी ्किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी, अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम तो 3000 व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को 5000 की राशि देय होगी। इसके अलावा कैंसर से पीड़ित होने पर लाभुक को 25000 रुपये मिलेंगे।अवयस्क लाभुकों को निम्नवत राशि प्रदान की जाएगी ्किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी/अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम पर 1500 रुपये व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को 2500 की राशि मिलेगी। व कैंसर से पीड़ित को 15000 हजार रुपये देय होंगे।

# बिना गार्ड के एटीएम, हाथ साफ कर रहे हैं चोर, दो बार पहले भी चोरी की घटना को दिया जा चुका है अंजाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही ।** बरही थाना अंतर्गत बरसोत जीटी रोड के किनारे मंगलवार को देर रात्रि एसबीआई एटीएम से चोरों ने नगदी पर हाथ साफ कर ली। चोरों का हौसला इतना बुलंद है कि वे एटीएम पर भी हाथ साफ करने में नहीं घबराते हैं। यह दो साल में तीसरी बार चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पहली बार जब चोरी हुई थी तब एटीएम मशीन को ही बड़े इंतजाम कर चोर उखाड़ ले भागे थे। दूसरी बार भी चोरों के द्वारा इस एटीएम में चोरी का प्रयास किया गया, पर चोर घटना को अंजाम देने में असफल रहे। मंगलवार देर रात उसी एटीएम को निशाना बनाया गया। और तीसरी बार चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों को यह तनिक भी एहसास नहीं था कि एटीएम के ऊपर कोई तीसरी आंख सीसीटीवी के रूप में इस चोरी की खेल की निगरानी कर रही है। चोरों की सारी हरकत सीसीटीवी कैमरा में कैद हो चुकी है। सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि थोड़े ही देर में चोरी की घटना को अंजाम देकर चोर काले रंग के स्कॉर्पियो से निकलते बने। हिटाची एजेंसी के तनवीर सिंह से पूछे जाने पर बताया कि सोमवार को 12 लाख की राशि एटीएम में रखा गया था, जिसमें 5 लाख 83 हजार रुपए ग्राहकों द्वारा निकासी कर ली गई थी। बाकी शेष रकम 6 लाख 17 हजार चोर अपने साथ ले भागे। प्रश्न उठता है कि सोमवार को एटीएम में राशि डाली जाती है, वहीं दूसरे दिन




मंगलवार को चोर इस एटीम पर हाथ साफ कर लेते हैं। यह घटना एक बार की नहीं, उसी एटीएम में तीन बार घट चुकी है। संदेहास्पद की स्थिति यह है कि 26 जुलाई 2023 को चोरों द्वारा पूरे एटीएम मशीन को ही उखाड़ कर मकान मालिक के सवारी गाड़ी सहित ले भागे थे। वहीं दो दिन के बाद बिना एटीएम की सवार गाड़ी सड़क के किनारे लावारिस हालत में पुलिस को मिली थी। उस समय 18 लाख 11 हजार 500 सौ रूपये की चोरी हुई थी। उसके बाद 12 सितंबर 2024 को भी शटर का ताला काटने में चोर असफल रहे थे। परंतु शायद किसी की आहट मिलने के कारण चोरों को बैरंग लौटना पड़ा था। पुलिस की इस असफलता के कारण अपराधियों को मनोबल बढ़ रहा है, चोर निर्भीक और निडर होकर तीसरी बार चोरी की घटना को अंजाम दिए। लेकिन प्रशासन इस मामले को उद्भेदन करने में अब तक असफल रही है। दूसरी बात यह है कि एसबीआई एटीएम की एजेंसी इतना बेखबर क्यों? एटीएम की सुरक्षा के लिए गार्ड की नियुक्ति क्यों नहीं की गई। बताते चले कि एटीएम बरसोत निवासी मनोज कुमार उर्फ मणिलाल के मकान में एटीएम मशीन लगा हुआ है। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे।और पूरी घटनाक्रम की जानकारी ली, वही मौके पर मौजूद डीएसपी अजीत कुमार विमल को इस घटना की हर एक पहलू पर जाँच करने का निर्देश दिया गया।

# बरही विधायक मनोज यादव ने विधानसभा में मंत्री के समक्ष पुल निर्माण की रखी मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधायक मनोज यादव ने झारखंड विधानसभा के सत्र में अपने क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों में पुल निर्माण की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग मंत्री के समक्ष अपनी मांग रखते हुए कहा कि बरही प्रखंड के लठिया और हुटवा को जोड़ने वाले मार्ग पर हुटवा नदी पर पुल का निर्माण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। विधायक श्री यादव ने बताया कि हुटवा नदी पर पुल के अभाव में क्षेत्र के लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खासकर उत्क्रमित विद्यालय, हुटवा के विद्यार्थियों को बारिश के दिनों में स्कूल पहुंचने में दिक्कत होती है। इसके अलावा, खोड़ाहर और धनवार पंचायत के ग्रामीणों को भी आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। बारिश के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ जाने से लोगों को वैकल्पिक और लंबा रास्ता अपनाना पड़ता है, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित होती है। इसके अलावा विधायक ने बरही प्रखंड के बरसोत में पार नदी पर पुल निर्माण की मांग भी रखी। उन्होंने बताया कि पार नदी पर पुल बन जाने से बरही के कई गांवों की दूरी जीटी रोड से मात्र 2 किलोमीटर रह




जाएगी, जो वर्तमान में लगभग 10 किलोमीटर है। इस पुल के बनने से लखना, दुलमाहा, विजैया, ओरपरता, डपोक सहित अन्य गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और उनका आवागमन सुगम होगा। बरही विधायक की इस मांग को ग्रामीण विकास विभाग मंत्री ने गंभीरता से लिया और इसे पूरी तरह वाजिब करार दिया। मंत्री ने आश्वासन दिया कि यदि विधायक इन पुलों के लिए अनुशंसा पत्र उपलब्ध कराते हैं, तो विभागीय नीति और वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस आश्वासन के बाद क्षेत्र के लोगों को उम्मीद जगी है कि जल्द ही पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी, जिससे उनके आवागमन की समस्या दूर हो सकेगी।

## दो छात्रों की संदिग्ध मौत से सनसनी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोर्रा थाना क्षेत्र में बीते दो दिनों में दो छात्रों की मौत की घटनाओं से सनसनी फैल गई है। दोनों छात्र एक ही गाँव चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के तेलियाडीह के रहने वाले थे। गांव में 24 घंटों के भीतर हुई दो दर्दनाक घटनाओं ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है। पहली घटना में युवक सोनू का क्षत-विक्षत शव जबरा पार्क के पास तालाब से बरामद हुआ था। इस घटना का गम अभी ताजा ही था कि अब उसी गांव के छात्र श्रवण कुमार ने हजारीबाग के धोबिया तालाब स्थित एक लॉज में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूत्रों के अनुसार, श्रवण कुमार हजारीबाग में रहकर डिफेंस की तैयारी कर रहा था और हाल ही में होली की छुट्टियां मनाकर गांव से लौटा था। मंगलवार को उसका शव लॉज में फंदे से झूलता मिला, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका :** श्रवण कुमार की मौत को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि वह आत्महत्या नहीं कर सकता। वहीं, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

**गांव में दहशत और आक्रोश :** एक ही गांव के दो छात्रों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से ग्रामीणों में आक्रोश और दहशत है। परिजन और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## विष्णुगढ़ में ढोल नगाड़ों के साथ रामभक्तों ने निकाला मंगला जुलूस



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ बासंती चैती दुर्गा मंदिर प्रांगण से मंगलवार को बासंती रामनवमी बजरंग दल द्वारा पहला मंगला जुलूस निकाला गया। जिसमे राम भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिसके साथ ही इस मंगला जुलूस से रामनवमी त्योहार का आगाज हो गया। इस मंगला जुलूस में विष्णुगढ़ के सभी अखाड़ों के पदाधिकारी एवं रामभक्त उपस्थित रहे। मंगला जुलूस बासंती रामनवमी बजरंग दल से प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए कसेरा मुहल्ला, तेली मुहल्ला, अंबेडकर चौक, अखाड़ा चौक, गोला चौक होते हुए चैती दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचकर समापन किया गया। जुलूस के दौरान राम भक्तों को उत्साह पूरे चरम पर था। सभी भक्त अपने-अपने हाथो में लाठी, भाला, बरछा, गद्दा, तलवार लेकर अनेक प्रकार का अस्त्र-शस्त्र का करतब दिखाया।साथ हीं रामभक्त ढोल नगाड़ों की धुन पर जमकर थिरकते हुए जय श्री राम,बजरंगबली की जय,हर-हर महादेव के जयकारे लगाए जिससे पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया।इस मौके पर मंगला जुलूस में मुख्य रूप से विनोद सिंह,सोबरन भगत, रविंद्र कुमार बरनवाल (दीपू भाई), गौतम भारती, लखन प्रसाद (मंडी), मुकेश विश्वकर्मा, अनूप कसेरा, प्रभाकर मिश्रा, आशीष सोनी, पवन राय, रवि सोनी, निरंजन सोनी, अशोक सिंह, राजू श्रीवास्तव, अनुभव भारती, शशि लाहकार, करण स्वर्णकार, सुनील मिश्रा, मनोज सोनी, सुजीत सोनी, हिमांशु बरनवाल, दीपक बरनवाल, विकी कसेरा समेत सैकड़ों की संख्या में रामभक्त शामिल रहे।

## हाइवा व मोटरसाइकिल के टक्कर में एक की मौत, एक अन्य घायल

**इचाक :** प्रखंड के हदारी गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बालू से भरे हाइवा ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में पोखरिया गांव निवासी बलदेव महतो के इकलौते पुत्र माइकल कुमार की मौत हो गई। उसका साथी बड़काखुर्द निवासी सोनू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना उस समय हुई, जब माइकल अपने दोस्त के साथ नानी के घर चपरख गांव जा रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे का कारण वाहन की तेज रफ्तार थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा है। घायल सोनू को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। मृतक के परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। साथ ही घटना की गहन जांच की भी मांग की है। स्थानीय लोगों ने यातायात नियमों को सख्त करने की मांग की है। पोखरिया गांव में मातम का माहौल है।

# कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वाधान में आयोजित मधुमक्खी पालन से संबंधित दो दिवसीय सेमिनार संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) के तत्वाधान में जिला उद्यान कार्यालय हजारीबाग के द्वारा नगर भवन में आयोजित मधुमक्खी पालन से संबंधित दो दिवसीय सेमिनार संपन्न हुई। सेमिनार के दूसरे दिन संयुक्त कृषि निदेशक ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मधुमक्खी पालन से संबंधित केन्द्र सरकार प्रायोजित National Beekeeping and Honey Mission (NBHM) योजनान्तर्गत नगर भवन, हजारीबाग में दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत 25 माहिलाओं का स्वंय सहायता समुह का गठन कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। लघु एवं सीमांत कृषकों की आय




को दुगुनी करना, पोषणीय एवं पार्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देना है। साथ ही किसानों के बीच मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देना एवं जागरुक्ता पैदा करना है। कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, गोरिया करमा हजारीबाग के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ निरंजन कुमार ने कहा कि मधुमक्खियों को घरों में रखकर उनसे शहद, मोम और अन्य उत्पाद आदि की प्राप्ति के लिए मधुमक्खियाँ पाली जातीं हैं। यह एक कृषि उद्योग है। मधुमक्खियां फूलों के रस को शहद में बदल देती हैं और उन्हें छत्तों में जमा करती हैं। मधुमक्खी पालन के आसपास केमिकल स्प्रे, परफ्यूम जैसे केमिकल का इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शहद ठंड के दिनों में अक्सर जम जाया करती है इसीलिए जमे हुए शहद को नकली नहीं कहा जा सकता है। मधुमक्खी पालन करके किसान अपने आमदनी के स्रोत को बढ़ा सकते हैं। कृषक शहद को बेचने के लिए ई-कॉमर्स जैसे प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर सकते हैं। सेमिनार में संयुक्त कृषि निदेशक, उ0छो0प्र0 सह- उप निदेशक, उद्यान सह जिला कृषि पदाधिकारी हजारीबाग उमेश तिर्की, उप निदेशक प्रक्षेत्र हजारीबाग संजय कु0 पाण्डेय, जिला उद्यान पदाधिकारी हजारीबाग राज कुमार साहु, सहायक निदेशक उद्यान निकिता कुमारी, सहायक निदेशक (सांख्यिकी एवं मूल्यांकन) रंधीर टोप्पो, परियोजना निदेशक आत्मा हजारीबाग, विलसन कुजुर, कुलदीप ओहदार, उपेन्द्र कु0, राजेश कु0 गुप्ता, जिला हजारीबाग के सभी प्रखण्ड के उद्यान मित्र, मधुमक्खी पालन से संबंधित किसान एवं प्रगतिशील कृषक उक्त सेमिनार में उपस्थित हुए।

## श्रम नियोजन मंत्री से मिले युवा नेता सोनू, बड़कागांव की समस्याओं से मंत्री को कराया अवगत



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड के श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव से आज युवा नेता सोनू इराकी ने मुलाकात कर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान सोनू इराकी ने क्षेत्र में बेरोजगारी, श्रमिक कल्याण, शिक्षा, सड़क, बिजली, और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने, श्रमिकों के हितों की रक्षा करने और सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की मांग की। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने इन मुद्दों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सरकार जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने श्रमिकों के कल्याण और युवाओं के रोजगार के लिए नई योजनाओं को लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। सोनू इराकी ने कहा कि वे जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास जारी रखेंगे। उन्होंने इस बैठक को सकारात्मक बताते हुए विश्वास जताया कि जल्द ही क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

## हनुमान सेना बरही हजारीबाग रोड की हुई बैठक, अध्यक्ष बने मेवालाल



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामनवमी पुजा को लेकर हजारीबाग रोड स्थित बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में हनुमान सेना बरही हजारीबाग रोड की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम ने किया। बैठक में रामनवमी पूजा की झांकी एवं सार्वजनिक मेला की तैयारी पर विस्तार रूप से चर्चा किया। बताया कि इस बार रामनवमी पूजा शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बनाई जाएगी। पूजा समिति के नवमी के दिन बजरंग बली परिसर में सार्वजनिक लगने वाली मेला में मेडिकल की टीम और टैंकर से प्याऊ पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। बरही चौक से बरहीडीह रोड तक लाइट बत्ती और झंडे आदि लगाएं जाएंगे। नौ दिन का पाठ भी किया जाएगा। जिसके बाद समिति का गठन किया गया। सर्वसहमति से राजेश केशरी उर्फ मेवालाल को अध्यक्ष पद के लिए नाम प्रस्तावित किया गया। वहीं सचिव लोकेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष रंजीत केशरी, उपाध्यक्ष अमित सिंह उर्फ छोटू, उपाध्यक्ष रंजीत केशरी, गुड्डू केशरी, राजवंशी सिंह व उप कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंह सहसचिव संतोष ठाकुर को मनोनीत किया गया। वहीं पुराने पदाधिकारियों में मुख्य संरक्षक शमशेर आलम, होरिल सिंह, प्रमोद सिंह, संतोष केशरी, विनोद केशरी, रमेश ठाकुर को बनाया गया।

# भीषण सड़क हादसा मे एक की मौत, सात गंभीर रूप से घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चौपारण :** चौपारण का दनुआ घाटी की सड़क एक बार फिर दुर्घटना के कारण खून से लाल हुई है। दनुआ घाटी में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई वहीं सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार और बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस हादसे की मुख्य वजह सड़क के निर्माण कार्य के दौरान उत्पन्न हुई समस्याएं बताई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह यह हादसा हुआ जब एक व्यक्ति अपनी बाइक से चतरा से चौपारण आ रहा था। उसी दौरान धनबाद से कुछ लोग कार में सवार होकर बिहार के औरंगाबाद जा रहे थे। तेज रफ्तार ट्रक ने अचानक इन दोनों वाहनों को टक्कर मार दी, जिसके कारण तीनों वाहनों में जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार और बाइक सवार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसका दांया पैर कट गया। हादसे के बाद आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद के लिए हाथ बढ़ाया और घायलों को दुर्घटनास्थल से निकालने की कोशिश की। पुलिस को भी सूचना दी गई। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने मौके पर पहुंचकर तत्परता दिखाते हुए अपनी गाड़ी से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण पहुंचाया ताकि उनका



इलाज तुरंत शुरू हो सके। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद कुछ घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद भेज दिया गया, जबकि अन्य घायलों को चौपारण में ही उपचार दिया जा रहा है। ट्रक चालक को गंभीर स्थिति में हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर चल रहे सिक्स लेन निर्माण कार्य के कारण यह हादसा हुआ। निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और अव्यवस्थित यातायात की समस्या उत्पन्न हो गई है। कई बार वाहन चालक इन खतरनाक परिस्थितियों का सामना करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क की स्थिति के कारण वाहन चालक अप्रत्याशित रूप से अवरोधों से टकरा जाते हैं, जिससे गंभीर हादसे हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मामले में जल्द सुधार की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

## विस्थापित परिवार के लिए स्कूल और अस्पताल चालू करें एनटीपीसी : विधायक रोशन लाल चौधरी

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव एवं केरेडारी के विस्थापित प्रभावित लोगों के लिए ज्वलंत मुद्दा पर सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंकरी बरवाडीह और चट्टी बरियातू कोल माइंस के विस्थापितों एवं प्रभावितों के लिए एनटीपीसी द्वारा आरएनआर कॉलोनी ढेंगा बड़कागांव में तीन मिडिल स्कूल, एक प्ले स्कूल और एक अस्पताल बनाया गया था। इन सुविधाओं का उद्देश्य विस्थापित परिवारों को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना था। परंतु वर्तमान स्थिति काफी चिंताजनक है। अस्पताल का उद्घाटन होने के बावजूद, एनटीपीसी ने वहां सीआईएसएफ का कार्यालय बना दिया। स्कूलों में बच्चों के बजाय, सीआईएसएफ के आवासीय क्वार्टर बना दिए गए हैं। जिसके वजह से वहां के विस्थापितों और प्रभावित के बच्चों को अब हजारीबाग या रांची जाकर पढ़ाई और इलाज कराना पड़ता है। एनटीपीसी ने आरएनआर कॉलोनी में बने 2700 क्वार्टरों में से केवल 200 क्वार्टर ही विस्थापितों को आवंटित किए। जबकि बाकी में एनटीपीसी के कर्मचारी रह रहे हैं। यह विस्थापन एवं पुनर्वास नीति का खुला उल्लंघन है। हम सदन के माध्यम से मांग करते हैं कि स्कूल और अस्पताल को कब्जा मुक्त किया जाए और इसे विस्थापितों के लिए संचालित किया जाए। विस्थापित परिवारों को आर एन आर कॉलोनी के सभी आवंटित क्वार्टरों का हक मिले। सरकार एनटीपीसी को विस्थापितों की मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने का निर्देश दे।

# कोल्हुआकला में श्री श्री 1008 महारूद्र सह शिव पुराण महायज्ञ में प्रवचन मंच का बरही विधायक ने किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के कोल्हुआकला पंचायत अंतर्गत ग्राम तिलैया बस्ती में श्री श्री 1008 महारूद्र सह शिव पुराण महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। महायज्ञ के प्रथम दिन प्रवचन मंच का उद्घाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बरही विधायक मनोज कुमार यादव को माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, एकता और सद्भाव बढ़ता है। भगवान शिव की कृपा से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे, यही हमारी कामना है। यह महायज्ञ समाज को आध्यात्मिकता की ओर ले जाने और सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का कार्य करेगा। मौके पर भाजपा जिला



उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, समाजसेवी मनीलाल यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, पंसस प्रभु यादव, उप मुखिया राजेश यादव, डीलो पासवान, पंसस प्रतिनिधि विनोद यादव, यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष राजू राम, सचिव मुकेश यादव, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण पासवान, संयोजक लक्ष्मण यादव, उपाध्यक्ष सहदेव राम, उमेश चंद्रवंशी, मनोज यादव, केदार यादव, इंजीनियर सुरेश यादव, रामदेव यादव, लक्ष्मण यादव, जसपाल यादव, शंकर यादव, नकुल राम, लक्ष्मण पासवान और सनी यादव सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। महायज्ञ के पहले दिन भव्य प्रवचन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने धार्मिक प्रवचनों का लाभ उठाया। आयोजकों के अनुसार, यह महायज्ञ ग्यारह दिनों तक चलेगा और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड सभागार बरही में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के कार्य प्रणाली में वृद्धि लाने के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला जागरूकता अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास प्राधिकारी जयपाल महतो ने किया। प्रभारी एमओ संजय यादव ने बताया कि प्रशिक्षण में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को 31 मार्च तक सभी लाभुकों के घरों तक जाकर ईकेवाईसी करवाने को कहा गया। वही अपने दुकान पर सूचना पट लगवाने को कहा गया। वही बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि 31 मार्च तक ई केवाईसी और यूआईडी सीडिंग शत प्रतिशत करवाने का लक्ष्य रखा गया है। किसी कारण वश जिनका ई केवाईसी और यूआईडी सीडिंग 31 मार्च तक नहीं होगा, वैसे कार्डधारी का नाम विलोपित करने की कार्रवाई की जाएगी। वही बताया गया कि राज्य के बाहर रहने वाले पीएचएच/ऐएवाई अंतर्गत कार्डधारी अपना एवं अपने परिवार के सभी सदस्य का नजदीकी डीलर के पास जाकर यूआईडी सीडिंग करवाएंगे। ग्रीन कार्ड धारी अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का ई केवाईसी और यूआईडी सीडिंग नजदीकी डीलर के पास राज्य में ही करवाएंगे। मौके पर जनवितरण प्रणाली डीलर संघ के अध्यक्ष डोमन पाण्डेय,



डीलर परमेश्वर प्रसाद यादव, मंटू कुमार, यशोदा देवी, परमेश्वर राम, आजाद करण सिंह, मो. जहूर अंसारी, राम लखन यादव, गोविंद साहू, दिलावर हुसैन, अर्जुन राम, अब्दुल कयूम, मुनिलाल प्रसाद, मोहम्मद इरफान अंसारी, रामचन्द्र महतो, किशोर कुमार, संतोष केशरी, नीलम देवी, सुखदेव साहू, नंदकिशोर प्रसाद, देवधारी यादव, जगदीश उरांव, शैलेश कुमार, जगरनाथ प्रसाद, लखन राम, चंद्रदेव रविदास, राजेन्द्र साव, नंदकिशोर कुमार, मुकेश कुमार राणा, अशोक हंसदा, रामकिशुन रविदास, बद्री प्रसाद यादव, छोटेलाल राम, किशोरी प्रसाद, निशांत कुमार, शमशाद आलम, कविता देवी, प्रदीप यादव, प्रमोद कुमार, नामधारी यादव आदि उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा आगामी सरहुल, ईद एवं रामनवमी पर्व को लेकर किया गया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** अजय कुमार (भा0पु0से0), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा सभी थाना / ओ0पी0 प्रभारी, पुलिस निरीक्षक एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ / पतरातू, पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित अपने कक्ष में अगामी सरहुल, ईद एवं रामनवमी पर्व को लेकर बैठक किया गया।

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया

1. सभी सम्प्रदाय के लोगो के साथ बैठक कर पर्व को शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने साथ ही सामाजिक व सांप्रदायिक सौहार्द के साथ विधि-व्यवस्था बनाये रखने की अपील करें। 2. विवादित स्थलों एवं अन्य स्थलो पर जाकर शांति समिति की बैठक करें। 3. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी की उपस्थित में थाना स्तर पर सभी समुदाय के जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्तियों एवं अखाड़ों के साथ शांति समिति की बैठक करें। 4. जुलूस के रूटों का सत्यापन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि पूर्व से चयनित रूट से ही जुलूस निकले किसी भी जुलूस या अखाड़ों के द्वारा किसी भी नये रूट का प्रयोग नहीं किया जाए। 5. सभी अखाडों के वॉलिंटियर का नाम एवं मो0 नं0 संधारित करना सुनिश्चित





करेंगे। 6. पूर्व से चिन्हित असामाजिक तत्वों एवं सांप्रदायिक काण्डों में जेल से बाहर आये अभियुक्तों की वर्तमान गतिविधि का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार 126 बी0एन0एस0एस0 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करें। 7. सभी डी0जे0 मालिक को लाउडस्पीकर एक्ट एवं आपत्तिजनक, अश्लील गाना न बजाने के संबंध में नोटिस निर्गत करें। 8. सभी आखाडों को अनुज्ञप्ति में दिये गये शर्तों के अक्षरशः अनुपालन करने हेतु निर्देशित करें। 9. किसी भी प्रकार के तथ्यहीन, भ्रामक, गलत सूचना/फोटो/विडियो एवं धर्म पर आपित्तजनक टिप्पणी सोशल मिडिया पर शेयर करने से बचें एवं किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान न दें के संबंध में जानकारी दें। 10. किसी भी अप्रिय घटना या असामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना अविलम्ब पुलिस को दें के संबंध में अनुरोध करें। 11. अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। अंत में बैठक में पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा सभी थाना/ओ0पी0 प्रभारी को सीमावर्ती जिले हजारीबाग एवं कोडरमा में हुये ए0टी0एम0 मशीन कटिंग की घटना को लेकर सर्तक रहने एवं रात्री में गस्त कर बैंक एवं ए0टी0एम0 पर निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## कौशल विकास योजना से ट्रेनिंग प्राप्त लड़की तमिलनाडु में बंधक के सकुशल वापसी हेतु जेएलकेएम रामगढ़ टीम उपायुक्त से मिला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के केंद्रीय संगठन महासचिव रवि महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार,युवा मोर्चा संगठन महामंत्री कुलदीप कुमार तथा ओरला पंचायत सचिव विक्रांत कुमार के अथक प्रयास से तमिलनाडु में फंसे बच्ची के सकुशल वापसी हेतु उपायुक्त रामगढ़,पुलिस अधीक्षक रामगढ़, श्रम अधीक्षक रामगढ़, कुजू ओपी को संज्ञान में देकर आवश्यक कार्यवाही हेतु आग्रह की गई! रामगढ़ उपायुक्त ने आश्वासन दिया की बहुत जल्द बच्ची को सकुशल वापस कर लिया जायेगा माइग्रेंट सेल को सूचित कर दिया गया है और सेल के द्वारा टीम गठित कर आज शाम को रवाना होगी! तमिलनाडु के रेस्क्यू टीम से




संपर्क कर जल्द सकुशल वापसी की पहल की जा रही है ! रवि महतो ने कहा कि ओरला निवासी रेखा देवी पति स्वर्गीय धनेश्वर नायक की पुत्री खुशबू कुमारी कौशल विकास योजना से ट्रेनिंग प्राप्त के बाद काम करने तमिलनाडु गई थी ! तमिलनाडु में ही उसे बंधक बना दिया गया है, तथा उसे घर आने नहीं दिया जा रहा है !वह बच्ची घर आना चाहती है लेकिन विनोथ कुमार नामक व्यक्ति स्थान तिरुपुर स्टेशन , तियी कोटापुर ने बहला फुसला कर लगभग सालभर से अपने कब्जे में रखकर बच्ची के साथ जबरन बंधक बना कर रखे हुए है! मौके पर रवि महतो, रमेश कुमार महतो, कुलदीप महतो, विकरांत चौधरी, विशाल नायक भोला करमाली, रेखा देवी, संतोषी देवी दीपा देवी, हिना देवी, ललिता देवी ,चंपा देवी के अलावा दर्जनों लोग शामिल थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यो की समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को रामगढ़ जिला अंतर्गत अलग-अलग क्षेत्र में संचालित कारखानों का नियमित रूप से जांच करते हुए प्रदूषण नियंत्रण मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने एवं जिन कारखानो द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मानकों का



अनुपालन नहीं किया जा रहा है उन पर कार्रवाई करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा को रामगढ़ जिला अंतर्गत संचालित सभी कारखानों के सीटीओ एवं सीटीई संबंधित प्रतिवेदन संलग्न कर सोमवार तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदूषण मॉनिटरिंग उपकरणों को स्थापित करने, बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन आदि के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## 10 वाँ सरना झंडागाढ़ी कार्यक्रम किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ जिला में ग्राम बारलौग में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा 10 वाँ सरना झंडागाढ़ी कार्यक्रम किया गया द्य पूजा राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के संरक्षक राजेश पहान के द्वारा सहयोगी पाहनों के साथ पारंपरिक रीति रिवाज से किया गया द्य साथ ही गांव की खुशहाली सुरक्षा और समृद्धि के लिए कामना की द्य और सब कोई संकल्प लिया की जल, जंगल व जमीन बचाने की जरूरत हैद्य मौके पर संरक्षक राजेश पहान, शुक्रमुनी मुंडा, भुवनेश्वर बेदिया, सुदेश उरांव , लोहा पहान, रूपलाल मुंडा, आरती ,बबीता ,गुंजन ,इंद्रजीत, जनवरी ,किरण, मिथिलेश , नागेश्वर आदि कोई शामिल ।

## विधायक ममता देवी ने झारखंड विधानसभा में शून्यकाल के दौरान उठाई मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** कुंदरूकला पंचायत में प्रस्तावित सामुदायिक भवन के निर्माण को लेकर रामगढ़ विधायक ममता देवी ने झारखंड विधानसभा में शून्यकाल के दौरान सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मांग की कि यह भवन वर्तमान में प्रस्तावित स्थल (दामोदर नदी के किनारे) पर ना बनाकर पंचायत भवन कुंदरूकला के बगल में बनाया जाए, ताकि स्थानीय जनता को भविष्य में हर प्रकार की सुविधा होगी विधायक ममता देवी ने कहा कि यदि सामुदायिक भवन को पंचायत भवन के समीप बनाया जाता है, तो यह अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक होगा। उन्होंने इस मुद्दे पर लोकप्रिय मांग और जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों से शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया। साथ उप विकास आयुक्त के द्वारा स्थल बदलाव के लिए रामगढ़ अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया है।

## दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष ने झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त सचिव से की शिष्टाचार भेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त सचिव राकेश कुमार पाण्डेय से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सुधीर मंगलेश ने आम जनता के प्रति पुलिस की कार्यशैली को सादगी और सरल बनाने पर विशेष चर्चा हुआ, ताकि पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग का माहौल बना रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं को समझकर उन्हें संवेदनशीलता के साथ समाधान प्रदान करना भी होना चाहिए।

## परसाडीह गाँव में बाहा पर्व के शुभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** गोला प्रखंड अंतर्गत हेसापोड़ा पंचायत के परसाडीह गाँव में बाहा पर्व के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो और सरना स्थल में पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की।इस बाहा पर्व कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने संथाल समुदाय के लोगों को कहा की बाहा परब प्रकृति और समुदाय के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है, हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपरा हमें प्रकृति का सम्मान और उसका संरक्षण करना सिखाती है।अभिमान है हमें हमारी महान विरासत पर।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** बुधवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए। वर्तमान में घाटी में लगाई गई लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने हर हाल में घाटी में लगाई गई लाइटों का नियमित रूप से कार्य



करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु साइन बोर्ड लगाने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा घाटी में ओवर स्पीडिंग पर रोक लगाने, घाटी में हाई मास्ट लाइट लगाने, सीसीटीवी कैमरे, वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलने व अवैध परिवहन पर लगाम लगाने हेतु समय-समय पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिए ।बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से जिले के सभी क्षेत्रों में सभी थाना प्रभारी को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। ताकि लोगों में जागरूकता फैले और वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें जिससे हो रही दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। इन सबके अलावा बैठक के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों/ अधिकारियों, एनएचएआई के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यो का उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य को पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के



द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई की रामगढ़ जिला अंतर्गत पैंकी एवं सिरका बालू घाट के संचालन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है जिस पर उपायुक्त के द्वारा प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को बालू घाट के संचालन हेतु सीटीओ व सीटीई संबंधित आवेदन का निराकरण जल्द से जल्द करने एवं बालू घाट का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## महिला मुखिया के घर पर हमले से नाराज मुखिया संघ ने एसडीपीओ को ज्ञापन सौंपा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** डूमरकुंडा दक्षिण पंचायत के मुखिया संगीता पासवान के घर पर नूतन ग्राम के एक दर्जन लोगों द्वारा हमला करने एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करने तथा पुलिस से शिकायत के बावजूद उल्टे चिरकुंडा पुलिस द्वारा डूमरकुंडा दक्षिण पंचायत के मुखिया पति अजय पासवान पर ही प्राथमिकी दर्ज किए जाने से नाराज होकर एग्यारकुण्ड प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष काकुली मुखर्जी के नेतृत्व में मुखिया प्रतिनिधियों ने मंगलवार को मैथन स्थित एसडीपीओ कार्यालय पहुंचे और एक ज्ञापन एसडीपीओ को सौंपा जिसमें कहा गया कि 14 मार्च को दोपहर 1ः00 बजे नूतन ग्राम के एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने डूमरकुंडा दक्षिण पंचायत के मुखिया संगीता पासवान के घर पर हमला किया और उल्टे पुलिस द्वारा मुखिया पति अजय पासवान पर ही प्राथमिकी दर्ज किया है। मुखिया संघ की ओर से मांग किया गया कि एसडीपीओ खुद घटना की जांच करें और न्याय उचित कार्रवाई करें। ज्ञापन की कॉपी डीजीपी, आईजी बोकारो, एस एस पी धनबाद एवं ग्रामीण एसपी को भी भेजा गया है।

## मोटापे के खिलाफ लड़ाई- संडेज ऑन साइकिल का आयोजन 23 मार्च को



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फिट इंडिया साइक्लोथॉन, मोटापे के खिलाफ लड़ाई, संडेज ऑन साइकिल की सफल आयोजन हेतु यूनियन क्लब धनबाद में एक बैठक हुई। 23 मार्च रविवार प्रातः 8ः00 बजे इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद सांसद ढुल्लू महतो हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम गोल्फ ग्राउंड रणधीर वर्मा स्टेडियम से प्रारंभ होते हुए कंबाइंड बिल्डिंग पूजा टॉकीज, डीआरएम बिल्डिंग चौक, कोर्ट मोड़, रणधीर वर्मा चौक, हटिया मोड़ होते हुए गोल्फ ग्राउंड रणधीर वर्मा स्टेडियम में समाप्त होगी। सभी पार्टिसिपेंट 23 मार्च प्रातः 7ः00 बजे तक रणधीर वर्मा स्टेडियम में अपना उपस्थिति दर्ज कराएंगे। पेफी इंडिया गर्वनिंग बॉडी मेंबर रेजा इश्तियाक की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई। जिसमें पेफी झारखंड के सचिव आलोक चौधरी, पेफी धनबाद के अध्यक्ष मृदुल बोस, सचिव कुणाल सिंह, सदस्य विद्युत कुमार दत्ता, हेमंत कुमार, महिपाल आदि उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने दिनांक 19 मार्च 2025 को राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का त्रै-मासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, वहां की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रखरखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह एवं त्रै-मासिक वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। साथ हीं जांच प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को भेजा जाता है। इस अवसर पर मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा एवं अन्य संबंधित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## नगर निगम ने कचहरी रोड से डीआरएम चौक तक हटाया अतिक्रमण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद शहर में सड़क किनारे



अतिक्रमण कर दुकानदारी करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने मंगलवार को अभियान चलाया। कचहरी रोड रोड से डीआरएम चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चला कर सड़क किनारे फुटपाथ पर लगी दुकानों व ठेला खोमचा वालों को हटाया गया। साथ ही फुटपाथ पर स्थाई शेड लगा कर गुमटी व दुकान चलाने वालों को जल्द हटने का निर्देश दिया गया।अभियान का नेतृत्व कर रहे नगर निगम के इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि धनबाद शहरी क्षेत्र में सड़क किनारे लग रही दुकानों से जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इससे निजात दिलाने के लिए निगम लगातार अभियान चला रहा है। नगर आयुक्त के निर्देश पर रणधीर वर्मा चौक से लेकर डीआरएम चौक तक अभियान चला कर अवैध दुकानों को हटाने के साथ ही दुकानदारों को हिदायत भी दी गयी है। हीरापुर पार्क मार्केट समेत अन्य क्षेत्रों में भी अभियान चलाया जायेगा।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिए खुली निविदाएँ**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :

**क्रम. सं. 1, ई.निविदा संख्या : ईएल/40/खुली/2024–25, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** (अ) पहाड़पुर–धनबाद मंडल के पहाड़पुर डिपो में ओएचई डिपो और टॉवर वैगन शेड का विस्तार और उन्नयन से संबंधित वैद्युतिक कार्य (ब) धनबाद मंडल में विभिन्न पंप हाउसों पर एपीएफसी पैनल का प्रावधान। (कार्य समापन अवधि : नौ माह), **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 22,73,718.21, **बिड सिक्युरिटी :** रू. 44,700.00

**क्रम. सं. 2, ई.निविदा संख्या : ईएल/41/खुली/2024–25, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** (अ) एडीईएन/2/गोमो के तहत चंद्रपुरा में स्टेशन और कॉलोनी में जलापूर्ति का प्रावधान (ब) आरपीएसएफ 10वीं बटालियन धनबाद के सुधार से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (कार्य समापन अवधि : नौ माह), **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 17,69,482.96, **बिड सिक्युरिटी :** रू. 35,400.00

**क्रम. सं. 3, ई.निविदा संख्या : ईएल/42/खुली/2024–25, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** धनबाद और पतरातू में रेलवे अस्पतालों के विभिन्न वार्डों में संबद्ध कार्यों के साथ ऊर्जा कुशल वीआरएफ एयर कंडीशनर का प्रावधान। (कार्य समापन अवधि : नौ माह), **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 50,67,192.77, **बिड सिक्युरिटी :** रू. 1,01,400.00

**ई निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** ई निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 11.04.2025 को 11:00 बजे **एवं ई निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** ई निविदा खुलने की तिथि दिनांक 11.04.2025 को 11.30 बजे के बाद।

**वेवसाईट का विवरण :** वेबसाइट **ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/2308/डीएचएन/ईजीईएन/टी/24–25/56

# हर बूथ में नियुक्त करें एजेंट, शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने के लिए करें प्रेरित : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को हर मतदान केंद्र में बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने, मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की अच्छे से जांच कर लेने और यदि किसी मतदाता का नाम छूट गया हो तो उसे प्रशासन के संज्ञान में लाने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने कहा कि यह भी सुनिश्चित करें कि स्पेशल समरी रिवीजन (एस.एस.आर.) के तहत 18 वर्ष के होने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़ जाए। वहीं मतदाता सूची से नाम हटाने में सतर्क रहें। युवा मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने तथा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। प्रपत्र 6, 7, 8 की जानकारी रखें। सभी बीएलओ के पास पर्याप्त मात्रा में विभिन्न प्रपत्र उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बूथ बदलने, बिल्डिंग की स्थिति, मतदान केंद्र में कम वोटिंग प्रतिशत, नए वोटर कार्ड का डिस्ट्रीब्यूशन, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर इत्यादि से संबंधित कोई भी शंका, शिकायत या सुझाव लिखित रूप में प्रशासन को दें। प्रशासन द्वारा उसका समाधान कर लिया जाएगा। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने सुझाव दिए। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, डीएसओ प्रदीप कुमार शुक्ला के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुकेश कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र त्रिवेदी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अरविंद कुमार सैनी, आजसू के रतीलाल महतो, आम आदमी पार्टी के नीतीश कुमार गुप्ता व राजेश कुमार, बहुजन समाज पार्टी के अभय कुमार, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदीप पाल, सीपीएम के हरे कृष्णा निषाद मौजूद थे।

## जनता श्रमिक संघ असंगठित मजदूर के बैनर तले जीतपुर कोलियरी के कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने मैनेजमेंट एवं अधिकारी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जनता श्रमिक संघ असंगठित मजदूर के बैनर तले जीतपुर कोलियरी के कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने सेल के मैनेजमेंट एवं अधिकारी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। अपनी मांगो को लेकर जम कर नारेबाजी की कोलियरी बंद होने के बाद मजदूर काफी आक्रोशित दिख रहे थे। पीएफ पेंशन का हिसाब देना होगा, खदान के अन्दर खाली जगह को स्टोरिंग करना होगा, जीतपुर कोलियरी का बैरियर कमजोर कैसे हो गया इसकी जांच करनी होगी, जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी एक भी सामान नहीं उठेगा जैसे नोरो से जीतपुर कोलियरी गूंज रहा था। जनता श्रमिक संघ असंगठित मजदूर के शाखा सचिव टोकनाथ तिवारी ने कहा की कोलियरी बंद होने के बाद अब सामान उठाने का टेंडर पास हो गया है लेकिन एक भी सामान खदान के अन्दर से उठाने नहीं दिया जायेगा। जब तक सभी मजदूरों को पीएफ पेंशन का बकाया भुगतान नहीं हो जाता। पीएफ पेंशन में बहुत बड़ा घोटला हुआ है। इसी कारण से आज तक ऑनलाइन नहीं किया गया है। 14, 16,17,18 सिम का कोयला निकाल लिया गया लेकिन खाली जगह को नहीं भरा गया है। अगर खाली जगह को नहीं भरा जायेगा तो भुधसान का खतरा बना रहेगा। सेल हमारी उपजाऊ भूमि को बर्बाद करना चाहती है। मोके पर रविन्द्र कुमार गोप, उमेश महतो, केदार भुइंया, यादव कर्मकार, हलधर रवानी, बिट्टू सिंह, नरेश यादव, दुर्गा प्रसाद महतो, गौतम तिवारी, महेश तिवारी, अरविन्द कुमार, लखन पासवान आदि मौजूद थे।

## जयरामपुर कोलियरी प्रबंधन और सीआईएसएफ के द्वारा संयुक्त रूप से अवैध उत्खनन स्थल पर की गई छापामारी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**झरिया :** अलकडीहा ओपी क्षेत्र के जयरामपुर ऑटो गैरेज के समीप जयरामपुर कोलियरी प्रबंधन और सीआईएसएफ द्वारा संयुक्त रूप से अवैध उत्खनन स्थल पर छापामारी की गई। के दौरान अवैध उत्खनन स्थल के मुहाने की भराई कराई गई। लेकिन इस धंधे में लगे कोई भी पकड़ में नहीं आया। मुहाने की भराई होने से कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रबंधन का कहना है कि किसी हाल में अवैध उत्खनन नहीं चलने देंगे। लेकिन इस कार्रवाई में अलकडीहा पुलिस नहीं दिखी। बताते हैं कि सीआईएसफ को गुप्त सूचना मिली थी कि जयरामपुर एरिया ऑटो गैरेज के समीप अवैध मुहाना खोला गया है जिसमें से लोग घुसकर कोयले की कटाई करते हैं और वहां से निकाले गए कोयले को बोरों में भरकर स्कूटर और बाइक के माध्यम से पारबाद के एक भट्ठे में भेजा जाता है। इस कार्य में दर्जनों की संख्या में बाइक और स्कूटर लगे हुए हैं जो रात दिन कोयले की ढुलाई करते नजर आते हैं। इसके अलावे सेठ कोठी के जोगन कोचा में भी अवैध उत्खनन का धंधा जोर-जोर से चल रहा है। सुरूंगा और पहाड़ी गोड़ा में बार-बार अवैध उत्खनन स्थल की भराई होती है लेकिन फिर से मुहाना खोल दिया जाता है। आज भी बड़े पैमाने पर इन दोनों जगह में अवैध उत्खनन हो रहा है। इसके अलावे साउथ तीसरा रेलवे लाइन के समीप 6 नंबर एवं 9 नंबर साइडिंग से निकलने वाली रैक से कोयला उतारने का काम किया जाता है। इन सारे स्थान से कोयला अलक डीहा ओपी क्षेत्र के एक भट्ठे में गिराया जा रहा है और रात के समय ट्रक के माध्यम से बाहर भेजने का काम किया जा रहा है।जहां भी सूचना मिलती है छापामारी की जाती है। छापामारी में जयरामपुर कोलियरी के ऊपर प्रबंधक भास्कर सिन्हा, एस मंडल तथा सीआईएसएफ की कयूआरटी पार्टी शामिल थी। अवैध उत्खनन किसी हाल में चलने नहीं देंगे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–61/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–26.03.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–27.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–27.03.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, छोटानागपुर भवन अंचल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, राँची। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
7. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Digital Room at RINPAS Ranchi for the Year-2024-25 | 24,35,500.00 | 49,000.00 | 5000.00 | 3 Months |

8. निविदा की शर्तें **prdjharkhand.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है ।

विश्वासभाजन
**कार्यपालक अभियंता**
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0 राँची।

PR 348746 (Building) 24-25 (D)

JAP-IT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
**(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand) Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand**
**Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com**

**NOTICE INVITING TENDER**
**e-Tender Ref No.: JAP-IT/JHSECURE-1/2025**

Invitation of online bid through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders.gov.in/ for **Procurement of Supply, Installation & Support for High End Server (02), End Point Protection Unit Rate (8,000 Users), Smart LED TV 65" Inch (02) for JAP-IT, Ranchi Jharkhand.**
The invitation of bid is open to all SI/SP who fulfilling the eligibility criteria as mentioned in this Request of Proposal (RFP) document and the bidder must also agree to terms and conditions mentioned under the RFP. Bidders are advised to study the RFP document and Terms & Conditions carefully and completely.

**Tender Schedule**

| S. No. | Basic Requirement | Specific Requirement |
|---|---|---|
| 1. | Tender Ref No. | **JAP-IT/JHSECURE -1/2025** |
| 2. | Name of the Work | Procurement of Supply, Installation & Support for High End Server (02), End Point Protection Unit Rate (8,000 Users), Smart LED TV 65" Inch (02) for JAP-IT, Ranchi Jharkhand |
| 3. | Name & address of the issuer of this tender | The CEO,JAP-IT Ground Floor, Engineers hostel 1,Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi-834004. Tel: 0651-401044 Email: ceo.japit@jharkhandmail.gov.in |
| 4. | Date of download of tender document | 18-03-2025 at 6:00 P.M. |
| 5. | Date for sending Query to ceo.japit@jharkhandmail.gov.in | 24-03-2025 at 02:00 P.M. |
| 6 | Pre-Bid Query Meeting | 25-03-2025 at 02:00 P.M. |
| 7. | Start Date for Submission of Bids online | 28-03-2025 at 05:00 P.M. |
| 8. | Last Date for Submission of Bids online | 09-04-2025 up to 3:00 P.M. |
| 9. | Date of Opening of Pre-qualification & Technical Bid | 11-04-2025 at 3:30 P.M. |
| 10 | Date of Commercial Bid opening | To be announced later |
| 10. | Cost of Tender Document | Rs. **10,000**/- (Rs. Ten Thousand only) online as per Jharkhand e-Procurement portal |
| 11. | Earnest Money Deposit (EMD) | **Rs. 20,00,000/-** (Twenty Lakh Only) online as per Jharkhand e-Procurement portal rule. |
| 12. | Validity of Proposal | The validity of the bid will be **two** years, and an order may be placed for items under the RFP as per requirements. |

- The online generated receipt of the Tender cost and EMD must be submitted with online bid documents.
- EMD amount will be refunded to bidder through on-line mode in the same bank account through which on-line EMD payment have been made during the tendering process.
- Bids shall be submitted online through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders.gov.in
- JAP-IT will not be responsible for delay in online submission due to any reason. For this, bidder is requested to upload the complete bid well advance in time so as to avoid last hour technical issues like slow speed; choking of web site due to heavy load or any other unforeseen problems/technical glitch.
- The Authority reserves the right to accept/reject any or all the tender(s) received without assigning any reason thereof.

**Sd/-Officer on Special Duty, JAP-IT, Ranchi**

PR 348716 (Information Technology)24-25*D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा।
(निर्वाचन शाखा)

**मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन की सूचना**

नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2025 के निमित तैयार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन नगर परिषद कार्यालय, सिमडेगा एवं सभी 20 वार्डों से संबंधित मतदान केन्द्रों में दिनांक 10.03.2025 को किया जाता है। इन सभी स्थलों पर दिनांक 10.03.2025 से 20.03.2025 तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) पूर्वाहन् 11:00 बजे से अपराहन् 05:00 बजे तक मतदाताओं के निरीक्षण हेतु मतदाता सूची का प्रारूप उपलब्ध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तो उक्त स्थल पर दिनांक 11.03.2025 से 20.03.2025 तक प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक/बी0एल0ओ को प्रपत्र– 'क' एवं प्रपत्र 'ख' में अपना दावा/आपत्ति लिखकर प्रस्तुत कर सकेगा, जिसके लिए उसे विहित प्रपत्र में पावती रसीद दी जायेगी। प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक/बी0एल0ओ0 की सूची निम्नवत है :–

| क | वार्ड संख्या | मतदान केन्द्र संख्या | स्थान का नाम जहाँ मतदाता सूची (प्रारूप ) रखी गई है। | प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक/बी0एल0ओ0 का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1–20 | कुल –37 | नगर परिषद कार्यालय, सिमडेगा | 1. अर्पण इन्दवार, नगर प्रबंधक, नगर परिषद, सिमडेगा। मो0 6200261799 2. आकाश डेविड सिंह, नगर प्रबंधक, नगर परिषद, सिमडेगा। मो0 9635295623 |
| 2 | 1 | 01/1 | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोतरा मैनाबेड़ा (उतरी भाग) | कथरिना खलखो, बी0एल0ओ0 |
| 3 | 1 | 01/2 | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोतरा मैनाबेड़ा (दक्षिणी भाग) | अनिमा बा:, बी0एल0ओ0 |
| 4 | 2 | 02/1 | सामुदायिक भवन, ढेबरग्राम | खीतमुक्ति बाड़ा, बी0एल0ओ0 |
| 5 | 2 | 02/2 | सामुदायिक भवन–सह–वार्ड विकास केन्द्र, ढेबरग्राम | खीतमुक्ति बाड़ा, बी0एल0ओ0 |
| 6 | 3 | 03/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र, कुबीटोली | कुमुदनी कुल्लू, बी0एल0ओ0 |
| 7 | 3 | 03/2 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, भूडूटोली | पुनीता तिर्की, बी0एल0ओ0 |
| 8 | 4 | 04/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र, बरटोली | सिबरिया कुल्लू, बी0एल0ओ0 |
| 9 | 4 | 04/2 | आंगनबाड़ी केन्द्र, मुण्डाटोली | धीरज कुमार सिंह, बी0एल0ओ0 |
| 10 | 5 | 05/1 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सलडेगा | सरस्वती देवी, बी0एल0ओ0 |
| 11 | 5 | 05/2 | सामुदायिक भवन, देवीगुड़ी महल्ला | ललिता देवी, बी0एल0ओ0 |
| 12 | 6 | 06/1 | सिमडेगा क्लब, सिमडेगा | रजनी देवी, बी0एल0ओ0 |
| 13 | 6 | 06/2 | महिला महाविद्यालय, सलडेगा | सरस्वती देवी, बी0एल0ओ0 |
| 14 | 7 | 07/1 | सामुदायिक भवन–सह–वार्ड विकास केन्द्र, कुंजनगर | चन्द्रकान्त ठाकुर, बी0एल0ओ0 |
| 15 | 7 | 07/2 | आंगनबाड़ी केन्द्र, कुंजनगर | खिस्तकिलानी टोप्पो, बी0एल0ओ0 |
| 16 | 8 | 08/1 | राजकीय मध्य विद्यालय, ठाकुरटोली (उतरी भाग) | उमेश बड़ाईक, बी0एल0ओ0 |
| 17 | 8 | 08/2 | राजकीय मध्य विद्यालय, ठाकुरटोली (दक्षिणी भाग) | मंजु ग्रेस हेवर्ड नाग, बी0एल0ओ0 |
| 18 | 9 | 09/1 | संत अन्ना प्राथमिक विद्यालय, सामटोली (दक्षिणी भाग) | मरिया गोरेती कुजूर, बी0एल0ओ0 |
| 19 | 9 | 09/2 | संत अन्ना प्राथमिक विद्यालय, सामटोली (उत्तरी भाग) | सुषमा किड़ो, बी0एल0ओ0 |
| 20 | 10 | 10/1 | सामुदायिक भवन, पुरनापानी | गीता देवी, बी0एल0ओ0 |
| 21 | 11 | 11/1 | राज्य सम्पोषित बालक उच्च विद्यालय, सिमडेगा (उतरी भाग) | बेर्नदित खलखो, बी0एल0ओ0 |
| 22 | 11 | 11/2 | राज्य सम्पोषित बालक उच्च विद्यालय, सिमडेगा (दक्षिणी भाग) | सफिरा आईद, बी0एल0ओ0 |
| 23 | 12 | 12/1 | सामुदायिक भवन, नीचेबाजार | पूनम देवी, बी0एल0ओ0 |
| 24 | 12 | 12/2 | सामुदायिक भवन, बाजारटोली | मधु माधुरी बाड़ा, बी0एल0ओ0 |
| 25 | 13 | 13/1 | राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, हरिपुर | रिंकी कुमारी, बी0एल0ओ0 |
| 26 | 14 | 14/1 | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, घोचोटोली (पूर्वी भाग) | कोर्दुला लकड़ा, बी0एल0ओ0 |
| 27 | 14 | 14/2 | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, घोचोटोली (दक्षिणी भाग) | लक्ष्मण दास, बी0एल0ओ0 |
| 28 | 15 | 15/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र, भट्ठीटोली | निखत परवीन, बी0एल0ओ0 |
| 29 | 15 | 15/2 | आंगनबाड़ी केन्द्र, ईदगाह मुहल्ला | मुसर्रत परवीन, बी0एल0ओ0 |
| 30 | 16 | 16/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र, खिजरी | अनिता मरफी डुंगडुंग, बी0एल0ओ0 |
| 31 | 17 | 17/1 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खिजरी (पश्चिमी भाग) | मंजुलता देवी, बी0एल0ओ0 |
| 32 | 17 | 17/2 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खिजरी (दक्षिणी भाग) | मंजुलता देवी, बी0एल0ओ0 |
| 33 | 18 | 18/1 | सामुदायिक भवन, डुमरटोली | रेशमा लीना मिंज, बी0एल0ओ0 |
| 34 | 18 | 18/2 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, टांगराटोली | शबनम खातुन, बी0एल0ओ0 |
| 35 | 19 | 19/1 | राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, भट्ठीटोली (पश्चिमी भाग) | मुन्नी केरकेट्टा, बी0एल0ओ0 |
| 36 | 19 | 19/2 | राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, भट्ठीटोली (पूर्वी भाग) | रवि रंजन गुप्ता, बी0एल0ओ0 |
| 37 | 20 | 20/1 | राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, खैरनटोली (पश्चिमी भाग) | अंजुम परवीन, बी0एल0ओ0 |
| 38 | 20 | 20/2 | राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, खैरनटोली (पूर्वी भाग) | नोमिता डुंगडुंग, बी0एल0ओ0 |

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका), सिमडेगा।

PR 348788 (Simdega) 24-25 (D)

# सिमडेगा उपायुक्त ने मणिपुर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की स्टेट टीम के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मणिपुर की राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की टीम का दो दिवसीय एक्सपोसर विजिट के दौरान आज दूसरे दिन में समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में जेंडर रिसोर्स सेंटर से संबंधित सभी विभागों सहित मणिपुर की टीम के साथ खुली चर्चा का आयोजन किया गया। बैठक में जेंडर रिसोर्स सेंटर के कार्यकलापों, विधि व्यवस्था, जेंडर रिसोर्स सेंटर में जिला स्तरीय पदाधिकारी का योगदान आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से पुलिस अधीक्षक सौरभ के द्वारा बताया गया कि सभी प्रखंडों में कम्युनिटी पुलिस का गठन किया गया है जिन्हें निर्देश दिया गया है की प्रत्येक माह संकुल स्तरीय संगठन की बैठक में भाग लेते हुए स्थानीय स्तर पर साइबर क्राइम, नशापान के रोकथाम, घरेलू हिंसा, डायन कुप्रथा आदि विषयों पर चर्चा, समाधान एवं लोगो को जागरूक करने का भी कार्य जेएसएलपीएस के सहयोग किया जा रहा है। बैठक में जेंडर रिसोर्स सेंटर से सम्बद्ध विभागों के प्रतिनिधि में समाज कल्याण विभाग, बाल संरक्षण विभाग, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना एवं डालसा के प्रतिनिधि सहित जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री शांति मार्डी की उपस्थिति में मणिपुर की टीम को जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्देश्य, लक्ष्य, महिला सशक्तिकरण एवं लिंग आधारित हिंसा के समाधान हेतु किये जा रहे प्रयासों को विस्तार पूर्वक समझाया गया साथ ही दोनों राज्यों के एनआरएलएम कार्यक्रमों के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान करना। विगत दिन ठेठईटांगर टांगर प्रखंड के जेंडर रिसोर्स सेंटर में अब तक के कुल दर्ज केस की संख्या 127 बताई गई, जिसमें सलाहकार समिति से समन्वय बनाते हुए कुल 96 केस का निष्पादन किया जा चुका है शेष 31 केस थाना में दर्ज किए गए हैं जिनका निष्पादन किया जा रहा है। उपायुक्त महोदय के द्वारा यह बताया गया कि जेंडर रिसोर्स सेंटर से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा प्रत्येक माह बैठक के दौरान की जाएगी। बैठक में डीपीएम जेएसएलपीएस सुश्री शांति मार्डि, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सुरज मुन्नी कुमारी, बाल कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सुमित्रा बड़ाइक, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक, दिये आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रसव पूर्व जांच (एएनसी), प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, टीबी रोग, कुष्ठ रोग, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की गई और विभिन्न निर्देश चिकित्सा पदाधिकारियों को दिये गये कम उपलब्धि वाले प्रखण्डों को उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया गया। संस्थागत प्रसव के पश्चात् बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग व उनका पूर्ण टीकाकरण का निर्देश दिया गया। जो बच्चे छूट गये हैं उनकी पहचान कर इम्युनाइजेशन का निर्देश दिया गया। टीबी की पहचान के लिए स्पुटम जांच दर बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जिला में कुष्ठ रोगियों की जांच व उनका इलाज का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी व जिला स्वास्थ्य समिति की टीम उपस्थित थी।

## पुलिस ने छापेमारी कर 25 केजी डोडा किया जप्त, 2 गिरफ्तार



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के किस्को थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नशे कारोबारी की फिर से कमर तोड़ी है। मामला किस्को थाना क्षेत्र के सलैया गंझू टोली में अवैध रूप से अफीम की खेती कर रहे लोगो पर किस्को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार पाखर पंचायत के सलैया में करीब आधे एकड़ में अफीम की खेती की गयी थी। जिसकी गुप्त सूचना किस्को पुलिस को मिली और स्थल पर दूसरे दिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही रातों-रात अफीम को खेत से डोडा पोस्ता काट कर आग लगाकर नष्ट कर दिया गया था।यहां किस्को थाना प्रभारी सुमन मिंज एवं एसएसबी के इंस्पेक्टर मनीष चौबे की अगुवाई में सलैया गंझू टोली निवासी रुपेश गंझू पिता चैतू गंझू के घर से छापेमारी में करीब 20 से 25 केजी पोस्ता डोडा बरामद किया गया है साथ ही नष्ट किये स्थान से पोस्ता का नष्ट अवशेष बरामद किया गया है। इसके अलावा गिरफ्तार आरोपियों ने पोस्ता से चीरा लगाकर तरल पदार्थ निकाल कर चंदवा में बेचने की बात स्वीकारी की है। मौके पर तरल पदार्थ निकालने वाले गिलास भी बरामद किया गया है।जिसके साथ ही इस मामले में पति पत्नी रूपेश नगेसिया व सीमा कुमारी को अफीम की खेती के अवैध कारोबार के मामले पर गिरफ्तार किया गया है।इसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है मौके पर अंचल अधिकारी अजय कुमार, थाना प्रभारी सुमन मिंज, इंस्पेक्टर मनीष चौबे समेत पुलिस बल के अन्य जवान, अंचल कर्मी व अन्य लोग मौजूद थे।

# पशुपालन योजना का लाभ उठायें किसान : राजकिशोर राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के प्रांगण में महिलाओं के बीच मुर्गी चूजा का वितरण किया गया। उसी निमित बुधवार को झारखण्ड सरकार के पशुपालन विभाग की ओर से मुर्गी, बतख, गाय, बकरी पालन योजना के तहत जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष की मौजूदगी में दो महिलाओं के बीच 500-500 मुर्गी चूजा का वितरण किया गया। साथ ही मुर्गी पालन करने के लिये चूजा के साथ निःशुल्क दवा, ड्रिंकर, फीडर और तीन तरह का दाना भी दिया गया। वही जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम ने महिलाओं और किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी लोग पशुपालन योजना का लाभ उठायें झारखण्ड सरकार ग्रामीण क्षेत्र के किसानों का आय व्रद्धि के उद्देश्य से अनेकों तरह की महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है। जिसमें गाय, बकरी, मुर्गी, बतख पालन कर पशुपालन योजना के मध्य से किसानों का आय में वृद्धि हो और ग्रामीण किसान समृद्ध बने और साथ ही सरकार द्वारा संचालित अन्य विकास योजनाओं का लाभ लेने के लिये महिलाओं और किसानों से अपील किया गया। वही प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत अन्तर्गत डांडू निवासी सुनील उरांव की पत्नी सुखमनीया उरांव और मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बलिराम कच्छप की पत्नी ज्योति कच्छप के बीच मुर्गी चूजा का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह, भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# पारम्परिक डोल मेला उल्लास के साथ हुआ संपन्न, नागपूरी भक्ति संगीत में रातभर झूमे दर्शक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 18 मार्च मंगलवार को पारम्परिक डोल मेला कैरो मुख्यालय भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन हो गया। सर्वप्रथम सायं काल में भगवान राधाकृष्ण की पुजा अर्चना विधिवत रुप से पुरोहित कौशल कान्त त्रिपाठी के द्वारा करायी गई। विदित है कि चैत्र मास के पंचमी तिथि को ठीक होली के बाद डोल मेला आयोजन की परम्परा वर्षो से चली आ रही है। इस अवसर पर मेला अयोजन समिति की और से महाबीर म्युज़िकल ग्रुप गुमला के द्वारा भक्ति संगीत कार्यक्रम भी आयोजित की गई थी। भक्ति संगीत कार्यक्रम को कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री छन्दा भट्टाचार्य, कैरो थाना के सब-इंस्पेक्टर मनोज कुमार गुप्ता, पुर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, मुखिया वीरेंद्र महली एवं आयोजन समिति के पदधारियों के द्वारा सामुहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों के द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति से रात झूमे दर्शक। कार्यक्रम के निमित प्रखंड से दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति एवं थाना के सुरक्षा बल की तैनाती भी कार्यक्रम स्थल पर की गई थी। मौके पर आयोजन समिति के गौतम साहू, अंकित कुमार सोनी, पंकज कुमार, शैलेश कुमार, अनमोल साहू, उमेश कुमार साहू, कृष्णा साहू, अंकित कुमार, विष्णू साहू इत्यादि आयोजन समिति के सदस्य कार्यक्रम स्थल पर उपास्थित थे।

## बिजली ऊर्जा चोरी मामले में पन्द्रह नामजद व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली ऊर्जा चोरी मामले में सहायक बिजली अभियन्ता के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चला गया। जिसमे बुधवार को थाना क्षेत्र के बदला,गोबरसेला और सेन्हा सहित अन्य गांवों में छापेमारी अभियान चला कर 15 नामजद लोगों पर बिजली विभाग के सहायक अभियंता अजू कच्छप के आवेदन पर बिजली ऊर्जा चोरी मामले पर सनहा दर्ज किया गया। वही छापेमारी अभियान में बदला निवासी स्व.सीताराम रवानी का पुत्र लखन रवानी, रिंकू उरांव की पत्नी बसंती देवी और गोबरसेला निवासी रंथु उरांव का पुत्र बहादुर उरांव, स्व.माड़ो उरांव का पुत्र शिवदेव उरांव, हरिनंदन महतो का पुत्र विजय महतो, तेतरा मुंडा का पुत्र बंधन मुंडा, बंसरी निवासी जयमसीह कुजूर का पुत्र मरकस कुजूर, स्व.अल्लाउदीन अंसारी का पुत्र फिरोज अंसारी, सेन्हा निवासी स्व.देवी प्रसाद साहु का पुत्र भोला प्रसाद साहु, स्व.बंधना उरांव का पुत्र प्रमोद उरांव, जुगल उरांव का पुत्र करमचंद उरांव, स्व.अंगनु उरांव का पुत्र शिवशंकर उरांव, स्व.उचवा मुंडा का पुत्र झलकु मुंडा और स्व.शिवपूजन महतो का पुत्र रविंदर महतो के विरुद्ध सेन्हा थाना में 19 मार्च को सेन्हा थाना कांड संख्या 34/25 भारतीय विद्युत अभिनियम 135,137 के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर करवाई किया जा रहा है। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजली ऊर्जा चोरी मामले में सहायक विद्युत अभियंता अजु कच्छप का लिखित आवेदन के आधार पर 15 नामजद के विरुद्ध सनहा दर्ज कर नियम संगत कानूनी करवाई किया जा रहा है। मौके पर छापेमारी दल में अलख पुजारी, फिरोज अख्तर, सारणी पुरुष, शिवशंकर उरांव, भोला प्रसाद, करमचंद उरांव समेत विद्युत विभाग के अन्य कर्मी शामिल थे।

## सिमडेगा कॉलेज में गांधी फेलोशिप ओरिएंटेशन का आयोजन, छात्रों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा में पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से गांधी फेलोशिप ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. देवराज प्रसाद एवं शिक्षकों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस ओरिएंटेशन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गांधी फेलोशिप के अवसरों, उसके लाभों और चयन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करना था, जिससे युवा सामाजिक बदलाव में सक्रिय भूमिका निभा सकें और अपनी नेतृत्व क्षमता विकसित कर सकें। कार्यक्रम का संचालन गांधी फेलो अंशुमान कुमार और रितेश मिश्रा द्वारा किया गया, जिन्होंने फेलोशिप की चयन प्रक्रिया, कार्यक्षेत्र, लाभ और समाज पर इसके प्रभाव को विस्तार से चर्चा की। इस दौरान छात्रों को यह भी बताया गया कि यह फेलोशिप कैसे उन्हें व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से सशक्त बना सकती है। कार्यक्रम में शामिल छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और फेलोशिप से जुड़े अपने सवाल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने इस अवसर को महत्वपूर्ण बताते हुए समाज सेवा में अपनी भूमिका को लेकर चर्चा की।

### संत जोसेफ की तरह धैर्यवान, आज्ञाकारी और समझदार बनें : जोसिमा खाखा

# संत जोसेफ पर्व के मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सभी पिताओं को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पुराना सामटोली स्थित गोरेटो के पास सन्त जोसेफ पर्व को आबा पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया गया। मौके पर संत अन्ना महागिरजाघर के पुरोहित फा एडमोन बाड़ा की अगुवाई में मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थी। उन्होंने मुहल्ले के सभी पिताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जबकि मुहल्ले के बुजुर्ग महिलाओं को भी सम्मानित किया। सभी पिताओं को सन्त जोसेफ की तरह आदर्श पिता बनने की अपील की। जोसिमा खाखा ने कहा कि सभी लोग संत जोसेफ की तरह ईश्वर की इच्छा का पालन करें। भले ही वह कठिन या समझ में न आए। अपने परिवार को प्रेम और सुरक्षा प्रदान करें। अपने बच्चों को जीवन के लिए तैयार करें। उनकी तरह धैर्यवान, आज्ञाकारी और समझदार बनें। अपने काम को महत्व दें और निरंतर प्रार्थना करें। जोसिमा खाखा ने कहा कि संत जोसेफ की तरह आदर्श पिता बनने का मतलब है, ईश्वर की इच्छा का पालन करना। परिवार को प्रेम और सुरक्षा प्रदान करना और बच्चों को जीवन के लिए तैयार करना है। जोसिमा ने कहा कि संत जोसेफ ने हमेशा ईश्वर की इच्छा का पालन किया। उन्होंने मरियम और यीशु को प्रेम और सुरक्षा प्रदान की और उन्हें हर तरह से सहारा दिया। उन्होंने कहा कि संत जोसेफ येशु को जीवन के लिए तैयार किया। उसे ज्ञान और कौशल सिखाए। उसे ईश्वर के प्रति समर्पित किया। संत जोसेफ हमेशा धैर्यवान और समझदार रहे और उन्होंने मरियम और यीशु के साथ हर तरह से सहयोग किया। जोसिमा ने कहा कि संत जोसेफ आज्ञाकारी थे और उन्होंने हमेशा ईश्वर की इच्छा का पालन किया। मौके पर उप प्रमुख सिलबेस्टर बाघवार, विधायक प्रतिनिधि प्रो शीतल एक्का, कांग्रेस सदर प्रखंड अध्यक्ष नवीन बीरेन तिर्की, जोसेफा कुजूर, पूर्व वार्ड पार्षद अगाथा तिर्की, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, शोभेन तिग्गा, सुनील, शशिकला बेक, प्रेमा मिंज, बिनीता कुजूर, सुनील खेस, ओपोलिना किंडो, अनिमा तिर्की, उषा खलखो, प्रफुल्ल बेक, गुलाब खलखो, रीना मिंज, अल्बर्टीना टिर्की, एर्नेस्ट, अनिमा मिंज, अनिमा खेस, अनिमा एक्का सहित पंच प्रचारक आदि उपस्थित थे।

## हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन, समय-समय पर छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य जांच जरूरी : अलीरजा अंसारी



**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अवस्थित पीएमश्री. रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी में आज हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। सीबीएन हॉस्पीटल उत्तका, कैरो के संचालक उजज्वल कुमार, डॉ. राकेश रंजन, एएनएम राजमुनी कुमारी, किरण उरांव ने विद्यालय के बच्चों का ओरल हेल्थ, हाईट, वेट, बीपी, आई साईट, ऑक्सीजन लेवल,पल्स रेट, जेनरल हेल्थ, इत्यादि की जांच की और जरूरी सुझाव दिए। मौके पर विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहा कि बालक अवस्था और किशोरवस्था बच्चों के बढ़ने की आयु होती है। इस उम्र में बच्चों के स्वास्थ के प्रति जागरूक रहना और उनका ध्यान रखा जाना जरूरी है। इसलिए विद्यालय में समय-समय पर बच्चों की स्वास्थ्य जांच कराई जाती है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक ज्याउल हक अंसारी, प्रमेश कुमार सिंह, आदित्य कुमार वैद्य, संजय उरांव, खुशमारेन मर्शिला तिर्की, मोनिका उरांव, सरिता टोप्पो, समीना खातून, फूलमनी उरांव, चांदो तिर्की, विद्यालय प्र. समिति के अध्यक्ष कंचन राम मौजूद थे।

# मारवाड़ी समाज के महिला एवं पुरुषों ने अपने रीति रिवाज के साथ धूमधाम से की शीतला माता की पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मारवाड़ी समाज के महिला एवं पुरुषों ने अपने रीति रिवाज के साथ धूमधाम से शीतला माता की पूजा की। समाज की महिलाएं और पुरुषों ने सुबह-सुबह ही ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर (गुदरी बाजार) में माता शीतला की पूजा अर्चना की और उन्हें एक दिन पूर्व बने अनेक व्यंजनों के ठंडे प्रसाद से भोग लगाये,और इस दिन मारवाड़ी समाज के लोग पूरे दिन भर घर पर एक दिन पूर्व के बने वासी ठंडे भोजन ही करते हैं घर पर चूल्हा तक नहीं जलाते,मान्यता है कि शीतला अष्टमी होली के सातवें दिन मनाई जाती है इस दिन शीतला मां का आशीर्वाद पाने के लिए पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया जाता है। आज इसे बसियौरा लोक पर्व से भी जाना जाता है,शीतला माता के पास अद्भुत शक्तियां है जिससे कि सभी प्रकारों के त्वचा रोगों से बचाती है और गर्मी से होने वाले सभी बीमारियों के साथ-साथ नेत्र की रोशनी को भी बचाती है, यह पर्व मारवाड़ राजस्थान में अपने रीति रिवाज के साथ काफी धूमधाम से मनाया जाता है। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने शीतला पूजा की सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता शीतला सभी के रोग को हर ले, जिससे कि रोग मुक्त होते हुए सभी स्वस्थ एवं सुखी रहे। पूजा अर्चना करने वालों में, दीपक सर्राफ, सरोज सर्राफ, चांदमल पोद्दार, निशांत सराफ, निधि पोद्दार, मंजुला केडिया, अंजलि सर्राफ, मीनू राजगढ़िया, सीमा केडिया, आकांक्षा सर्राफ, अमर पोद्दार, दीपा पोद्दार, नीतू पोद्दार, प्रतीक पोद्दार, मीणा बांका, नेहा पोद्दार, मंजू मोदी, सीमा पोद्दार, नेहा राजगढ़िया, रश्मि अग्रवाल, नीलू शर्मा, दीप्ति शर्मा, सत्यम सर्राफ, विनायक केडिया अतुल सर्राफ, प्राची केडिया, परी राजगढ़िया, सन्नू शर्मा के अलावा समाज के काफी महिलाएं-पुरुष-बच्चे आदि लोगो ने शीतला माता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त की।

# सांसद, विधायक व मंत्रियों से मिलकर सौंपा जायेगा 11 सूत्री मांग पत्र, मुख्यमंत्री से वार्ता कराने के लिये करेंगे आग्रह : अमर किन्डो

➲ एकजुट होकर झारखण्डी पहचान एवं अस्तित्व को बचाने की जरूरत : विशेषण भगत

➲ समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलनकारियों में एकजुटता जरूरी : बिहारी भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड आन्दोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय मैदान में जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने अध्यक्षता करते हुए कहा कि केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो के निर्देशानुसार शीघ्र ही झारखंड के सभी सांसद, विधायक व मंत्रियों से मिलकर हमारी 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री से वार्ता कराने के लिए आग्रह किया जाएगा, ताकि आंदोलनकारियों की मांगों और समस्याओं का सामाधन हो सके। कहा कि राज्य निर्माताओं की पहचान सम्मान एवं व्यवस्थाओं का लाभ देने में सरकार अभी भी विफल है। आंदोलनकारियों ने झारखंड सरकार को कई बार 11 सूत्री मांग पत्र दिया है, जिस पर सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है। जनप्रतिनिधियों द्वारा इस पर संज्ञान में लेते हुए जल्द वार्ता कराएंगे, अन्यथा झारखंड सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन होगा। सचिव विशेषण भगत ने कहा कि हमारे शहीदों एवं पूर्वजों और पुरखों ने झारखण्ड की पहचान एवं झारखण्ड की आदिवासी, मूलवासी समुदाय के अधिकारों के लिये लगातार संघर्ष करते रहे हैं। लंबे संघर्ष के बाद राज्य का गठन हुआ। जिसके बुनियाद में जल-जंगल-जमीन, भाषा, संस्कृति, परंपरा व महान जीवन प्रणाली की रक्षा अर्न्तनिहित थी। एकजुट होकर झारखण्डी पहचान एवं अस्तित्व के खिलाफ रची जा रही राजिश को नाकाम करने की जरूरत है। बिहारी भगत ने कहा कि आदिवासियों, मूलवासियों के अस्तित्व इसलिए खतरे में हैं, क्योंकि इनकी रक्षा के लिये बनी तमाम कानून व अधिनियम ठण्डे बस्ते में डाल दिये गये हैं। एकजूट होकर राज्य के अस्तित्व को बचाने की आवश्यकता है। विलियम कुजूर ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलनकारियों में एकजुटता जरूरी है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि हेमंत सरकार द्वारा झारखंड आंदोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए मान-सम्मान, नियोजन,पेंशन और हक अधिकार देने के लिए पहलकदमी नहीं की गई है। संबोधित करने वालों में बालोमनी बाखला, सुखदेव उरांव आदि शामिल थे। बैठक में मनोज उराँव, रामधनी भगत, जगदीश उरांव, सूरज मोहन लकड़ा, प्रमेश्वर उरांव, शुशिला लकड़ा, गंगा उराँव, उषा रानी लकड़ा, लक्ष्मी देवी, तारा मिंज आदि समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी मौजूद थे। मंच संचालन जिला जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन बालोमनी बखला ने किया। इससे पूर्व सभी के द्वारा केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की गई। सर्व सहमति से आगामी बैठक 23 अप्रैल को करने का निर्णय लिया गया।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र



## चलते चलते एक नजर

### जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन 25 मार्च को

**बलरामपुर :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। इस श्रृंखला का जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम 25 मार्च को नोडल संस्था शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में सरगुजा, जशपुर और बलरामपुर तीन जिलों के 101 प्रतिभागी भाग लेंगे। भारत सरकार ने शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर को नोडल संस्था के रूप में चिन्हित किया है।संस्था के नोडल प्राचार्य एनके देवांगन ने बताया कि, वर्ष 2047 के विकसित भारत विजन में युवाओं के सक्रिय योगदान को ध्यान में रखते हुए यह मंच युवाओं को दिया जा रहा है, ताकि वे देश के विकास पर अपने विचार प्रकट कर सकें। चयनित प्रतिभागियों को राज्य की विधानसभा और देश की संसद में विकसित भारत विजन 2047 पर बोलने का अवसर प्राप्त होगा।प्रतियोगिता का तृतीय चरण जिला स्तरीय पर 25 मार्च को सुबह 09.30 बजे से बलरामपुर शासकीय महाविद्यालय के संयोजकत्व में बाजारपारा स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। बलरामपुर, सरगुजा एवं जशपुर जिले के प्रतिभागियों द्वारा 26 फरवरी से 16 मार्च तक अपलोड किए गए वीडियो स्क्रीनिंग के पश्चात 101 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। चयनित प्रतिभागियों को ''एक देश एक चुनाव'' विकसित भारत की ओर बढ़ता कदम विषय पर 3 मिनट तक अपने विचार प्रस्तुत करने होंगे। निर्णायक मंडल द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर श्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों को चयनित किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय (राज्य विधानसभा) प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे।

### अस्पताल की नई इमारत जून तक बनेगी : पवार

**मुंबई :** ठाणे जिला सिविल हॉस्पिटल की नई इमारत का शुभारंभ जून में होने की संभावना है। ठाणे जिला सिविल अस्पताल के सर्जन डॉ कैलाश पवार ने आज यह बताया कि ठाणे के सिविल अस्पताल की नई इमारत में सभी आधुनिक मशीनों से लैस होंगी जिसमे सीटी स्कैन,एम आर आई,पेट स्कैन,आदि सभी सुविधाएं होंगी।उल्लेखनीय है कि ठाणे सिविल अस्पताल की नई इमारत वर्तमान में फिर से बनाई जा रही है इसलिए ठाणे जिला सिविल अस्पताल को फिलहाल ठाणे के वागले इस्टेट में लालबहादुर शास्त्री मार्ग पर स्थित राज्य के मानसिक चिकित्सा अस्पताल परिसर में स्थानांतर किया गया है।आज इस मौके पर जिला सिविल अस्पताल के प्रमुख चिकित्सक डॉ पवार ने बताया कि निर्मित को जा रही नई इमारत का लगभग 75प्रतिशत कम पूरा हो चुका है।सुविधाओं की दृष्टि से यह राज्य का सबसे बेहतर सिविल अस्पताल हो सकता है।इसमें 500 बेड सामान्य मरीजों के लिए उपलब्ध होंगे।इस तरह सभी श्रेणियों में कुल 900बेड तक यहां उपलब्ध कराए जा सकते हैं।ठाणे जिला सिविल अस्पताल में निर्माण के बाद लगभग 100चिकित्सक अपने सेवा देंगे। इसके अलावा अस्पताल का 1500स्वास्थ्य कर्मियों का यहां स्टाफ होगा।इसमें कैंसर के मरीजों को केमो थेरेपी के साथ साथ महिलाओं के लिए मैमोग्राफी पुरुषों के लिए प्रोस्टेट ब्लड टेस्ट ,पेट स्कैन को भी सुविधा के साथ विशाल आपरेशन थियेटर भी होंगे ।

## श्रीरामनवमी पूजा महासमिति जनरल पुर्नगठित, रोहित बने अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** श्रीरामनवमी पूजा महासमिति जनरल के अध्यक्ष उमेश कश्यप के अध्यक्षता में मेलोडी मंडप छठ घाट में बैठक संपन्न हुयी। बैठक में पूजा समिति का पुर्नगठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से रोहित कुमार उर्फ छोटू को अध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में श्रीरामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने तथा नए सत्र के संस्था का पुनर्गठन एवं पिछले वर्ष के आय ब्यय पर चर्चा किया गया। बैठक में महासमिति के पदाधिकारी, अखाड़ा के पदाधिकारी आदि ने अपनी बात रखी। पुर्नगठित समिति में रोहित




कुमार को अध्यक्ष के अतिरिक्त महामंत्री राजकुमार गुप्ता उर्फ मंटू, पिंटू कुमार उर्फ ओला, कोषाध्यक्ष विवेक सिन्हा, उप कोषाध्यक्ष शुभम् गुप्ता, उपाध्यक्ष मनोज महतो, राहुल डिसुजा, विशाल गुप्ता, दीनदयाल पासवान, अविनाश पासवान, मंत्री गौतम गुप्ता, विशाल गुप्ता, सूर्य प्रकाश सिंह, पवन सोनी, संगठन मंत्री निशांत कश्यप, मीडिया प्रभारी लकी मधेशिया, अभिषेक कश्यप, संरक्षक विनोद कमलापूरी, राजकुमार मधेशिया, रवींद्र जायसवाल, विजय केसरी, दीपक तिवारी, अनु दुबे, उमेश कश्यप, दौलत सोनी, मनीष गुप्ता, मनीष कमलापुरी, पंकज केशरी, मनीष केशरी के नाम शामिल हैं।

## एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक



एजेंसी

**कटिहार :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में बुधवार एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय ने की। बैठक में जिले के सभी 34 मंडल अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक के दौरान एलडब्ल्यूसी मैदान में आगामी 23 मार्च को होने वाले एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। जिला अध्यक्ष मनोज राय ने नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया और उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंदा अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में सभी मंडल अध्यक्षों को सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को पहुंचाने के लिए कहा गया।सम्मेलन में बिहार एनडीए के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के माध्यम से एनडीए कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और उन्हें आगामी चुनावों के लिए तैयार करने का प्रयास किया जाएगा।

## राजस संघ द्वारा जनजाति क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का सुचारू संचालन : विकास मंत्री

एजेंसी

**जयपुर :** जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजस संघ के माध्यम से जनजाति कल्याण की विभिन्न योजनाओं का सुचारू संचालन किया जा रहा है।जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस संघ के उद्देश्यों को पूरा करने के राज्य सरकार संवेदनशील होकर काम कर रही है।

इससे पहले विधायक डॉ. दयाराम परमार के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने बताया कि जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अधीन राजस्थान जनजाति क्षेत्रीय विकास सहकारी संघ लि. उदयपुर (राजससंघ) संचालित है।

आदिवासियों के विकास एवं कल्याण हेतु सहकारी अधिनियम 1965 के अधीन शीर्ष संस्था के रूप में 27 मार्च 1976 को रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ, राज. जयपुर से पंजीकृत कराकर राजससंघ की स्थापना की गयी है। उन्होंने बताया कि जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा समय-समय पर आवंटित 4 विभिन्न जनजाति कल्याण की योजनाएं राजससंघ द्वारा संचालित की जा रही हैं। राजससंघ उदयपुर में एक अधिकारी व 16 कर्मचारी कार्यरत हैं, इनमें से 4 कर्मचारी जनजाति वर्ग के हैं। उन्होंने वर्तमान में संचालित योजनाओं एवं कार्यरत कार्मिकों का विवरण सदन के पटल पर रखा।

### पर्यावरणविद ने कलश यात्रा व पोती के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

## कन्या व जल के संग्रह बिना नहीं बचेगी सृष्टि : डॉ कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के छतरपुर अनुमंडल के चिरु पंचायत के फार्म मैदान में आयोजित नौ कुण्डली शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के कलश यात्रा और अपनी पोती आद्रिका जायसवाल के जन्मदिन समारोह में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कलश यात्रियों के बीच पर्यावरण धर्म के संकल्प के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और कटहल का पौधा दान व कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पर्यावरणविद ने अपने पुत्र प्रो अरुण कुमार जायसवाल की पुत्री आद्रिका जायसवाल के साथ में उनके



जन्मदिन पर आकाश बाग में रुद्राक्ष का पौधा लगाकर कहा कि यज्ञ पूजा और पौधा रोपण से प्रदूषण से मुक्ति मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह साधु संत धर्म व सृष्टि को बचाने के लिए यज्ञ हवन करते है ठीक उसी प्रकार वे अपने जीवन मे देश ही नहीं विदेशों में भी पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण कर प्रदूषण से धरती और ब्रह्मांड को बचाने के लिए प्रयासरत हैं। दोनों कार्य में काफी एकरूपता है। उन्होंने कहा कि नवरात्र में कन्या पूजन किया जाता है परंतु पर्यावरण धर्म में कोई भी शुभ कार्य में कन्या पूजन व पौधा लगाने और दान करने का विधान है ।जल यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में हरिद्वार से आए आचार्यों रमेश दुबे , यज्ञ प्रभारी डॉ बीके यादव, कोषाध्यक्ष रूप नारायण सिंह, मुखिया पति प्रमोद यादव, मुखिया सोनामती सचिन पांडेय, नवडिहा मुखिया आलोक यादव, पूर्व मुखिया सुरेंद्र यादव, निरंजन यादव, विनोद यादव, रंजीत सिंह, मोहन सिंह,डाली पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे। वहीं आद्रिका जायसवाल के जन्मदिन पर शामिल लोगों में उनकी दादी सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, पिता प्रो अरुण कुमार जायसवाल, मां कोमल जायसवाल, फूफा रोहित जायसवाल, बुआ कुमारी ज्योति जायसवाल भैया अंकुर जायसवाल,दीदी आराध्या जायसवाल, मिट्ठू सिंह, पिंकी सिंह, हेम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, परमानंद मंडल, रीना सिंह, रिमझिम सिंह, अजीत मिश्रा, गुड़िया सिंह, राहुल सिंह,रामू, छोटू, संतोष समेत नानी मामा मामी मौसी मौसा भैया दीदी ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है।

### गढ़वा जिला संयोजक मंडली की बैठक संपन्न

## नया जिला कमिटी का प्रस्ताव पारित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा:** जिले में संगठन को मजबूती देने और सदस्यता अभियान की समीक्षा करने के उद्देश्य से जिला संयोजक मंडली की बैठक मंगलवार को कल्याणपुर स्थित पूर्व मंत्री के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मंत्री एवं प्रमुख संयोजक मिथिलेश कुमार ठाकुर, भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, ताहिर अंसारी समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में जिले में चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। निर्देश दिया गया कि सदस्यता रसीदों को जल्द से जल्द जिला कार्यालय में जमा कराया जाए। साथ ही निर्णय लिया गया कि जो बूथ एवं पंचायत कमिटियां अभी तक नहीं बनी हैं, उनका जल्द से जल्द गठन एवं पूर्ण गठन किया जाए और उनकी पंजी तैयार कर कार्यालय में जमा की जाए। संगठन को और अधिक



सशक्त बनाने के लिए बैठक में जिला कमिटी के विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों के नामों का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष शंभु राम, सचिव मो. शरीफ अंसारी, कोषाध्यक्ष चंदन जायसवाल, उपाध्यक्ष श्रवण सिंह खरवार के नाम शामिल हैं। बैठक में मौजूद सभी वरिष्ठ सदस्यों और संयोजकों ने इन प्रस्तावों को एकमत से स्वीकार किया। अब इन नामों को अनुमोदन के लिए केंद्रीय कार्यालय भेजा जाएगा जहां केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा इन्हें मनोनीत की चिट्ठी प्रदान की जाएगी। बताया गया कि केन्द्रीय कार्यालय से मुहर लगने के बाद जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि संगठन को और अधिक मजबूत और सक्रिय बनाया जाए। सभी नेताओं ने आपसी एकता बनाए रखने और संगठन के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। बैठक में संयोजक प्रमुख तनवीर आलम खां, धीरज दुबे, मनोज ठाकुर, जवाहर पासवान, मेदिनी खान, परेश तिवारी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कठुआ :** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बैनर तले समाज कल्याण विभाग कठुआ ने सरकारी महिला डिग्री कॉलेज कठुआ के सहयोग से महिलाओं को उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए सशक्त बनाना विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया है। 2 दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को सभी प्रकार के उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होने के लिए जागरूक करना और सशक्त बनाना है। कार्यशाला के पहले दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 150 छात्र-छात्राएं शामिल हुई। कुल 30 प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण और महिला अधिकारों के महत्व के संदेश देने वाले पोस्टर डिजाइन करने में अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। पोस्टरों में महिलाओं की ताकत, समाज के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका और महिलाओं की सुरक्षा और समानता सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता जैसे विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला गया।

## राज्यमंत्री ने किया ग्रेटर नोएडा में हाईटेक परिषदीय विद्यालय का लोकार्पण

एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा :** योगी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव ला रही है। मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के मथुरापुर दादरी में हाईटेक और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित प्राथमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों का अभूतपूर्व कायाकल्प किया जा रहा है।

उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि अगर देश को विकसित बनाना है तो विद्यालयों को आधुनिक और अत्याधुनिक



सुविधाओं से लैस करना होगा, क्योंकि भारत के भविष्य का रास्ता इन्हीं विद्यालयों से होकर गुजरता है। इस अवसर पर पूर्व की सरकारों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक ऐसे विद्यालयों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। पहले स्कूलों की स्थिति बहुत खराब थी। पढ़ाने के लिए ब्लैकबोर्ड नहीं होते थे, बच्चों के बैठने के लिए सीट नहीं थी, छत से पानी टपकता था। लेकिन अब प्रदेश में ऐसा कोई विद्यालय नहीं है, जहां मूलभूत सुविधाएं न हों। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन कायाकल्प' के जरिए सरकार यूपी के स्कूलों का कायाकल्प कर रही है। प्रदेश के 1 लाख 30 हजार परिषदीय विद्यालयों में 1 करोड़ 57 लाख से अधिक बच्चों को अत्याधुनिक शिक्षा दी जा रही है। इन विद्यालयों में कुल 19 पैरामीटर पर कार्य किया गया है, जिनमें से 97 प्रतिशत लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं।

## भरे जाएंगे डॉक्टरों और नर्स के खाली पद : स्वास्थ्य मंत्री



एजेंसी

**गांधीनगर :** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बुधवार को विधानसभा में बताया कि राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में डॉक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ उपलब्ध कराने के लिए सरकार के प्रयास जारी हैं। राज्य में अब डाक्टरों की कमी पूरी तरह से दूर कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य संस्थाओं के लिए वर्ग-2 के 1921 और स्टाफ नर्स वर्ग-3 के 1903 पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। पैरा मेडिकल वर्ग-3 के खाली पदों को भरने के लिए 10 वर्षीय भर्ती कलेंडर में शामिल कर पदों के मांग पत्र भेजने की प्रक्रिया भी जारी है। गुजरात विधानसभा में बुधवार को स्वास्थ्य केन्द्रों में मंजूर पदों की तुलना में खाली और भरे गए पदों के बारे में सवाल पूछा गया। इसका जवाब देने के दौरान मंत्री ने बताया कि विशेषज्ञ वर्ग-1 के अलग-अलग 12 कैडर के कुल 1146 पदों को भरने के लिए जीपीएससी में मांग पत्र भेजा गया है। जिनमें से पीडियाट्रिशियन और डेंटल सर्जन के सिवाय सभी कैडर में प्राथमिक चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इन्टरव्यू के बाद चयन प्रक्रिया पूर्ण होने पर उम्मीदवारों को खाली जगहों पर नियुक्ति दी जाएगी। सरकारी मेडिकल कॉलेज से पीजी करने वाले उम्मीदवारों को नियुक्ति दी जाएगी। जिसके लिए फिलहाल 435 विशेषज्ञों की सूची उपलब्ध है और उनकी नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। स्वास्थ्य आयुक्त कार्यालय द्वारा प्रतिदिन वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से 11 माह की संविदा नियुक्ति दी जाती है। सीपीएस हुए लगभग 98 अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन्हें एक साल के लिए नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है। वर्ग-2 के बारे में मंत्री ने बताया कि कुल 1921 जगहों को भरने के लिए जीपीएससी के जरिए 21 नवंबर, 2024 और 8 जनवरी, 2025 को विज्ञापन जारी किया गया है।

### हाईकोर्ट ने सरकार से की प्रगति रिपोर्ट तलब


**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने बनभूलपुरा हिंसा के दौरान गोली लगने से हुई फईम की मौत की जांच को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह मामले की प्रगति रिपोर्ट पेश करे।मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। याचिकाकर्ता परवेज, जो मृतक फईम का भाई है, ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल ने पुलिस को 6 मई 2024 को निर्देश दिए थे कि मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इसकी जांच करें। उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें, लेकिन आज तक पुलिस ने इसकी जांच नही की।

याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से सीबीआई से जांच कराने व परिवार को सुरक्षा दिलाने की मांग की थी। याचिका में कहा कि 8 फरवरी 2024 को बनभूलपुरा हिंसा के दौरान फईम की गोली लगने से मौत हो गई थी।

## जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को मिला राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

एजेंसी

**जयपुर :** नगरीय विकास, राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को विधान सभा में कहा कि जयपुर शहर के स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यों में किसी अधिकारी विशेष के प्रति शिकायत प्राप्त होने पर राज्य सरकार उच्च स्तरीय जांच कर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करेगी।शून्य काल के दौरान नगरीय विकास, राज्य मंत्री ने सदन के सदस्य बालमुकुंदाचार्य द्वारा ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाए गए प्रश्न पर जवाब देते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी का उद्देश्य भारतीय शहरों को स्मार्ट सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस संदर्भ में शिकायतों की जांच के लिए उन्होंने कहा कि आईआईटी रुड़की और एमएनआईटी जयपुर के अलावा राज्य सरकार के पास तकनीकी रूप से उच्च स्तरीय जांच एजेंसी नहीं है। फिर भी राज्य सरकार ने सार्वजनिक



निर्माण विभाग को निर्देश दिए है कि जयपुर स्थित चौगान स्टेडियम तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय के निर्माण की तकनीकी जांच कर रिपोर्ट दे। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में कमी आने पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

साथ ही, जयपुर शहर में ड्रेनेज सिस्टम बनाने का प्रस्ताव भी डिजास्टर मैनेजमेंट विभाग के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजा गया है।खर्रा ने कहा कि जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा सभी स्मार्ट मिशन कार्यों की तकनीकी अधिकारियों, तकनीकी सलाहकार तथा संस्था के विशेषज्ञ अभियंताओं द्वारा गुणवतापूर्वक तकनीकी मापदण्डो के अनुसार जांच करवाई जाती है। साथ ही, इन निर्माण कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी. एमएनआईटी जयपुर एवं अन्य एनएबीएल स्वीकृत प्रयोगशालाओं से जांच कराये जाने के बाद ही नियमानुसार भुगतान किया जाता है।नगरीय विकास, राज्य मंत्री ने कहा कि जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुये जन उपयोगी कार्य पूर्ण किये गये है जिनमें से कई कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया गया है।